नई दिल्ली, गुरुवार 9 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-9/10 ■ वर्ष : 30, अंक : 81 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 32, न्यून. 18 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




» अमेरिका ने ईरान के 80 ठिकानों पर किए ताबड़तोड़ हमले

» जवाब में 85 स्थानों पर टूट पड़े ईरान के खतरनाक ड्रोन

## अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिन का युद्धविराम 21 दिन में ही टूट गया

# 'युद्धविराम' के बीच फिर भड़का 'युद्ध'

तेहरान में अमेरिका के हमले के बाद धुएं का गुबार

### हमले का असर

**शेयर मार्केट** 78000 अंक गिरा

**क्रूड ऑयल** 74.50 डॉलर प्रति बैरल पर

**ब्रेंट क्रूड** 78.35 डॉलर प्रति बैरल पर

### दोनों देशों के हमले के पीछे तर्क

**अमेरिका** तेल टैंकरों पर हुए हमले के बदले जवाबी कार्रवाई की

**ईरान** राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लीजिए, अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिन का युद्धविराम 21 दिन में ही टूट गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान से अब कोई बात, कोई समझौता नहीं होगा। अमेरिका ने ईरान पर ताबड़तोड़ 80 ठिकानों पर हमले कर दिए। ईरान ने भी पूरी ताकत के साथ अमेरिका के 85 ठिकानों पर हमले कर दिए। दोनों तरफ से जारी हमले का परिणाम ये है कि जहां शेयर मार्केट गिरा वहीं तेल की कीमतों में भी उछाल आ गया। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई ईरान द्वारा अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में निर्दोष नागरिकों वाले कमर्शियल जहाजों और तेल टैंकरों को निशाना बनाने के जवाब में की जा रही है। ईरान ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तीन टैंकरों को निशाना बनाकर उन पर हमला किया जिसकी वजह से एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा- अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए जरूरी कोई भी कदम उठाएगा।

### ईरान के इन ठिकानों पर हुए हमले

इन हमलों में ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, तटीय निगरानी प्रणाली, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च पैड्स को निशाना बनाया गया है। दक्षिणी ईरान के सिरीक, केशम और बंदर अब्बास जैसे प्रमुख बंदरगाह शहरों में तेज धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं।



यूएस सैन्य ठिकाने पर हमला

### ईरान का अमेरिका पर भयानक पलटवार

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बहरीन और कुवैत सहित खाड़ी देशों में स्थित कम से कम 85 अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भीषण मिसाइल हमले किए हैं। इस जवाबी कार्रवाई में बहरीन स्थित अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और कुवैत का अली अल-सलेम एयर बेस मुख्य निशाना बने। ईरान ने दक्षिणी हिस्से में एक अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को भी मार गिराने का दावा किया है।

### 60 दिनों के लिए बिना शुल्क खोला था होर्मुज

बीते माह यानी जून में दोनों देशों के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन के बाद तनाव कम होने लगा था और हॉर्मुज़ जलमार्ग को 60 दिनों के लिए बिना शुल्क खोल दिया गया था, जिससे तेल की कीमतें सामान्य हो रही थीं। हालांकि, इस नए घटनाक्रम ने बाजार को फिर से अनिश्चितता में धकेल दिया है।

### 35 हजार के ड्रोन के लिए 40 लाख डॉलर की मिसाइल खर्च

35 हजार डॉलर के ईरानी ड्रोन व हमलों को रोकने के लिए अमेरिका 40 लाख डॉलर की महंगी मिसाइलें दाग रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, इस लड़ाई में अमेरिका सैन्य अभियान पर करीब 113 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। शुरुआती छह दिनों में ही रोजाना का खर्च 1.88 अरब डॉलर था, जो बाद में करीब 1 अरब डॉलर प्रतिदिन रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसमें कुल आर्थिक बोझ जोड़ा जाए, तो यह आंकड़ा 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### नीटः अब 1 नहीं 6 दिन तक लगातार चलेंगे पेपर



**नई दिल्ली।** नीट-यूजी की तैयारी करने वाले बच्चों और उनके माता-पिता के लिए यह खबर बहुत जरूरी है। अगर आप सोच रहे हैं कि अगले साल भी नीट परीक्षा वैसे ही होगी जैसे हमेशा से होती आई है, तो आप बिल्कुल गलत हैं। सरकार इस पूरी परीक्षा का सिस्टम बदलने जा रही है, और यह कोई छोटा-मोटा बदलाव नहीं बल्कि एक पूरा महा-बदलाव है। अभी तक देश भर के 22-23 लाख बच्चे एक ही दिन, एक ही शिफ्ट में पेन और ओएमआर शीट लेकर परीक्षा देने बैठते थे। नए प्लान के अनुसार अब नीट परीक्षा एक दिन नहीं, बल्कि 5 से 6 दिनों तक चलेगी। अब परीक्षा को अलग-अलग दिनों में कई शिफ्टों में बांटा जाएगा। हर दिन देश में 5 लाख परीक्षा देंगे।

#### योग्याकार्ता में प्रंबनान मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार के लिए शुरू की गई परियोजना पट्टिका के अनावरण कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

# ल्हासा से प्रंबनान मंदिर तक केवल शिव नाम की ही गूंज...यात्रा पर जरूर आएं भारतीयः प्रधानमंत्री

■ *राष्ट्रपति प्रबोवो ने किया वादा, 2029 से पहले पूरा हो जाएगा कार्य-बोले पीएम मैं, दोबारा यहां आकर उत्सव जरूर मनाऊंगा*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अपनी इंडोनेशिया यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ संयुक्त रूप से योग्याकार्ता में प्रतिष्ठित प्रंबनान मंदिर परिसर का दौरा कर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा मंदिर के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए शुरू की जाने वाली परियोजना की शुभारंभ पट्टिका का अनावरण किया। जो कि एक मुस्लिम देश में करीब 1200 साल पुराने हिंदू मंदिर का भारत द्वारा कायाकल्प करने से जुड़ी हुई एक ऐतिहासिक परियोजना है। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान शिव के प्रति अपनी गहरी आस्था और हर जगह उनसे मिलने का सौभाग्य मिलने का उल्लेख किया। अपने कुछ पूर्व और वर्तमान के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि ल्हासा में कैलाश मानसरोवर की यात्रा से ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पीएम ने यूं बताया भोलेनाथ से अपना नाता

उन्होंने बताया कि मेरा जन्म वडनगर में हुआ था। वहां पर हाटकेश्वर महादेव का एक बहुत बड़ा तीर्थक्षेत्र है। सोमनाथ, द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहला है और वह भी गुजरात की धरती पर स्थित है। इस मंदिर के विकास की सीधी जिम्मेदारी भी मेरी है। जबकि भारत में मेरे राजनीतिक कार्यक्षेत्र काशी में काशी विश्वनाथ भी भोलेनाथ का मंदिर है। सभी का आर्शीवाद हमेशा मुझपर बना रहता है। केदारनाथ धाम से लेकर उज्जैन में महाकाल के मंदिर तक और अब यहां प्रंबानन में मौजूद लगभग 1 हजार से 1200 साल पुराने ब्रह्मा, विष्णु और महेश की यादों के साथ जुड़ी हमारी सांस्कृतिक विरासत का पुनरुद्धार और उसके संरक्षण के कार्य का प्रारंभ करने का सौभाग्य मिलने पर मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली मानता हूं।

### सांस्कृतिक विरासत के होंगे दर्शन

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मेरी यात्रा का तीसरा दिन है। लेकिन यहां के जीवन, बातों और यहां तक की इस देश की हवा में एक संस्कृति की खुशबू है। जो हम भारत की धरती पर पल-पल अनुभव करते हैं। ये ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डेडलाइन से पहले पूरा होगा काम

*पीएम नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जिस काम को अपने हाथ में लेते हैं। एक फौजी की तरह बहुत अच्छी योजना बनाकर उसे पूरा करते हैं। मुझे उम्मीद है कि इसी प्रकार से वह इस काम को भी समय से पहले पूरा करेंगे। उन्होंने मुझसे वादा किया है कि वह 2029 से पहले मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य को पूरा कर लेंगे। राष्ट्रपति ने मुझसे कहा है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मुझे यहां फिर से आना पड़ेगा। जवाब में मैंने भी हामी भर दी है और कहा कि मैं यहां दोबारा आऊंगा और आपके साथ इस उत्सव को जरूर मनाऊंगा। पीएम मोदी ने कहा, इस यात्रा के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम के लिए व्यक्तिगत रूप से निकाले गए समय, उसके लिए तैयार किए गए कार्यक्रम को लेकर बारीकी से बनाई गई योजना और उसके क्रियान्वयन को अंजाम दिया है। एक मित्र के नाते इस शानदार स्वागत और आत्मीयता के लिए मैं भारत के 140 करोड़ नागरिकों और व्यक्तिगत रूप से अपनी तरफ से आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।*

### नौवीं शताब्दी में हुआ मंदिर का निर्माण

*विदेश मंत्रालय के मुताबिक, प्रंबानन मंदिर परिसर नौवीं शताब्दी में निर्मित इंडोनेशिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर समूह है। जो त्रिमूर्ति भगवान ब्रह्मा, विष्णु और शिव को समर्पित है। इसे दोनों देशों के बीच साझा सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक माना जाता है। पिछले साल इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति के आधार पर ही भारत की सहायता से इस मंदिर के संरक्षण और जीर्णोद्धार से जुड़ी यह परियोजना तैयार की गई है।*

#### भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जताया आभार

## विदेश मंत्री ने बहरीन के शीर्ष नेतृत्व संग की मुलाकात

बहरीन के साथ भारत के संबंधों को मजबूत बनाने की जतायी प्रतिबद्धता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अपनी विदेश यात्रा के अगले पड़ाव के रूप में की गई बहरीन यात्रा के दौरान वहां के राजा महामहिम हमद बिन अल खलीफा और क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस सलमान अल खलीफा से मुलाकात की है। साथ उनकी उप-प्रधानमंत्री शेख खालिद अल खलीफा के साथ भी एक बैठक हुई। इन तमाम वार्ताओं में जयशंकर ने बहरीन के साथ बने हुए भारत के दशकों पुराने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही बहरीन के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष उनके द्वारा भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों को लेकर आभार व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारत के विदेश मंत्री ने बहरीन के विदेश मंत्री के ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर दी है यह जानकारी

## भारतीय राजनयिक अंजनी कुमार होंगे यूक्रेन में भारत के अगले राजदूत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय राजनयिक और विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 2003 बैच के वरिष्ठ अधिकारी अंजनी कुमार को भारत ने यूक्रेन में अपने अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि वह जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में कुमार मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और अब उनकी यूक्रेन में नियुक्ति को हरी झंडी प्रदान की गई है।

**रूस से युद्ध लड़ रहा यूक्रेन :** गौरतलब है कि बीते लगभग चार साल से अधिक समय से यूक्रेन रूस के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग किया जाए, पूर्व महासचिव चंपत राय की तत्काल गिरफ्तारी हो, कांग्रेस ने बढ़ाया दबाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी ने श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की चोरी मामले में नहीं केंद्र पर दबाव बढ़ा दिया। पार्टी अब इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी जिम्मेदार मान रही है, क्योंकि उनके द्वारा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में नियुक्त लोगों की देखरेख में यह महापाप हुआ है। पार्टी ने ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए उसे भंग करने और पूर्व महासचिव चंपत राय की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि धर्मगुरुओं की मांग को दरकिनार कर प्रधानमंत्री ने खुद ट्रस्ट के सदस्यों का चयन कर उसमें चंपत राय समेत अपने पसंदीदा लोगों को रखा था। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री किसी को ट्रस्ट में नियुक्त करते हैं और वह कुछ गलत करता है तो उसकी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री पर भी आती है। कांग्रेस नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बयान का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसा कि जब चौकीदार चुप रहता है तो इसका मतलब है कि वह चोर से मिला हुआ है। गोहिल ने यह भी कहा कि चंपत राय ने प्रधानमंत्री मोदी को भगवान विष्णु का अवतार बताकर हिंदू समाज की भावनाओं का अपमान किया था। गोहिल ने बताया कि मंदिर के 27 अप्रैल 2026 से लेकर 05 जून 2026 तक 40 दिनों के सीसीटीवी फुटेज में 70 बार चढ़ावे की चोरी पकड़ी गई। उन्होंने कहा कि इससे पहले 2023 से 2025 की ऑडिट रिपोर्ट में भी कई कमियों, चोरी होने और महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे न होने की बात सामने आई थी, लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### मुख्यमंत्री ने आगामी परियोजनाओं के लिए हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन

## मुख्यमंत्री सैनी से आइकिया इंडिया के सीईओ ने की मुलाकात, हरियाणा में नए निवेश अवसरों पर हुई चर्चा

गुरुग्राम में 3,500 करोड़ रुपये की परियोजना से 10,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगेः मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बुधवार को आइकिया इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पैट्रिक एंटोनी के नेतृत्व में आए स्वीडन के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में हुई बैठक में हरियाणा और आइकिया के बीच सहयोग को और सुदृढ़ बनाने तथा हरियाणा में भविष्य के निवेश अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एंटोनी ने हरियाणा में आइकिया की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों तथा अन्य संबंधित प्रक्रियाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में राज्य सरकार द्वारा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बरसात का कहर झेल रहे विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से खैरियत ली अमित शाह ने, केंद्र से दिया मदद का आश्वासन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ जैसे हालात के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मू-कश्मीर और केरल के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात कर स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया तथा कहा कि लोगों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गृह मंत्री ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला तथा केरल के मुख्यमंत्री से अलग-अलग बातचीत कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर केंद्र सरकार अतिरिक्त राहत बल, संसाधन और हर प्रकार की सहायता ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बढ़ेगी सेना की मारक क्षमता, रक्षा मंत्री ने परीक्षण में शामिल पूरी टीम को दी बधाई

# डीआरडीओ को मिली बड़ी कामयाबी, पिनाका रॉकेट का किया सफल उड़ान परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की पूर्वी और पश्चिम सीमाओं से मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। जिसमें संगठन ने बुधवार को लंबी दूरी के निर्देशित पिनाका रॉकेट (पीएलआरजीआर) का सफलता के साथ उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस परीक्षण को देश के पूर्वी तट पर स्थित ओडिशा की चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया गया। रॉकेट को उपयोगकर्ता द्वारा तय की गई 60 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी से दागा गया। जिसमें उड़ान के समय पर उसने अपने सभी तय किए गए लक्ष्यों पर बेहद सटीकता से वार किया। परीक्षण से जुड़ी इस तमाम प्रक्रिया पर आईटीआर में तैनात विभिन्न उपकरणों से निगरानी रखी गई थी। सभी ने परीक्षण की सफलता की पुष्टि की है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल उड़ान परीक्षण के लिए भारतीय सेना, डीआरडीओ और रक्षा उद्योग जगत की समूची टीम को शुभकामनाएं दी और कहा कि भारत के संबंध में लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेटों के डिजाइन और क्षमता विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डीआरडीओ अध्यक्ष और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी इस परीक्षण पर बेहद बारीकी से निगरानी रखी और इसकी सफलता को लेकर पूरी टीम को बधाई दी है।*

### सेना के पास हैं यह रॉकेट

*वर्तमान में सेना के जंगी बेड़े में 37 किलोमीटर से लेकर 75 किलोमीटर तक की दूरी तक मार करने वाले पिनाका रॉकेट मौजूद हैं। लेकिन इनके अलावा वह विस्तारित रेंज के साथ लंबी दूरी तक मार करने वाले उन्नत निर्देशित पिनाका रॉकेटों का भी परीक्षण करने में लगी हुई है। जिनकी रेंज यानी मारक क्षमता 90 से 120 किलोमीटर तक हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को लंबी दूरी तक मार करने वाले जंगी हथियारों की तेजी से आवश्यकता महसूस हो रही है। जिसे काफी हद तक पूरा करने में पिनाका रॉकेट भी अहम भूमिका निभा सकता है।*

**खबर संक्षेप**

## गार्ड के साथ लूटपाट करने वाले चार नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** रोहिणी इलाके में एक गार्ड पर हमला और लूटपाट करने के आरोप में चार नाबालिगों को पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना सोमवार रात रोहिणी के सेक्टर-23 के पास अंजाम दी गई थी। गार्ड के रूप में कार्यरत पीड़ित अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद घर जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार चार युवकों ने उसे जबरन रोका। उनमें से एक ने कथित तौर पर उसे धमकाया और लोहे की रॉड से हमला किया। इसके बाद उसका मोबाइल फोन, नकदी और बैग लूट लिया जिसमें सुरक्षा गार्ड की वर्दी रखी थी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर बेगमपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने कहा कि मामले की सूचना मिलने के तुरंत बाद एक टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी निगरानी के आधार पर टीम ने संदिग्धों का पता लगाया और उसी रात चार किशोरों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान नाबालिगों ने अपराध में शामिल होने की बात कबूली है। पुलिस ने लूटा गया सामान भी बरामद कर लिया है।

## कार्ड बोर्ड फैक्टरी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में बुधवार को एक कार्ड बोर्ड फैक्टरी में आग लग गई। दमकल विभाग की करीब 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के अनुसार उन्हें सुबह 11:52 बजे संगम विहार के होली चौक पोस्ट ऑफिस के पास कार्ड बोर्ड की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद 10 दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। तिगड़ी थाने की पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## मंगोलपुरी में अवैध जुए के खिलाफ कार्रवाई पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत पांच लोगों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने अवैध जुए के खिलाफ कार्रवाई करते हुये 15 हजार रुपये से ज्यादा रकम और अन्य सामान जब्त किया है। इस संबंध में मंगोलपुरी थाने में केस दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार 6 और 7 जुलाई की रात स्पेशल स्टाफ की एक टीम मंगोलपुरी इलाके में गश्त कर रही थी। जब टीम बी ब्लॉक पहुंची, तो उन्होंने कुछ लोगों को अवैध जुआ खेलते हुए देखा। पुलिस को देखते ही संदिग्ध भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान जुए में इस्तेमाल हो रहे 15,320 नकद और अन्य सामान जैसे जुए की पर्चियां, सट्टेबाजी के टोकन और रिकॉर्ड बुक जब्त की गई। पकड़े गये आरोपियों के नाम सुमित, अमन, सनी, हेमंत और मनीष बताये गये हैं। सभी आरोपी मंगोलपुरी इलाके के ही रहने वाले हैं।

### कई लोगों के दबे होने की आशंका

# रोहिणी में निर्माणाधीन इमारत गिरी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी सेक्टर 16 में बुधवार शाम एक चार मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। दमकल, डीडीएमए, एनडीआरएफ और पुलिस की कई टीमें देर रात तक मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक को बचा लिया गया है। मरने वाले की पहचान राम किशोर (42) के रूप में हुई है। घायल का नाम रवि (35) बताया गया है। मलबे कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही थी। बारिश के बीच बचाव कार्य में बाधा भी उत्पन्न हो रही थी। दमकल की चार गाड़ियां मौके पर मौजूद थी। पुलिस के अनुसार शाम 4.28 बजे रोहिणी सेक्टर-16 इलाके में जी-4, 152-153 नंबर मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। अग्निशमन विभाग ने अभियान में सहायता के लिए चार बचाव दल घटनास्थल पर भेजे। पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि इमारत में कुछ लोगों के दबे होने की सूचना मिली है और इसके बाद रेस्क्यू टीम लगातार काम कर रही है। फिलहाल हताहत होने वालों की संख्या एक बताई गई है। एक शख्स को बचा लिया गया था। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि बारिश की वजह से यह हादसा हुआ और यहां पर चार मंजिला इमारत बनाने का काम चल रहा था। खबर लिखे जाने तक पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने एहतियातन 50 मीटर के दायरे में मौजूद घरों को भी खाली करा लिया था। आशंका जताई जा रही है कि मलबे के नीचे कुछ लोग और फंसे हो सकते हैं। इनकी संख्या 5 से 10 हो सकती है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग करीब दो सालों से बन रही थी। इस प्रॉपर्टी की मालिक मंजू और रितिका नामक दो महिला है। मलबे में मंजू के पति राम दुआ के भी दबे होने की आशंका है।

### इस घटना से डीडीए का कोई संबंध नहीं, 2016 में क्षेत्र हो चुका है डी-नोटिफाई

रोहिणी सेक्टर 16 में इमारत गिरने की घटना पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि इस इलाके को 2016 में डी-नोटिफाई (अधिसूचना से बाहर) कर दिया गया था और उसी समय इस क्षेत्र को स्थानीय निकाय को सौंप दिया गया था। डीडीए ने कहा कि इस डी-नोटिफाइड इलाके में किसी भी प्रकार की निर्माण कार्यों की देखरेख वही निकाय करता है, इससे डीडीए कोई संबंध नहीं है।

## दिल्ली यातायात पुलिस ने की 169 जलभराव वाले 'हॉटस्पॉट' की पहचान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में दो दिनों की भारी बारिश के बाद शहर के कई प्रमुख हिस्सों में यातायात जाम हो गया। इसके बाद दिल्ली यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में 169 ऐसे यातायात स्थलों (हॉटस्पॉट) की पहचान की है, जहां बारिश के दौरान जलभराव की समस्या होती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पिछले दो दिनों में शहर में बड़े पैमाने पर यातायात जाम रहा क्योंकि लगातार बारिश के कारण आईटीओ, रोहतक रोड, एनएच-48, रिंग रोड, पंजाबी बाग और शादीपुर सहित कई प्रमुख सड़कों पर वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई है। निचले इलाकों में भी पानी जमा हो गया, जिससे व्यस्त समय के दौरान यातायात प्रभावित हुआ। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विभाग ने मानसून शुरू होने से पहले ही तैयारियां पूरी कर ली थीं। इसके तहत उन स्थानों की पहचान की गई, जहां पिछले वर्षों में जलभराव और यातायात जाम की समस्या सामने आती रही है। अधिकारी ने कहा कि पूरी दिल्ली में जलभराव के प्रति संवेदनशील कुल 169 यातायात हॉटस्पॉट की पहचान की गई है। वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने और पानी जमा होने की स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानों पर पर्याप्त संख्या में यातायात कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली यातायात पुलिस जल निकासी और सड़क रखरखाव के लिए जिम्मेदार नगर निकाय एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रख रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जलजमाव को जल्द से जल्द निकाला जा सके। अधिकारी ने कहा कि संबंधित एजेंसियों के समन्वय से निर्दिष्ट संवेदनशील स्थानों पर पानी निकालने के लिए पंप लगाए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर विभिन्न स्थानों पर मोबाइल पंपिंग इकाइयां तैनात करने की व्यवस्था भी की गई है। अधिकारी ने कहा कि नयी दिल्ली और मध्य दिल्ली के लिए विस्तृत यातायात प्रबंधन योजनाएं भी तैयार की गई हैं, खासकर लगातार विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) की आवाजाही को देखते हुए। उन्होंने कहा, ‟जब भी सुरक्षा व्यवस्था या मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण यातायात मार्ग परिवर्तन आवश्यक हो जाता है, तो सोशल मीडिया के माध्यम से पहले ही सूचना प्रसारित कर दी जाती है ताकि जनता उसके हिसाब से अपनी यात्रा की योजना बना सके।

## द्वारका एक्सप्रेसवे टनल में कारों की मामूली टक्कर के बाद हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका एक्सप्रेसवे टनल में मंगलवार शाम दो गाड़ियों के बीच मामूली टक्कर के बाद भारी हंगामा हुआ। आरोप है कि टैक्सी ड्राइवर ने पीड़ित दूसरे कार सवार पर डंडे से हमले की कोशिश की। इसके बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और मौका पाकर आरोपी टैक्सी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक यह घटना 7 जुलाई की शाम करीब 7:44 बजे की है। कापसहेड़ा पुलिस को द्वारका एक्सप्रेसवे टनल के अंदर झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि शिकायतकर्ता अपनी वैगनआॅर कार से जा रहा था, तभी एक सफेद रंग की अर्टिगा टैक्सी से उसकी मामूली टक्कर हो गई। आरोप है कि टक्कर के बाद टैक्सी

**■ डंडा लेकर मारने दौड़ा टैक्सी ड्राइवर**

ड्राइवर ने तैश में आकर पीड़ित पर डंडे से हमला करने की कोशिश की। पीड़ित ने आत्मरक्षा में जब टैक्सी ड्राइवर को पीछे धकेला, तो वह पास में खड़ी एक किआ सेल्टोस कार से जा टकराया, जिससे उस कार को भी थोड़ा नुकसान पहुंचा। हंगामे के बाद किआ सेल्टोस के मालिक ने नुकसान के मुआवजे के लिए शिकायतकर्ता को रोक लिया, जबकि इसका फायदा उठाकर आरोपी टैक्सी ड्राइवर मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि जब पीसीआर स्टाफ मौके पर पहुंचा तब तक शिकायतकर्ता और किआ कार के मालिक ने आपस में बातचीत कर मामला शांतिपूर्वक सुलझा लिया था। हालांकि लोकल पुलिस के पहुंचने तक क्षतिग्रस्त वाहन या घायल व्यक्ति घटनास्थल से जा चुके थे। पुलिस ने फोन पर शिकायतकर्ता से संपर्क किया, तो उसने बताया कि वह सुरक्षित अपने घर पहुंच चुका है और दोनों पक्षों में समझौता होने के कारण वह कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहता है। बहरहाल, पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायतकर्ता से दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही टनल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि फरार टैक्सी चालक की पहचान कर उसका पता लगाया जा सके।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह से महापौर वाही ने की मुलाकात, तीनों लैंडफिल की प्रगति रिपोर्ट सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महापौर प्रवेश वाही ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइटों व स्वच्छता पर चल रहे कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट सौंपी। महापौर ने केंद्रीय मंत्री शाह को उनके द्वारा दिए जा रहे अमूल्य समय व सहयोग प्रदान करने के लिये आभार व्यक्त। महापौर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बुधवार को हुई इस मुलाकात में दिल्ली को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस बारे में महापौर ने कहा कि गृहमंत्री को शाह को दिल्ली की स्वच्छता एवं तीनों लैंडफिल साइटों पर चल रहे कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट सौंपी। महापौर ने गृह मंत्री को अवगत कराया कि ओखला लैंडफिल साइट पर बायोमाइनिंग एवं वेस्ट प्रोसेसिंग के माध्यम से कुल 62 एकड़ भूमि में से लगभग 30 एकड़ भूमि को साफ किया जा चुका है। इस जगह अब तक लगभग 80 लाख मीट्रिक टन लैगेसी वेस्ट का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। जबकि लगभग 15 लाख मीट्रिक टन फ्रेश वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण का कार्य तीव्र गति से जारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार ओखला लैंडफिल साइट पर नए व पूराने कूड़े के ढेर को दिसंबर 2026 तक पूर्णतः समाप्त कर दिया जाएगा। महापौर ने बताया कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। यहां कुल 70 एकड़ भूमि में से लगभग 25 एकड़ भूमि को साफ किया जा चुका है तथा इस लैंडफिल साइट को भी दिसंबर 2026 तक पूर्णतः समाप्त करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि लैंडफिल से मुक्त होने वाली भूमि का उपयोग विभिन्न जनहित एवं विकासात्मक परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा। महापौर ने बताया कि उन्हें अवगत कराया गया कि गाज़ीपुर लैंडफिल साइट पर इनर्ट (मिट्टी) के निपटान में कुछ तकनीकी एवं परिचालन संबंधी व्यवधान उत्पन्न हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल लाल खट्टर के निर्देशों के उपरांत एनटीपीसी द्वारा 40 लाख मीट्रिक टन इनर्ट (मिट्टी) उठाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इससे गाजीपुर लैंडफिल साइट पर बायोमाइनिंग एवं वेस्ट प्रोसेसिंग कार्यों में उल्लेखनीय गति आई है तथा इस स्थल को दिसंबर 2027 तक पूर्णतः समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महापौर ने कहा कि निगम वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप कार्य करते हुए राजधानी को स्वच्छ, हरित एवं लैंडफिल मुक्त बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। बैठक के दौरान दिल्ली के समग्र विकास, स्वच्छ एवं हरित राजधानी के निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण तथा जनकल्याण से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। महापौर ने कहा कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन एवं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के सहयोग से दिल्ली नगर निगम राजधानी को लैंडफिल मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है।

## एनडीएमसी अध्यक्ष ने ‘वेस्ट वाइज सिटिजन्स’ पुस्तिका का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने चिंतन एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप के सहयोग से बुधवार को ‘वेस्ट वाइज सिटिजन्स-ए प्रैक्टिकल गाइड टू मेकिंग द सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) रूल्स, 2026 पार्ट ऑफ आवर डेली लाइव्स’ नामक नागरिक जागरूकता पुस्तिका का विमोचन किया। इस पुस्तिका का विमोचन एनडीएमसी अध्यक्ष श्री केशव चंद्रा ने एनडीसीसी फेज-2 के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में किया। इस पुस्तिका का उद्देश्य एनडीएमसी क्षेत्र के निवासियों एवं संस्थानों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रति बेहतर समझ विकसित करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना है। इसी अवसर पर पुनर्चक्रण के लिए नागरिकों के घरों से सीधे कचरा एकत्र करने हेतु ‘आरआरआर ऑन व्हील्स’ वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विमोचन कार्यक्रम में एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी, चिंतन एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप के प्रतिनिधि, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन (एमटीए), शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि, बल्क वेस्ट जनरेटर्स (बीडब्ल्यूजी), स्वच्छता अधिकारी तथा अन्य हितधारक उपस्थित रहे। इस अवसर पर केशव चंद्रा ने कहा कि यह पुस्तिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रावधानों को सरल, स्पष्ट एवं सहज भाषा में प्रस्तुत करती है ताकि प्रत्येक नागरिक उन्हें समझकर अपने दैनिक जीवन में अपनाए। उन्होंने कहा कि स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन की सफलता दो स्तरों पर समन्वित प्रयासों पर निर्भर करती है। पहला दायित्व प्रत्येक नागरिक एवं परिवार का है, जहां कचरा उत्पन्न होता है। दूसरा दायित्व नगर निकाय का है, जिसे पृथक किए गए कचरे का वैज्ञानिक ढंग से प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण तथा पुनः उपयोग योग्य संसाधनों में रूपांतरण सुनिश्चित करना होता है।

## 2020 दिल्ली दंगेः पुलिस गवाहों के बार-बार पेश न होने पर अदालत ने चिंता जताई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शहर की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में पुलिस गवाहों के पेश होने और प्रकरण से जुड़ी सामग्री को पेश करने में बार-बार हो रही देरी पर चिंता जताई है और कहा है कि इससे समय की बर्बादी होती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले को पुलिस आयुक्त के ध्यान में लाया जाए ताकि अधीनस्थ अदालत में पुलिस गवाहों की समय पर मौजूदगी सुनिश्चित की जा सके। अदालत ने सात जुलाई के एक आदेश में कहा, ‟यह देखा गया है कि पुलिस गवाह सुबह 10 बजे अदालत में मौजूद नहीं होते हैं और आमतौर पर वे पूर्वाह्न 11 बजे आते हैं, जिससे समय बर्बाद होता है। इस अदालत में ज़्यादातर मामले सबूत के चरण में हैं और इसलिए, साक्ष्य के लिए मामले की सुनवाई को आमतौर पर सुबह 10:05 बजे रखा जाता है।‟ न्यायाधीश ने कहा कि पिछली सुनवाई में इसी तरह की चिंता जताए जाने के बावजूद देरी जारी रही। यह आदेश तब आया जब मामले को सुनवाई के लिये दो बार पुकारा गया, लेकिन अदालत को बताया गया कि पुलिस ने मामले से जुड़ी सामग्री पेश नहीं की थी। बाद में अदालत ने देखा कि विशेष प्रकोष्ठ के संबंधित अधिकारी सुबह 10:55 बजे ही आए, जबकि तब तक दूसरे मामले में गवाही शुरू हो चुकी थी। अदालत ने यह भी संज्ञान में लिया कि उस मामले के जांच अधिकारी भी देर से पहुंचे थे। अदालत ने अपने चार जुलाई के आदेश की प्रति साथ लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि यह मामला दिल्ली पुलिस आयुक्त के संज्ञान में लाया जाना चाहिए, ताकि वे ‟इस मामले को देखें और अदालत में गवाहों की समय पर मौजूदगी सुनिश्चित करें।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **गुड्डू, पुत्रः** राम निवास **उम्रः 34** साल, **पताः** बेगाबॉन्ड भैरव मंदिर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 67/2023 U/s 379/411 IPC थानाः कर्तव्य पथ, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुड्डू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुड्डू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 67/2023 U/s 379/411 IPC थानाः कर्तव्य पथ, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **गुड्डू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 28
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9278/NDD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **श्वेता अरोड़ा, पुत्रीः** अशोक अरोड़ा, **पताः** म. नं. 121, राम नगर, वीर बाजार गुरुद्वारा, जगतपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 258/2022, U/s 323/509/504 IPC, Dtd. 12.04.2022, थानाः जगतपुरी, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **श्वेता अरोड़ा,** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **श्वेता अरोड़ा,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/2022, U/s 323/509/504 IPC, Dtd. 12.04.2022, थानाः जगतपुरी, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **श्वेता अरोड़ा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 7, दूसरी मंजिल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/8976/SHD/2026
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत अभियंता/गति शक्ति इकाई/दिल्ली, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110055 निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करती है:

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य और स्थान का नाम :** दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन पर लगभग 3.5 मीटर ऊर्ध्वाधर ऊँचाई के लिए यात्री एस्केलेटर (चलती सीढ़ी) की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग तथा वारंटी अवधि के दौरान 02 (दो) एस्केलेटरों का रखरखाव, जो आर.डी.एस.ओ. विनिर्देश संख्या - RDSO/PE/SPEC/TL/0095 (Rev-4)-2026 दिनांक 16.01.2026 के अनुरूप हों, जिनकी वारंटी अवधि 2 वर्ष की होगी तथा वारंटी अवधि समाप्त होने के पश्चात 05 वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (CAMC) भी शामिल होगा। |
| 2. | **निविदा सूचना संख्या :** 29-DyCEE-GSU-DLI-26-27 |
| 3. | **बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जाएगी) :** रु. 3,67,000.00/- |
| 4. | **अनुमानित लागत :** रु. 1,83,50,042.6/- |
| 5. | **ई-निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** दिनांक 06.07.2026 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदाएं अपलोड की हैं। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 30.07.2026, 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6. | **विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज :** विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट यानी www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज़ www.ireps.gov.in पर उप्लब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 16.07.2026 to 30.07.2026 को 11:30 बजे तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

सं.: 29-DyCEE-GSU-DLI-26-27 दिनांक: 07.07.2026 2330/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/सामान्य, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर वाटर वेंडिंग मशीनों (WVMs) और मल्टी पर्पज स्टालो (MPSs) के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (https://ireps.gov.in/) के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित करता है:

| ई-नीलामी कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय | क्लस्टर संख्या | रेलवे स्टेशन पर WVMs की संख्या |
|---|---|---|---|
| CTG-WVM-04-2026 | 23.07.2026 को 11:00 बजे | I | कुल 06 WVMs (गढ़ी हरसरू रेलवे स्टेशन पर 01 WVM, पातली रेलवे स्टेशन पर 01 WVM, पटौदी रोड रेलवे स्टेशन पर 01 WVM, पालम रेलवे स्टेशन पर 01 WVM तथा दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs) |
| | | J | कुल 10 WVMs (मेरठ रेलवे स्टेशन पर 04 WVMs, मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, विवेक विहार रेलवे स्टेशन पर 01 WVM तथा दिल्ली शहादरा रेलवे स्टेशन पर 03 WVMs) |
| | | H | कुल 09 WVMs (जींद रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, नरवाना रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, टोहाना रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, जाखल रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs तथा मानसा रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs) |
| | | A | कुल 10 WVMs (बरौत रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs, बागपत रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs, नोली स्टेशन पर 01 WVMs, शामली रेलवे स्टेशन पर 02 WVMs, रामपुर मनिहारान स्टेशन पर 01 WVM, तथा मुज़फ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर 04 WVMs) |
| | | B | कुल 11 WVMs (देवबंद रेलवे स्टेशन पर 03 WVMs, साहिबाबाद रेलवे स्टेशन पर 03 WVMs तथा गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर 05 WVMs) |
| | | K | कुल 09 WVMs (ओखला रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs, तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs, फरीदाबाद स्टेशन पर 01 WVMs, फरीदाबाद न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर 01 WVMs, बल्लभगढ़ स्टेशन पर 02 WVM तथा पलवल रेलवे स्टेशन पर 03 WVMs) |
| **नीलामी कैटलॉग संख्या** | **ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय** | **रेलवे स्टेशन** | **लॉट संख्या** |
| MPS-JULY-01-26 | 23.07.2026 को 11:00 बजे | DEE | MPS-DLI-DEE-MPS-163-25-2, MPS-DLI-DEE -MPS-133-25-2 MPS-DLI-DEE-MPS-134-25-2 |
| | | MUT | MPS-DLI-MUT-MPS-137-25-2 |
| | | NZM | MPS-DLI-NZM-MPS-122-25-1, MPS-DLI-NZM-MPS-157-25-2 MPS-DLI-NZM-MPS-126-25-2, MPS-DLI-NZM-MPS-159-25-2 |
| | | KUN | MPS-DLI-KUN-MPS-135-25-2 |
| | | MDNR | MPS-DLI-MDNR-MPS-147-25-2 |
| | | MTC | MPS-DLI-MTC-MPS-141-25-1 |
| **ई-कैटलॉग नं.** | **ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय** | **रेलवे स्टेशन** | **परिसंपत्ति का प्रकार** |
| Advt-June-08-26 | प्रारंभ होने का समयः 21.07.2026 at 11:00 बजे | दिल्ली सराय रोहिल्ला, शकूर बस्ती, पालम | यूनिपोल ज़ोन-3 |
| | प्रारंभ होने का समयः 21.07.2026 at 11:00 बजे | तुगलकाबाद | प्रतीक्षालय |
| | प्रारंभ होने का समयः 21.07.2026 at 11:00 बजे | हज़रत निज़ामुद्दीन | एलईडी 360-डिग्री स्क्रीन |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)**

**आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिएः**
➢ ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता। ➢ एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; IREPS खाते के साथ SBI बैंक खाते का एकीकरण; निधियों का ग्रहणाधिकार अंकन; टर्नओवर विवरण का अद्यतनीकरण। ➢ ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकांउट नंबर (VAN) नाम से एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। ➢ बोलीदाता, किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय है) और VAN तंत्र के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले के पास भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। ➢ जिन ठेकेदारों के पास IREPS के किसी भी मोड्यूल के लिए IREPS खाता नहीं है, वे IREPS होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी पट्टे) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण :** मंडल रेले प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055, ई–मेलः catering.delhidivision@gmail.com, टेलीफोनः 011-23743084

सं.: 23 AC/Ctg./e-Auction/WVM & MPS/2026 दिनांक: 07.07.2026 2338/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**खबर संक्षेप**

### चार वर्ष में 32 हजार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने की तैयारी : सीएम

**नई दिल्ली।** राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए मजबूत और विश्वसनीय चार्जिंग नेटवर्क विकसित करने की दिशा में दिल्ली सरकार ने व्यापक कार्ययोजना तैयार करनी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में नई ईवी नीति को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले चार वर्षों में दिल्ली में मौजूदा लगभग 9 हजार ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर करीब 32 हजार करने के लक्ष्य पर गंभीरता से जुटी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बिजली आपूर्ति, उपयुक्त स्थानों की उपलब्धता और विभिन्न एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजधानी में आधुनिक, तेज और सर्वसुलभ ईवी चार्जिंग नेटवर्क विकसित करने की व्यावहारिक रणनीति पर रहा।

### दवा घोटाले के खिलाफ तीसरे दिन भी आप ने किया मौन प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में तथाकथित करोड़ों के दवा घोटाले के खिलाफ लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी आम आदमी पार्टी ने जीटीबी अस्पताल के बाहर मौन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की रेखा सरकार में करोड़ों का दवा घोटाला हुआ है। जिसके खिलाफ आप पाटीर लगातार मौन प्रदर्शन कर लोगों को सच्चाई बता रही है। उन्होंने कहा कि करोड़ों के घोटाले का मुख्य आरोपी राजीव रंगीला को देश से बाहर भगाकर सरकार जांच के नाम पर लोगों को धोखा दे रही है। सरकार हर जगह सिर्फ लूट मचाने में लगी है, गलत तरीके से टेंडर देकर मोटा कमीशन खाया जा रहा है। भारद्वाज ने कहा, बच्चों के मिड-डे मील में छिपकली निकलने व सेहत के साथ खिलवाड़ के सवाल पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सरकार हर जगह केवल लूट मचाने में लगी हुई है।

#### लापरवाही बरतने वाले सब-रजिस्ट्रार अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

# स्टांप ड्यूटी की चोरी अब नहीं की जाएगी बर्दाश्त : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी में अचल संपत्तियों के पंजीकरण में राजस्व की चोरी को रोकने, भू-माफियाओं और धोखाधड़ी पर लगाम लगाने और सरकारी राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार ने एक महत्वपूर्ण और सख्त निर्णय लिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्टांप ड्यूटी की चोरी अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले सब-रजिस्ट्रार अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (जीपीए) के माध्यम से होने वाले संपत्ति संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच और स्क्रूटनी के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी सब-रजिस्ट्रारों को आदेश जारी किए गए हैं कि वे इन निर्देशों का तत्काल प्रभाव से कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए प्रत्येक सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में ऐसे मामलों का अलग रजिस्टर रखा जाएगा और उसकी मासिक रिपोर्ट भेजी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने एक महीने के भीतर इन सभी मामलों की निगरानी के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग मैकेनिज्म विकसित करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कदम न केवल सरकार के राजस्व को सुरक्षित करेगा, बल्कि उन आम नागरिकों को भी धोखाधड़ी से बचाएगा जो अनजाने में त्रुटिपूर्ण दस्तावेजों के चक्कर में फंस जाते हैं। दिल्ली प्रशासन में पारदर्शिता और ईमानदारी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार दिल्ली के नागरिकों के हितों की रक्षा और सरकारी राजस्व को सुरक्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। देखने में आया है कि कई मामलों में दस्तावेजों को केवल 'जीपीए' का नाम देकर नाममात्र की स्टांप ड्यूटी पर पंजीकृत करा लिया जाता है, जबकि उनके भीतर संपत्ति की बिक्री, कब्जा सौंपने और मालिकाना हक ट्रांसफर करने जैसे प्रावधान भी शामिल होते हैं। यह सीधे तौर पर स्टांप ड्यूटी की चोरी है, जिसे अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब माता-पिता, पति-पत्नी, बेटा, बेटी, भाई और बहन जैसे रक्त संबंधियों (ब्लड रिलेशन) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में निष्पादित किए जाने वाले जीपीए को सब-रजिस्ट्रार सीधे पंजीकृत नहीं कर सकेंगे। ऐसे सभी मामलों को उचित स्टांप शुल्क के निर्धारण (एडजुडिकेशन) के लिए संबंधित कलेक्टर ऑफ स्टांप के पास भेजना अनिवार्य होगा।

#### सब-रजिस्ट्रार करेंगे जीपीए दस्तावेज की बारीकी से जांच

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब दिल्ली के सभी सब-रजिस्ट्रार पंजीकरण के लिए आने वाले प्रत्येक जीपीए दस्तावेज की बारीकी से जांच करेंगे। जांच में विशेष रूप से यह देखा जाएगा कि कहीं दस्तावेज में किसी प्रकार के पैसे के लेन-देन का उल्लेख तो नहीं है, संपत्ति का कब्जा सौंपने की बात तो नहीं लिखी गई है, जीपीए अपरिवर्तनीय तो नहीं है अथवा उसमें संपत्ति को बेचने, उपहार देने, ट्रांसफर करने या बंधक रखने का स्थायी अधिकार तो नहीं दिया गया है।

#### वांगचुक की भूख हड़ताल जारी

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए हैं प्रदर्शनकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर पर चल रहे धरने में सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल लगातार 11वें दिन बुधवार को भी जारी रही। जबकि सीजेपी का धरने का 19वां दिन रहा। डॉक्टरों द्वारा वांगचुक के स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार उनका ब्लड प्रेशर 103/78 और ब्लड शुगर 75 दर्ज किया गया है। प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए हैं और आरोप लगा रहे हैं कि छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इस बीच आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों की गुप्त रूप से वीडियो रिकॉर्डिंग किए जाने के आरोपों ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। वहीं धरने को 19 दिन होने के बाद भी उम्मीद के अनुसार समर्थन नहीं मिलने से सीजेपी को कमी खलने लगी है। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि आंदोलन में खुद को किसान बताने वाला व्यक्ति दिल्ली पुलिस का अधिकारी निकला। इस मामले में पुलिस की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

### डीडीए ने भूमि आवंटन के लिए शुरू की आवेदन प्रक्रिया

नई दिल्ली। दिल्ली में लंबे से समय से अटके पड़े भूमि आवंटन के मामलों को आखिरकार उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने हरी झंडी दिखा दी है। एलजी की मंजूरी के बाद अब दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अनेक योजनाओं के लिए विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन के लिए के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। एलजी की इस पहल के बाद राजधानी में पुलिस स्टेशन से लेकर मेट्रो डिपो, शिक्षा हब, एसटीपी, बोरवेल आदि के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। एलजी ने पदभार संभालने के बाद से ही विभिन्न हितधारकों के साथ लगातार बैठकें की और अधिकारियों को फाइलों को बेवजह न लटकाने के निर्देश दिए। मंजूरी के बाद होलंबी कलां में ई-वेस्ट इको मैनेजमेंट पार्क के लिए 8.5 हेक्टेयर जमीन दी गई। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नरेला स्थित एजुकेशन हब में प्रमुख शिक्षण संस्थानों को जमीन हैंडओवर की गई है। जिसमें गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (जीजीएसआईपीयू) को 22.43 एकड़, दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीडीयू) को 12.69 एकड़ और सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी को 1,200 वर्ग मीटर जमीन दी है। इसके अलावा ज्वालापुरी में स्कूली शिक्षा के विस्तार हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए 4.1 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। सनोठ में दिल्ली मेट्रो रेल निगम को डिपो के लिए 20 हेक्टेयर और नरेला में कास्टिंग यार्ड के लिए 16 हेक्टेयर भूमि दे दी गई है। जबकि दिल्ली जल बोर्ड को 8 अलग-अलग स्थानों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और पंपिंग स्टेशनों के लिए जमीन आवंटित करने के साथ ही 151 बोरवेल लगाने की भी मंजूरी दी गई है। जिसमें जोंती में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और संगम विहार में अंडरग्राउंड वाटर टैंक के लिए जमीन अलॉट करना शामिल है।

## डीसीपीसीआर के नवनियुक्त अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम प्रकाश व्यास ने बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, उनकी सुरक्षा और उनके समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने व्यास को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग नए नेतृत्व में पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए राजधानी में बच्चों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भरोसेमंद वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार बच्चों की सुरक्षा को लेकर केवल नीतिगत निर्णय ही नहीं ले रही है, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से जमीन पर लागू करने के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। हाल ही में 'बाल संरक्षण माह' के अंतर्गत सभी संबंधित विभागों को पॉक्सो अधिनियम के प्रभावी अनुपालन, विद्यालयों में बाल संरक्षण समितियों के गठन, व्यापक जन-जागरूकता अभियान तथा विभिन्न संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### सीएम के मार्गदर्शन में कार्य करेगा आयोगः व्यास

कार्यभार ग्रहण करने के बाद डीसीपीसीआर के अध्यक्ष ओम प्रकाश व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, उनके कल्याण और सर्वांगीण विकास को लेकर स्पष्ट और संवेदनशील दृष्टि रखती हैं। मुख्यमंत्री का यही विजन आयोग के कार्यों का मार्गदर्शक बनेगा और उसी के अनुरूप आयोग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। आयोग के सभी सदस्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके सुरक्षित भविष्य और समग्र विकास के लिए चौबीसों घंटे समर्पित भाव से कार्य करने के लिए संकल्पित हैं।

## डीएसएसएसबी मुख्यालय पर सहायक शिक्षक (प्राइमरी) भर्ती के अभ्यार्थियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत सहायक शिक्षक (प्राइमरी) भर्ती परीक्षा, पोस्ट कोड 802/25 के कैंडिडेटस (अभ्यार्थियों) ने रिजल्ट में लगातार हो रही देरी के खिलाफ बुधवार को दिल्ली अधिनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) के कड़कड़डूमा स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। यहां जुटे बेरोजगार शिक्षकों ने बताया कि उनकी परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा को लेकर डीएसएसएसबी गहरी नींद सो रहा है। भारी बरसात के बीच डीएसएसएसबी कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने सड़क पर कई घंटे तक अभ्यार्थी रिजल्ट की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे।

प्रदर्शन के लिए आये अभ्यार्थियों ने बताया कि दिल्ली में प्राइमरी शिक्षकों के हजारों पद खाली पड़े हैं। पिछले साल दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के तहत सहायक शिक्षक (प्राइमरी) भर्ती, पोस्ट कोड 802/25 के तहत वैकेंसी निकाली गई थी। इन पदों के लिए डीएसएसएसबी परीक्षा भी आयोजित कर चुका है लेकिन रिजल्ट में लगातार देरी की जा रही है। अभ्यार्थियों ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि एक तरफ तो दिल्ली सरकार गुणवत्ता पूर्ण स्कूली शिक्षा के दावे कर रही है दूसरी तरफ स्थायी सहायक शिक्षक (प्राइमरी) भर्ती परीक्षा के रिजल्ट में बिना किसी ठोस कारण के देरी की जा रही है। अभ्यार्थियों ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से गुहार लगाई कि डीएसएसएसबी को जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करने के निर्देश दें।



- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से लगाई जल्द रिजल्ट घोषित करवाने की गुहार
- भर्ती प्रक्रिया अधर में, स्कूलों में खाली पड़े हैं शिक्षकों के हजारों पद

### दिल्ली की आईटी ट्रेनिंग लैब प्रशिक्षण के लिए तैयारः पंकज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के विकास भवन-2 में आईटी ट्रेनिंग एआई लैब उद्घाटन के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस लैब की स्थापना सरकारी कर्मियों की डिजिटल क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से बनाया गया है, ताकि उन्हें आईटी और ई-गवर्नेंस सिस्टम में की ट्रेनिंग दी जा सके। दिल्ली के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की अहम समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोर्स का कंटेंट और एआई-आधारित लर्निंग एप्लीकेशन अभी तैयार किए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि इस पहल के माध्यम से लगभग 90 से 100 स्टार्टअप्स को सहायता देना, 6000 से 7000 लोगों को प्रशिक्षित करना, 1000 से ज़्यादा रोजगार के अवसर पैदा करना है। उम्मीद है कि एक महीने के भीतर यह सुविधा पूरी तरह से चालू हो जाएगी और इसमें खासतौर से एआई ट्रेनिंग मॉड्यूल होंगे, जिससे सरकारी अधिकारियों की सतत क्षमता निर्माण को नई गति मिलेगी। जानकारी के अनुसार, इस बैठक में प्रमुख डिजिटल इनोवेशन परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।

## छत्रसाल स्टेडियम के पहलवान का दिल्ली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

थाईलैंड के पटाया में आयोजित अंडर-20 जूनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में 125 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग का रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाले युवा पहलवान रौनक पहलवान के स्वदेश लौटने पर बुधवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। रौनक के स्वागत के लिए छत्रसाल स्टेडियम के कोच, साथी पहलवान, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में समर्थक एयरपोर्ट पहुंचे।

फूल-मालाओं और भारत माता के जयघोष के बीच रौनक का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। रौनक पहलवान के पिता जयबीर दहिया ने खुशी जाहिर करते हुए बुधवार को बताया कि इस दौरान खिलाड़ियों और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। बता दें कि भारत के उभरते युवा पहलवान रौनक ने थाईलैंड के पटाया में 2 से 6 जुलाई तक आयोजित अंडर-20 जूनियर रेसलिंग चैंपियनशिप की 125 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत (सिल्वर) पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। रौनक ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। छत्रसाल स्टेडियम के कोचों ने रौनक की उपलब्धि को भारतीय कुश्ती के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि उन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का सम्मान बढ़ाया है।



- जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता रजत पदक, देश का बढ़ाया मान

#### बरसात के चलते लगा लंबा जाम

# दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में बन गए जलभराव के हालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लगातार रह रहकर हो रही झमाझम बारिश अब राहत की बजाए आफत की बरसात बनती जा रही है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी हुई झमाझम बारिश से दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव के हालत बन गए। सड़कों, अंडरपास व फ्लाईओवर पर जमा जलभराव ने यातायात को रेंगने पर मजबूर कर दिया। हालात इस कदर बद से बदतर हुए कि लोगों को मिनटों के सफर में घंटो लग गए। दो दिन से हो रही बारिश ने एक बार फिर दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका और दिल्ली सरकार के दावे बारिश के पानी में बह गए। दिल्ली में ड्रेनेज सिस्टम की बदहाली फिर खुलकर सामने आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही भारी बारिश की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया था। आईएमडी के अनुसार बुधवार को शाम 5.30 बजे तक सफदरजंग वेधशाला ने दिल्ली में औसतन 26 मिमी बारिश दर्ज की, जबकि देर रात तक रह रहकर पानी बरसता रहा।



#### बारिश : नारंग ने निगम पर साधा निशाना

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बारिश के चलते जगह जगह हुए जलभराव पर दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम को निशाने पर लिया है। नारंग ने कहा है कि भाजपा की चार इंजन वाली सरकार व निगम के दावों की पोल एक बार फिर चंद मिनट की बारिश ने खोल कर रख दी है। नारंग ने कहा कि दिल्ली में सिर्फ 15-20 मिनट की बारिश ने भाजपा की चार इंजन सरकार के सभी दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाए कि भाजपा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहती हैं कि पीडब्ल्यूडी के सभी नाले साफ हो चुके हैं। वहीं महापौर प्रवेश वाही रोज दावा करते हैं कि एमसीडी की नालियां बिल्कुल साफ हैं।

#### बारिश से पूर्वी दिल्ली का हाल बेहाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दो दिनों से हो रही है बारिश से पूर्वी दिल्ली का हाल बेहाल है। सबसे बुरा हाल उन जगहों पर है जहां विकास के काम अधूरे पड़े हुए हैं। पूर्वी दिल्ली के इलाकों की बात करें विकास मार्ग, लक्ष्मीनगर, मंडावली, पांडव नगर, गणेश नगर आदि जगहों पर जल भराव हुआ। वहीं सबसे बुरा हाल मंडावली इलाके का है। यहां के मुख्य बाजार की सड़क ही खुदी पड़ी है। जिस पर बारिश का पानी भर गया है। चूंकि इस सड़क से होकर ही बच्चे स्कूलों को जाते हैं। मंगलवार और बुधवार को हुई बारिश के कारण स्कूलों को जाने वाले बच्चे बारिश भरे हुए पानी में घुसकर निकल रहे हैं। दरअसल इस सड़क पर पिछले तीन से चार महीने से नालियां बनाने का काम चल रहा है जो अभी आधा भी पूरा नहीं हुआ है।

#### जाम नालियां खोल रही रेखा सरकार की पोलः कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली के कई इलाकों में जाम नालियां और पानी से भरी सड़कों ने रेखा गुप्ता सरकार की पोल खोल दी है। यह बात बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने दावा किया था कि मानसून के दौरान जलभराव को रोकने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। लेकिन मंगलवार और बुधवार को हुई बारिश ने पोल खोल दी है। बारिश में कई सड़कें डूब गईं, जिनमें वे 'हॉट स्पॉट' भी शामिल थे जिनकी पहचान दिल्ली सरकार ने जलभराव रोकने के लिए की थी। लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिसमें ट्रैफिक जाम भी शामिल था।

### डीयू में तीन दिवसीय ओपन हाउस सेशन का हुआ समापन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के मिरांडा हाउस में आयोजित तीन दिवसीय ओपन हाउस सेशन (फेज़-2) का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। अंतिम दिन लगभग 150 छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने सत्र में भाग लेकर डीयू की स्नातक प्रवेश प्रक्रिया, सीएसएएस पोर्टल और विषय चयन से जुड़े अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम में मिरांडा हाउस की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) बिजयालक्ष्मी नंदा तथा बर्सर डॉ. नंदिनी दत्ता ने छात्राओं एवं अभिभावकों से संवाद किया और प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। विशेषज्ञों ने छात्राओं को सलाह दी कि वे सीएसएएस पोर्टल के फेज 2 पर फॉर्म में प्रेफरेंस भरने के लिए मोबाइल फोन, विशेषकर छोटी स्क्रीन वाले फोन का उपयोग करने से बचें। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरते समय लैपटॉप या डेस्कटॉप का उपयोग करना अधिक उपयुक्त है, क्योंकि इससे सभी विकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं और गलतियों की संभावना कम रहती है।



## खबर संक्षेप

### गोली लगने से व्यक्ति घायल

**फरीदाबाद।** छांयसा थाना क्षेत्र के अटाली गांव में एक व्यक्ति



लाइसेंसी पिस्तौल से चली गोली लगने से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घायल को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अटाली गांव निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र चौधरी मंगलवार देर शाम अपनी लाइसेंसी पिस्टल को हाथ में लिए हुए थे। इसी दौरान अचानक पिस्टल हाथ से फिसलकर जमीन पर गिर गई। जैसे ही पिस्टल नीचे गिरी, उससे गोली चल गई। गोली सुरेंद्र चौधरी के पैर में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े। गोली चलने की तेज आवाज सुनकर परिवार के लोग घबरा गए और तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुरेंद्र चौधरी को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया।

### चकमा देकर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार

**गाजियाबाद।** कवि नगर थाना इलाके में बुधवार को दिनदहाड़े



बदमाश एक शख्स को चकमा देकर उससे रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि बुधवार को करीब 11.50 बजे थाना कविनगर को संदीप ने पुलिस को दूरभाष सूचना दी कि वह आरडीसी स्थित कोटक महिंद्रा बैंक में चेक जमा करने आया था। जब वह चेक जमा करकर अपनी गाड़ी में बैठा, तो उसने बैग उतारकर गाड़ी में रख दिया। तब एक व्यक्ति उसके पास आता है, उसे कहा कि आपकी गाड़ी के आगे कोई आपका कुछ सामान गिरा हुआ है तथा पैसे गिरे हुए हैं। संदीप का कहना था गाड़ी से उतरकर जब वह गया तो वहां 10-10 के नोट पड़े हुए थे। वो नोट उठाकर वापस जब गाड़ी में आया, तो गाड़ी में उसका बैग नहीं था। उसके अनुसार गाड़ी में रखे बैग में उसका लैपटॉप तथा कुल 10 से 12 लाख रुपये थे। इस सूचना पर थाना कविनगर पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दिया गया है।

## विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, प्ले-स्कूल एवं डे-केयर केन्द्रों को लेकर जीडीए की बैठक

# संस्थान मालिकों को अग्नि सुरक्षा के मानकों के अनुरूप व्यवस्था करने पर इमारतें होगी डीसील्ड

**खास बातें**

- संस्थानों के मालिकों को जीडीए में देना होगा शपथ पत्र
- बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए )सभागार में सचिव विवेक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में उन विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, प्ले-स्कूल एवं डे-केयर केन्द्रों के प्रबंधकों/संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। इन संस्थानो को भवन मानकों एवं अन्य नियामकीय प्रावधानों के उल्लंघन के कारण प्राधिकरण द्वारा सील किया गया था। बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्थान मालिकों को अग्नि सुरक्षा के मानकों के अनुरूप व्यवस्था करने पर इमारतों को जीडीए डीसील्ड करेगा। बैठक के दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा सभी विद्यालय एवं संस्थान संचालकों को अग्नि सुरक्षा मानकों, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया, आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरणों की स्थापना एवं अनुरक्षण तथा प्रचलित अग्नि सुरक्षा नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन अनिवार्य है। विद्यालय संचालकों के अनुरोध पर सम्यक विचार-विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित संस्थानों को दो माह की अवधि प्रदान की जाएगी। इस अवधि के भीतर प्रत्येक संस्थान को उत्तर प्रदेश मॉडल भवन उपविधि, 2025 के अनुसार अपने भवन का मानचित्र/भवन स्वीकृत कराना होगा तथा अग्निशमन विभाग सहित अन्य सक्षम विभागों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं अन्य वैधानिक औपचारिकताएँ पूर्ण करनी होंगी।

**बैठक में संचालकों द्वारा शर्तों पर अपनी सहमति व्यक्त की**

*बैठक में उपस्थित सभी विद्यालय एवं संस्थान संचालकों द्वारा शर्तों पर अपनी सहमति व्यक्त की गई। इसके उपरांत प्राधिकरण द्वारा निर्णय लिया गया कि संबंधित संस्थानों से निर्धारित प्रारूप में शपथ-पत्र प्राप्त किए जाने के उपरांत उनके सील किए गए परिसरों को अस्थायी रूप से डी-सील किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो। यदि निर्धारित दो माह की अवधि में किसी संस्थान द्वारा स्वीकृत शर्तों एवं वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया जाता है, तो प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार पुनः कठोर प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के समस्त प्रभारी प्रवर्तन अधिकारी, प्रभारी मुख्य अभियंता तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

## आयुक्त ने सभी संपत्ति जमा करने करदाताओं से अपील की

# 31 अगस्त 2026 तक बकाया संपत्ति कर जमा करने पर ब्याज में 75 प्रतिशत की एकमुश्त छूटः आयुक्त खड़गटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने संपत्ति करदाताओं को बड़ी राहत प्रदान की है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित संपत्ति कर पर देय ब्याज में 75 प्रतिशत की एकमुश्त छूट दी जाएगी।

निगम आयुक्त ने बताया कि यह लाभ उन सभी संपत्ति करदाताओं को मिलेगा, जो 31 अगस्त 2026 तक अपना बकाया संपत्ति कर जमा कर देंगे तथा प्रॉपर्टी टैक्स ड्यूज पेमेंट एंड नो ड्यूज सर्टिफिकेट मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपनी संपत्ति का स्व.प्रमाणीकरण (सेल्फ सर्टिफाइड) भी पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि अधिसूचना के अनुसार विलंब से संपत्ति कर जमा करने पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज देय रहेगा। लेकिन सरकार द्वारा दी गई इस विशेष योजना के तहत पात्र करदाता ब्याज में 75 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी संपत्ति करदाताओं से अपील की कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए 31 अगस्त 2026 से पहले अपना बकाया संपत्ति कर जमा करें और स्व.प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ब्याज में दी जा रही एकमुश्त छूट का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि समय पर कर जमा करने से न केवल नागरिकों को आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि नगर निगम को शहर के विकास कार्यों को और अधिक गति देने में भी सहायता मिलेगी।

### डेंगू के 3, मलेरिया के 2 मरीज मिले,स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 10 लोगों को नोटिस

**फरीदाबाद।** जिला में डेंगू और मलेरिया के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। अब तक जिले में डेंगू के 3 और मलेरिया के 2 मरीज मिलने की पुष्टि हुई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि सभी मरीजों की हालत सामान्य है और उनका इलाज किया जा चुका है। बरसात के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में विशेष एंटी-लार्वा अभियान शुरू किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, कबाड़ और अन्य स्थानों पर जमा पानी की जांच कर रही हैं, ताकि मच्छरों के लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके और बीमारी के फैलाव पर रोक लगाई जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है।

### समय पर गणना प्रपत्र जमा करें, त्रुटि सुधार का मिलेगा पर्याप्त अवसरः उपायुक्त आयुष सिन्हा



**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं डिजिटलीकरण का कार्य निर्धारित दिशा.निर्देशों के अनुरूप निरंतर प्रगति पर है।

## 22 जुलाई को जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगे

# 22 जुलाई 1947 को राष्ट्रीय तिरंगा दिवस घोषित करे सरकारः शील मधुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं सादर इंडिया मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शील मधुर ने केंद्र सरकार से 22 जुलाई को आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय तिरंगा दिवस घोषित करने की मांग की है।



बुधवार को गुरुग्राम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय स्वाभिमान का सर्वोच्च प्रतीक है। शील मधुर ने कहा कि 22 जुलाई 1947 भारतीय इतिहास का गौरवशाली दिन है। इसी दिन संविधान सभा ने वर्तमान स्वरूप वाले तिरंगे को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया था। इसलिए इस ऐतिहासिक तिथि को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज से 22 जुलाई तक तिरंगे के सम्मान में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने देशवासियों से अपील की कि 22 जुलाई को पूरे उत्साह, गरिमा और राष्ट्रीय भावना के साथ राष्ट्रीय तिरंगा दिवस मनाएं।

विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं, आवासीय समितियों और व्यापारिक संगठनों को तिरंगे के इतिहास और उसके महत्व पर कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। उनका कहना था कि जैसे 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पूरे देश में मनाए जाते हैं, उसी प्रकार 22 जुलाई को भी राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए।

### चोरी करने के मामले में मां-बेटा गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने घर से सोने के आभूषण एवं नकदी चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए मां-बेटे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनित उर्फ ओप्पो तथा उसकी माता जी निवासी बालाजी कॉलोनी गांव करनेरा फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि संजय एन्क्लेव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी में शिकायत दी थी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अनिल कुमार उप्रेती पुत्रः** श्री बाल उप्रेती, **पताः** एफ–20, अंध विद्यालय, पंचकुइयां रोड, नई दिल्ली, ने **CC No. 7583/19 U/s 138 NI Act थानाः पहाड़गंज, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उप्रेती** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उप्रेती** फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 7583/19 U/s 138 NI Act थानाः पहाड़गंज, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उप्रेती** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अर्जुन किरार
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 02
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9146/CD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. शान मोहम्मद पुत्रः नबी अहमद पताः मकान नं. 305, गली नं. 11, कर्दमपुरी एक्सटेंशन, दिल्ली 2. शान आलम पुत्रः मोहम्मद शरीफ पताः मकान नं. 373, गली नं. 2, कर्दमपुरी एक्सटेंशन, दिल्ली** ने case **FIR No. 159/2022 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. शान मोहम्मद 2. शान आलम** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. शान मोहम्मद 2. शान आलम** फरार हो गए है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 159/2022 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. शान मोहम्मद 2. शान आलम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.08.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री किरणदीप कौर
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर पूर्व जिला, कोर्ट नं. 5
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9188/NE/2026 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन कुमार @ पन्नू पुत्र** हरबीर सिंह, **निवासः** B-720, गली नं. 11, अम्बेड़कर नगर, हैदरपुर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 26224/2024 U/s 305(b)/317(2)/345(3)/3(5) भारतीय न्याय संहिता., थानाः सफदरजंग इन्कलेव, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पवन कुमार @ पन्नू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पवन कुमार @ पन्नू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 26224/2024 U/s 305(b)/317(2)/345(3)/3(5) BNS., थानाः सफदरजंग इन्कलेव, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पवन कुमार @ पन्नू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिवांशी जनमेजा
जेएमएफसी-III (दक्षिण), कमरा नं. 212
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9137/SW/2026
(Court Notice)

## कलाकारों ने दर्शकों का आभार जताया

# जूही मुई की टीम ने दिया ऑटिज़्म पर जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कलर्स के लोकप्रिय शो जूही मुई की स्टारकास्ट ईशा सिंह और विजयेंद्र कुमेरिया ने दिल्ली पहुंचकर दर्शकों से मुलाकात की। शो की कहानी दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित होने के कारण कलाकारों का यह दौरा खास रहा।

इस दौरान दोनों कलाकारों ने दर्शकों के प्यार के लिए आभार जताते हुए ऑटिज़्म के प्रति जागरूकता और समावेशन का संदेश दिया। शो में ईशा सिंह 'जूही सूरी' की भूमिका निभा रही हैं, जो एक प्रतिभाशाली ऑटिस्टिक युवती है। कहानी में पिता के निधन के बाद



जूही के संघर्ष और उसकी जिंदगी में इंस्पेक्टर सन्यम सिंह (विजयेंद्र कुमेरिया) के सहयोग को भावनात्मक ढंग से दिखाया गया है।

ईशा सिंह ने कहा कि दिल्ली इस शो का दिल है और यहां दर्शकों से मिला स्नेह उनके लिए बेहद यादगार रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कहानी लोगों में सहानुभूति और स्वीकार्यता की भावना को मजबूत करेगी। विजयेंद्र कुमेरिया ने भी कहा कि दर्शकों का प्यार उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। उनके अनुसार, इंस्पेक्टर सन्यम सिंह का किरदार यह संदेश देता है कि सच्ची इंसानियत और न्याय की शुरुआत समझ और करुणा से होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि 'जूही मुई' आगे भी समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का संदेश फैलाती रहेगी।

## वन महोत्सव सप्ताहः प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, विद्यार्थियों ने लिया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर गाजियाबाद रेंज के अंतर्गत प्रसिद्ध जादूगर एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के ब्रांड एंबेसडर वी. सम्राट द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह कार्यक्रम पीएम केंद्रीय विद्यालय, कमला नेहरू नगर, अर्वाचीन पब्लिक स्कूल, साहिबाबाद तथा चौधरी मोड़, पुराना बस अड्डा, गाजियाबाद में आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान वी सम्राट ने अपनी आकर्षक जादुई प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया। उन्होंने मनोरंजन के साथ-साथ वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का महत्व समझाया। उनकी प्रस्तुति ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया और सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी, गाजियाबाद, निमी कुचिया, गाजियाबाद रेंज के समस्त वन स्टाफ (वन दरोगा एवं वन रक्षक), विद्यालयों के शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गांव डाबरा माइनर पर आरडी 0.00 से 0.690 तक हिसार राजगढ़ रोड से हिसार मंगाली शरवा रोड तक नये रोड का निर्माण (33 केवी लाइन की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 07.07.2026 13.07.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (नर्सिंग कॉल सिस्टम का प्रावधान)। | 07.07.2026 13.07.2026 | 32.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प नरवाना | नरवाना जिला जीन्द में राजकीय पशु चिकित्सालय (जीवीएच) का निर्माण। | 07.07.2026 14.07.2026 | 33.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बरोदा मोर में पुलिस स्टेशन से बाबा धामसर वाला रास्ता तक फिरनी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 20.07.2026 | 68.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज ढाण्ड | गांव बेगपुर, ब्लॉक ढाण्ड (केटीएल) में शरवण पुत्र भजना राम के मकान से पहलू पुत्र बीर सिंह बाल्मिकी के मकान तक फिरनी का अपग्रेडेशन (डी प्लान) + 12 कार्य। | 07.07.2026 13.07.2026 | 58.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416550000 sutharprithviraj1972@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज खरखौदा | जैडपी सोनीपत के तहत विभिन्न स्थानों पर 10 अदद पानी के टैंकर की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 14.07.2026 | 16.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467668228 sdoprkharkhoda7@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज पंचकूला | श्यामतू :- गांव श्यामतू ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में गांव बस स्टैंड से गांव तालाब तक नाला का निर्माण (वीएएनजीवाई 2025-26) + 6 कार्य। | 06.07.2026 13.07.2026 | 38.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 8 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) हरियाणा | हरियाणा राज्य (फरीदाबाद और गुरूग्राम को छोड़कर) में ईएसआई स्कीम के तहत बीमित व्यक्ति के लिए माध्यमिक देखभाल हेतु निजी हस्पतालों के टाइ-अप हेतु आवेदन। | 11.07.2026 10.08.2026 | ईएमडी 3 लाख | www.hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |
| 9 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) हरियाणा | पीपीपी आधार पर ईएसआई हस्पताल सेक्टर-8 फरीदाबाद और हस्पताल जगाधरी हरियाणा में सीटी/एमआरआई के लिए रेडियोलॉजी इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर के उपकरण स्थापना, ऑपरेट और मैनेज मॉडल के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 11.07.2026 10.08.2026 | ईएमडी 7 लाख | www.hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण गुरूग्राम | गांव ताज नगर से मेन रोड से बीपीएल कॉलोनी और रतिराम मकान से अमृत सरोवर की तरफ लोनिवि रोड तक वाटर कन्वेयंस सिस्टम। | 07.07.2026 14.07.2026 | 19.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण गुरूग्राम | गांव नानू खुर्द, पटौदी, गुरूग्राम में गांव तालाब के तटबंध का संरक्षण और पुनरोद्धार। | 07.07.2026 14.07.2026 | 19.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण गुरूग्राम | गांव जुडोला ब्लॉक फर्रूखनगर, गुरूग्राम में सिब्बु मकान से पंचायत भूमि तालाब तक वाटर कन्वेयंस सिस्टम। | 07.07.2026 14.07.2026 | 16.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण गुरूग्राम | गांव इंचापुरी, पटौदी, गुरूग्राम में माइनर से तालाब तक वाटर कन्वेयंस सिस्टम। | 07.07.2026 14.07.2026 | 13.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 0 से 18630 तक लडायन माइनर की किनारा सफाई + 2 कार्य। | 07.07.2026 13.07.2026 | 3.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262271675 xenfdrrtk@gmail.com |
| 15 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | आरडी 24400 भाना ब्राह्मणान ड्रेन पर वाटरकोर्स क्रॉसिंग का पुनर्निर्माण + 1 कार्य। | 07.07.2026 13.07.2026 | 5.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल में बाढ़ योजना के तहत गांव बाघोत के बाढ़ संरक्षण कार्य हेतु नये 5 सीएस पम्प्स सहित सम्बद्ध इलैक्ट्रो मैकेनिकल एक्सेसरीज की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 22.07.2026 | 93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | पम्प हाउस नं. 1 (आरडी-0) लोहारू कैनाल के स्विच रूम के प्रवेश द्वार पर इंडस्ट्रीयल पीवीसी स्ट्रिप कर्टेंस का प्रावधान व फिक्सिंग और 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 2.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 18 | सिविल सर्जन, नारनौल | सिविल सर्जन नारनौल का कार्यालय में जिला प्रशिक्षण केन्द्र में खाद्य व्यवस्था हेतु ई-निविदा। | 07.07.2026 22.07.2026 | ईएमडी 10500 | https://etenders.hry.nic.in | 9355471955 dcstrg.mhn@gmail.com |
| 19 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह में 02 लिफ्टों (मेक कोन) के सीएमसी हेतु सेवाओं के लिए निविदा सूचना। | 09.07.2026 21.07.2026 | ईएमडी 5,989/- | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |
| 20 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह में विभिन्न औषधियों की खरीद के लिए निविदा हेतु निविदा सूचना। | 09.07.2026 22.07.2026 | 3.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/400/46984/I/88/7 दि. 08.07.26

## खबर संक्षेप

### देवघर में 30 एकड़ में बनेगा भव्य कॉरिडोर

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।



बाबाधाम में अयोध्या की तर्ज पर मंदिर परिसर के आसपास 30 एकड़ में सुव्यवस्थित और भव्य कॉरिडोर विकसित होगा। नया कॉरिडोर बेहतर यातायात व्यवस्था, पैदल यात्रियों के लिए विशेष क्षेत्र और आधुनिक तीर्थ सुविधाओं से लैस होगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एनआइटी पटना बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर परिसर के व्यापक विकास का खाका बना रहा है। योजना के पहले चरण में करीब 30 एकड़ क्षेत्र में मंदिर कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव है। बाबाधाम को देवघर के चार प्रमुख प्रवेश मार्गों से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए अलग-अलग तीर्थयात्री पहुंच मार्ग विकसित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, कॉरिडोर विकास योजना को तीन चरणों में पूरा करने की तैयारी है। दूसरे चरण में करीब 40.24 एकड़ क्षेत्र में रणनीतिक विकास कार्य होंगे। 83.70 एकड़ क्षेत्र में फैले ऐतिहासिक जल निकायों के संरक्षण और पुनर्जीवन की योजना भी बनाई गई है।

### 3.66 लाख महिलाओं के खातों में पहुंचे 275 करोड़ रु.

**रांची।** रांची जिले की 3.66 लाख से अधिक महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिला है। अप्रैल से जून 2026 तक की सम्मान राशि एकमुश्त उनके बैंक खातों में 275 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित की गई है। यह राशि महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले की लाखों महिलाओं को राहत मिली है। जिला प्रशासन ने अप्रैल, मई और जून 2026 की तीन माह की सम्मान राशि का एकमुश्त भुगतान लाभुकों के बैंक खातों में कर दिया है। आधार आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से जिले की 3 लाख 66 हजार 664 महिला लाभुकों के खातों में प्रत्येक को 7,500 रुपए की दर से कुल 274 करोड़ 99 लाख 80 हजार रुपए हस्तांतरित किए गए हैं। अनुसार योजना का लाभ जिले के लगभग सभी प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों की पात्र महिलाओं तक पहुंच चुका है।



# लखनऊ में एएआई के पहले एबी-इनिशियो इलेक्ट्रॉनिक्स प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

लखनऊ स्थित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण यानी एएआई के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में कनिष्ठ कार्यपालक प्रशिक्षुओं इलेक्ट्रॉनिक्स के पहले एबी-इनिशियो प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम देश में संचार, नेविगेशन और सर्विलांस यानी सीएनएस प्रणालियों के संचालन और अनुरक्षण के लिए उच्च दक्षता वाले तकनीकी मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईएम लखनऊ के निदेशक प्रोफेसर एमपी गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने अपने संबोधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षुओं को निरंतर सीखने और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**एआई और आधुनिक तकनीक से तैयार होंगे भविष्य के एयरपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक्स विशेषज्ञ**






### कुशल विमानन पेशेवर तैयार किए जाएंगे

इस अवसर पर आईएमडी के निदेशक डॉ. मनीष आर रानालकर, सीआईएसएफ के कमांडेंट विकास पांडे, एएआई लखनऊ के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य हितधारकों ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। सीएनएस प्रभारी ए ए अंसारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस पाठ्यक्रम में विमानन इलेक्ट्रॉनिक्स, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट, साइबर सुरक्षा, सुरक्षा प्रबंधन और आधुनिक विमानन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे भविष्य के कुशल विमानन पेशेवर तैयार किए जा सकेंगे।

## मुख्यमंत्री ने आषाढ़ में शिक्षा परिवार पर की समृद्धि की बारिश

# सीएम योगी ने किया 12 लाख शिक्षणकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आषाढ़ मास में बाबा विश्वनाथ की धरा से उत्तर प्रदेश के 'शिक्षा परिवार' पर 'समृद्धि की बारिश' की। उन्होंने शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, उनके आश्रितों, बच्चों, संविदा कर्मियों आदि को बड़ी सौगात दी। सीएम ने इसके साथ ही शिक्षकों से अपील की कि आप अनुशासित वातावरण बनाकर बच्चों को मेहनत व प्यार से पढ़ाकर गढ़िए।

देश का भविष्य अच्छा होगा तो हर नागरिक का भविष्य अच्छा हो जाएगा। स्कूल का वातावरण स्वच्छ, सुंदर, अनुशासित और आध्यात्मिक तेज से परिपूर्ण दिखे। आप बच्चों का ध्यान दें, सरकार आपका ध्यान रखेगी। हर बच्चा स्कूल जाए, यह नागरिकों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों का दायित्व है। सीएम ने सरकार के अन्य विभागों व निजी क्षेत्र से भी अपने कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा गारंटी देने को कहा।

1.10 करोड़ विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग, स्टेशनरी के लिए 1200 रुपए प्रति विद्यार्थी के हिसाब से अभिभावकों के खाते में 1320 करोड़ रुपए का किया अंतरण सीएम योगी ने बुधवार को 12 लाख शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने वाली मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने 1.10 करोड़ विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग, स्टेशनरी के लिए 1200 रुपए प्रति विद्यार्थी के हिसाब से उनके अभिभावकों के खाते में कुल 1320 करोड़ की धनराशि का अंतरण किया। इस अवसर पर 10 लाख शिक्षकों व संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू भी किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश भर में 404 स्थानों पर आयोजित किया गया।

*10 लाख शिक्षकों व संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू*




**» सीएम ने अन्य सरकारी विभागों व निजी क्षेत्र से भी अपने कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा गारंटी देने को कहा**

**» पिछली सरकार पर कसा तंज, कहा- यूपी के एक नेता कहते थे कि नकल हमारा जन्मसिद्ध अधिकार**

### बच्चे अबोध, उन्हें सही राह दिखाना हर शिक्षक का दायित्व

सीएम योगी ने बच्चों की दो यूनिफॉर्म, बैग, बुक, स्वेटर, जूता-मोजा आदि के लिए अंतरण की गई राशि का जिक्र कर शिक्षकों से कहा कि आपका दायित्व है कि विद्यालय स्वच्छ व अच्छा लगे। विद्यालय के आंतरिक अनुशासन को बनाए रखने के लिए बच्चे निर्धारित यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, सर्दी में स्वेटर आदि पहनकर आएं। कल कुछ जगह छोटे बच्चे यूनिफॉर्म में ही बारिश में नहाते दिखे। बच्चे अबोध हैं, उन्हें सही राह दिखाना शिक्षकों का कर्तव्य और राष्ट्रीय दायित्व भी है। शिक्षक बच्चों को बताएं कि दोनों यूनिफॉर्म 3-3 दिन पहनें। खेलते समय दूसरे कपड़े पहनें और स्कूल से लौटकर वही जूते-मोजे पहनकर न खेलें। विद्यालयीय व सामान्य कामकाज के बारे में बताएंगे तो यह बच्चों के लिए प्रेरणा होगा, स्वच्छ भारत मिशन की सफलता को और ऊंचाई तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। सीएम ने आश्वस्त किया कि नए नामांकन के बाद भी कोई बच्चा इस सुविधा से छूटने नहीं पाएगा।

### आप बच्चों पर ध्यान दें, सरकार आपका ध्यान रखेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में पहले भी संभावनाएं थीं। एक समय अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत देश के कई राज्यों में उत्तर प्रदेश से शिक्षक जाते थे। एक बार जब मैंने केंद्रीय मंत्री किरिन रिजिजू से पूछा कि वहां सब लोग बहुत अच्छी हिंदी बोलते हैं तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां सभी शिक्षक यूपी से ही आए हैं। मध्य प्रदेश दौरे पर गया तो पता चला कि अलीगढ़, एटा, कासगंज, इटावा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी आदि जनपदों के लोग वहां कार्यरत हैं।

### शिक्षा की उपेक्षा से यूपी बना था बीमारू

सीएम ने कहा कि शिक्षा समाज की आधारशिला है, इसके बिना कुछ भी हो पाना असंभव है। पीएम मोदी जी ने देशवासियों से कहा है कि विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने की आधारशिला शिक्षा ही बनेगी। इसके लिए उन्होंने भारत की परंपराओं पर आधारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की। शिक्षा के बिना कुछ भी नहीं कर सकते। शिक्षा की उपेक्षा से ही यूपी 'बीमारू' हो गया था। 9 साल पहले नौकरी के लिए भटकने वालों को यूपी के बाहर हेय दृष्टि से देखा जाता था, लेकिन डबल इंजन सरकार के प्रयास से अब पहचान का संकट नहीं रहा। शिक्षा पर किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता।

### मुख्यमंत्री योगी ने मां विंध्यवासिनी के दरबार में की पूजा-अर्चना

**मिर्जापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मां विंध्यवासिनी के दरबार में पहुंचे। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच मां विंध्यवासिनी का विधिवत दर्शन पूजन किया और उनकी आरती उतारी। सीएम करीब 10 मिनट मंदिर में रहे। मुख्यमंत्री माता के दर्शन के लिए करीब सवा बारह बजे पहुंचे। मंदिर के प्रवेश द्वार पर सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में सभी देवी-देवताओं के दर्शन करने के बाद हवन कुंड की परिक्रमा की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। सीएम को देखने के लिए मंदिर परिसर के आसपास गलियों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।



### अब यूपी में नकल मुक्त शिक्षा, रोकी गई समय की बर्बादी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यूपी में नकल विहीन शिक्षा हो रही है, लेकिन पहले बहुत विचित्र स्थिति थी। दो-तीन महीने तक माध्यमिक शिक्षा की परीक्षाएं चलती थीं, फिर दो-तीन महीने में रिजल्ट आता था। इससे आधा साल बर्बाद हो जाता था और कुछ समय त्योहारों आदि में निकल जाता था, पढ़ाई कब होती? लेकिन अब 14 दिन के भीतर परीक्षा होती है और अगले 15 दिन के भीतर परिणाम आ जाता है।

## गोरखगिरी मंदिर एवं चित्रकूट स्थित लालापुर में पीपीपी मोड पर रोप-वे परियोजना जल्द

# दोनो जगह रोप-वे सेवा शुरू होने से पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा : मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

जनपद महोबा के गोरखगिरी मंदिर एवं जनपद चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम पर रोप-वे परियोजना को पर्यटन विकास की दृष्टि से पीपीपी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित और संचालित किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही पूरी की जा रही है। शीघ्र ही इस परियोजना की समस्त प्रक्रिया पूरी कराते हुए रोप-वे का संचालन शुरू करा दिया जायेगा। इससे गोरखगिरी मंदिर एवं जनपद चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम का दर्शन एवं भ्रमण करने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत प्राप्त होगी। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।



■ लालापुर में बाल्मीकि आश्रम श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र है

उन्होंने बताया कि गोरखगिरी जनपद महोबा का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। गोरखगिरी पर्वत बहुत ही खूबसूरत स्थल है। मान्यता है कि गुरू गोरखनाथ कुछ समय के लिए अपने सातवें शिष्य सिद्धो दीपकनाथ के साथ इसी पर्वत पर तपस्या की थी। यहां वर्ष भर श्रद्धालु आते रहते हैं। ऊँचाई पर स्थित होने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार चित्रकूट के लालापुर में बाल्मीकि आश्रम भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र है।

हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पधारते हैं। रोप-वे के संचालित हो जाने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार जनपद गोरखपुर में स्थित परमहंस योगानन्द जी की जन्म स्थली के पर्यटन विकास की परियोजना की पूरी हो जाने के पश्चात उसके रख-रखाव एवं संचालित किये जाने के लिए योगदा सत्संग सोसायटी, सोसायटी ऑफ इंडिया कोलकाता को हस्तान्तरित कराए जाने के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कराए जाने का प्रस्ताव है।

## योगी सरकार का बड़ा एक्शन: रिटायर्ड एआरटीओ के घर से 35 करोड़ की संपत्ति का खुलासा

# 13 किलो सोना, नौ किलो चांदी और 1.62 करोड़ नकद और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज बरामद


हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान यानी विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के लखनऊ स्थित आवास पर छापेमारी की। दो दिन तक चली इस कार्रवाई में विजिलेंस टीम ने 1 करोड़ 62 लाख रुपए नकद, करीब 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी, हीरे एवं सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 35 करोड़ रुपए बताई जा रही है। विजिलेंस के अनुसार ललित कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज है। न्यायालय से सर्च वारंट प्राप्त करने के बाद 7 और 8 जुलाई को अलीगंज स्थित आवास पर यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में मकान, फ्लैट, प्लॉट और कृषि भूमि से संबंधित दस्तावेज, दो लग्जरी कारें, एक रिवॉल्वर तथा बैंक खातों, डाकघर, म्यूचुअल फंड और फिक्स्ड डिपॉजिट में एक करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के रिकॉर्ड भी बरामद हुए हैं। विजिलेंस का कहना है कि सभी दस्तावेजों का सत्यापन कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





# नीतीश कुमार का बड़ा दांव! बिहार जेडीयू की नई टीम का ऐलान



एजेंसी ▶▶ पटना

जनता दल (यूनाइटेड) ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बिहार प्रदेश के पदाधिकारियों और प्रदेश प्रवक्ताओं की नई सूची जारी कर दी। ये सूची जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देशानुसार बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की ओर से जारी की गई है। नोटिस के अनुसार, प्रदेश संगठन में विभिन्न पदों पर वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव, कोषाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। संगठन में अनुभवी नेताओं के साथ-साथ नए चेहरों को भी अवसर दिया गया है, जिससे पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है।

## पेज एक का शेष

### ल्हासा से प्रंबनान मंदिर...

लेकर यहां प्रंबनान के पवित्र मंदिर तक आने में मुझे केवल एक ही मंत्र, महामृत्युंजय की गूंज और ओम नमः शिवाय का जाप ही सुनाई दे रहा है। हर कोई इन्हीं का उच्चारण कर रहा है और ये अपने आप में हृदय को स्पर्श करने वाला है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। यहां बता दें कि बीते 6 जुलाई से प्रधानमंत्री अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में इंडोनेशिया पहुंचे थे। 8 जुलाई को उनकी यह यात्रा समाप्त हो गई और वह ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के लिए रवाना हो गए। 8 से 10 जुलाई तक पीएम ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे और फिर वह 10 से 11 जुलाई तक वह न्यूजीलैंड की यात्रा करेंगे।

**दोनों देशों के तेज विकास की प्रार्थना की :** उन्होंने कहा, यह मंदिर पूरे दक्षिण पूर्व एशिया का दूसरा सबसे बड़ा सांस्कृतिक प्रतीक है। यहां पर त्रिमूर्ति यानी भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की प्रतिमाएं हैं। सदियों तक इस स्थान पर आस्था से पूजा होती रही है। अब मुझे भी इस मंदिर के दर्शन और शास्त्रोक्त विधि से पूजन करने का मौका मिला है। जो मेरे जीवन के लिए एक बहुत ही चैतन्यपूर्ण क्षण है। पीएम ने राष्ट्रपति सुबियांतो के यहां आयोजन में शामिल होने को लेकर कहा कि उनके आने से मेरे लिए भी यह पल बेहद खास हो गया है। हमने मिलकर भारत-इंडोनेशिया की मित्रता को मजबूत करने, अपने-अपने देशों के तीव्र विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए परमात्मा से प्रार्थना और भक्ति-भाव से पूजा की है।

**भारत के पास व्यापक अनुभव :** भारत को दक्षिण-पूर्व एशिया में कई विश्व धरोहर स्थलों के संरक्षण और जीर्णोद्धार का सफल अनुभव रहा है। एएसआई प्रंबानन से पहले इंडोनेशिया के प्रसिद्ध बोरोबुदुर मंदिर का व्यापक डॉक्यूमेंटेशन कर चुका है। प्रंबानन के संरक्षण में नई दिल्ली का सहयोग साझा सभ्यतागत विरासत के सहयोग और दोनों देशों के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर देश की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### सांस्कृतिक विरासत के...

खुशबू हमारी सांस्कृतिक विरासत अपनत्व से जोड़ती है। उन्होंने इंडोनेशिया के आम लोगों, अब तक रहे शासकों का इस विशाल मंदिर परिसर विरासत को श्रद्धाभाव से संभालने, संवारने को लेकर हृदय से धन्यवाद जताया। इसके अलावा उन्होंने पूर्ण विश्वास के साथ कहा कि यूनेस्को की इस विश्व धरोहर की यात्रा करने के लिए भारत के यात्री तो जरूर आएंगे। दुनिया के सुदूर क्षेत्रों में हम जहां कहीं भी जाएं। हमें भारत की सांस्कृतिक विरासत के दर्शन होते हैं।

### विदेश मंत्री ने बहरीन...

साथ भी वार्ता की है। जिसमें आपसी संबंधों की व्यापक समीक्षा की गई और क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी विचार- विमर्श किया गया है। 2026-2027 में बहरीन के यूएनएससी के अस्थायी सदस्य के रूप में चयन को लेकर उन्होंने बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति मुर्मू की ओर से दी गई शुभकामनाएं जयशंकर ने बहरीन के शीर्ष नेतृत्व को प्रेषित कीं। यात्रा में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी उनकी मुलाकात हुई है।

### भारतीय राजनयिक अंजनी...

मोदी ने वर्ष 2024 में यूक्रेन की यात्रा की थी। जिसके लिए उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की ने आमंत्रित किया था। दोनों देशों के बीच 1992 में स्थापित किए गए राजनयिक संबंधों के बाद यह पहला ऐसा मौका था। जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन की यात्रा की थी। जिसमें दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई थी और उसमें पीएम मोदी ने युद्ध के बीच शांति स्थापना का अपना बड़ा संदेश दिया था।

**बातचीत-कूटनीति से निकले समाधान :** भारत का रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर यह मत रहा है कि किसी भी समस्या का समाधान सिर्फ और सिर्फ बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकाला जाना चाहिए। युद्धक्षेत्र में विवाद का कोई हल नहीं निकल सकता है। उन्होंने ये भी कहा था कि दोनों पक्षों के बीच शांति स्थापित करने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों में भारत सहयोग के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संबंध में अपना बेहद प्रसिद्ध और चर्चित वाक्य कहा था। जिसे पूरी दुनिया 'यह युद्ध का युग नहीं है' के रूप में जानती है।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ...

ट्रस्ट ने उस रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने 2.93 करोड़ रुपये की जमीन को मंदिर के लिए ट्रस्ट द्वारा 18 करोड़ रुपये में खरीदे जाने का मुद्दा भी उठाया। गोहिल ने कहा कि शुरुआत में ही ट्रस्ट को बर्खास्त और चंपत राय को हटा दिया गया होता तो आज यह स्थिति नहीं आती। चंपत राय द्वारा मंदिर के दानपात्रों की चाबी अपने चालक को दिए जाने की खबरों पर कांग्रेस नेता ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर चंपत राय को तुरंत जेल भेजा जाना चाहिए। मंदिर में कर्मचारियों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए गोहिल ने आगे कहा कि एसआईटी की एफआईआर में आरोपियों के नाम के आगे पिता का नाम और पता अज्ञात लिखा है, जो दर्शाता है कि ट्रस्ट ने या तो बिना उचित दस्तावेजों और पृष्ठभूमि की जांच के लोगों को काम पर रखा या फिर एसआईटी को पूरी जानकारी नहीं दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज होने की बात सामने आई तो उसके तुरंत बाद चोरी बंद हो गई और मंदिर का चढ़ावा अचानक बढ़कर 24 से 26 लाख रुपये प्रतिदिन हो गया, जबकि पहले यह 16 से 18 लाख रुपये था। यानि रोजाना करीब 10 लाख रुपये की चोरी हो रही थी। गोहिल ने याद दिलाया कि रथ यात्रा के दौरान श्रीराम मंदिर के मुख्य पुजारी रहे महंत लाल दास ने मंदिर को राजनीति का अखाड़ा न बनाने की सलाह दी थी। इसके बाद उन्हें हटा दिया गया और बाद में उनकी हत्या हो गई। उन्होंने कहा कि इस तरह धर्म की आड़ में बहुत बड़ा अपराध हो रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा-आरएसएस पर करारा वार करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर हिंदुओं की आस्था का केंद्र है, वहां चोरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने याद दिलाया कि शंकराचार्य ने श्रीराम मंदिर के भूमि पूजन और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए मुहूर्त को अशुभ बताया था, लेकिन उनकी बात को दरकिनार कर भाजपा ने चुनावी फायदे के लिए मंदिर का समारोह आयोजित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का हिंदुओं और श्रीराम से कोई लेना-देना नहीं है, वह भगवान के नाम पर केवल राजनीतिक रोटियां सेंकती है। गोहिल ने यह भी कहा कि देश के हर राम मंदिर में भगवान श्रीराम के साथ सीता मैया रहती हैं, लेकिन अयोध्या के मंदिर में सीता मैया को उनका उचित स्थान नहीं दिया गया। उन्होंने मांग की कि वर्तमान ट्रस्ट को तुरंत भंग कर शंकराचार्यों और साधु-संतों का नया ट्रस्ट बनाया जाए। घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी गलत लोगों को ट्रस्ट में नियुक्त करने और चंपत राय द्वारा उन्हें भगवान विष्णु का अवतार बताए जाने पर चुप्पी साधने के लिए देश की जनता से माफी मांगें।

### मुख्यमंत्री सैनी से आइकिया...

दिए गए निरंतर सहयोग के लिए मुख्यमंत्री सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय, विदेश सहयोग विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा नियमित स्वीकृतियों में तेजी लाने और कंपनी की आवश्यकताओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए दिए गए सहयोग की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि आइकिया स्वीडन की अग्रणी होम फर्निशिंग कंपनी है। भारत कंपनी के सबसे महत्वपूर्ण विकासशील बाजारों में शामिल है। साथ ही, कंपनी की संपूर्ण वैल्यू-चेन उपस्थिति के लिहाज से भी भारत का विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा में आइकिया द्वारा निवेश करने संबंधी प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को बेहतर अवसर और सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। भविष्य की विस्तार योजनाओं के लिए कंपनी को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। बैठक में पैट्रिक एंटोनी ने मुख्यमंत्री को अगले वर्ष गुरुग्राम में आइकिया स्टोर के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसके उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने हरियाणा के प्रति आइकिया की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह परियोजना वैश्विक कंपनियों के लिए हरियाणा को एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में और अधिक सुदृढ़ करेगी। उल्लेखनीय है कि इस स्टोर की आधारशिला हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने रखी थी। हरियाणा सरकार के अनुसार कंपनी वर्तमान में गुरुग्राम में अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से हरियाणा में लगभग 3,500 से 4,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है, जिससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 10,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही यह परियोजना भारत में आइकिया के प्रमुख निवेशों में से एक होगी, जिसमें एक ही परिसर में रिटेल, कार्यालय परिसर तथा समुदाय-केंद्रित अनुभवों का समावेश होगा। हरियाणा सरकार भी कंपनी के साथ मिलकर अपने सुदृढ़ कौशल विकास तंत्र के माध्यम से कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि इस परियोजना से सृजित रोजगार के अवसरों का लाभ राज्य के युवाओं को मिल सके।

### बरसात का कहर झेल...

तत्काल उपलब्ध कराएगी। महाराष्ट्र में लगातार मूसलाधार बारिश से पुणे, पिंपरी-चिंचवड़, मुंबई, कोंकण और घाट क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पुणे के मोशी क्षेत्र में भारी बारिश के कारण एक प्रशासनिक भवन ढह गया, जिसमें कई लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। एनडीआरएफ, सेना, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं। इसके अलावा पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ के बाढ़ प्रभावित इलाकों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उधर, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के कई जिलों में अगले 24 घंटों के लिए फ्लैश फ्लड का मध्यम जोखिम जताया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भी लगातार तीसरे दिन अचानक आई बाढ़ से मकानों, दुकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है। आईएमडी ने कई क्षेत्रों में 200 मिमी तक वर्षा होने की संभावना व्यक्त करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। गृह मंत्री अमित शाह ने संबंधित राज्य सरकारों से कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए और प्रभावित लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाई जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त एनडीआरएफ टीमों सहित सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### डीआरडीओ को मिली...

**पिनाका लांचर से हुआ परीक्षण :** मंत्रालय ने बताया कि पिनाका रॉकेट के इस परीक्षण को थलसेना में पहले से मौजूद पिनाका लांचर की मदद से पूरा किया गया। जिससे एक बात स्पष्ट रूप से साबित हो जाती है कि सेना में पहले से अपनी सेवा दे रहे लांचर की मदद से अलग-अलग मारक क्षमता यानी रेंज वाले पिनाका रॉकेटों का सफलता के साथ परीक्षण किया जा सकता है। यह एक प्रकार से लांचर की बहु-उपयोगिता को भी भली-भांति प्रदर्शित करता है।

**रॉकेट डिजाइन से जुड़े प्रमुख संस्थान :** पिनाका रॉकेट का डिजाइन डीआरडीओ की कई प्रयोगशालाओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। जिसमें आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट (एआरडीई) ने हाई एनर्जी मटेरियल रिसर्च प्रयोगशाला (एचईएमआरएल) से मदद ली है। वहीं, इस परियोजना में संगठन की ही दो अन्य प्रयोगशालाओं जैसे डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी (डीआरडीएल) और रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया है। पिनाका रॉकेट के उड़ान परीक्षण का समन्वय एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल इस्टैब्लिशमेंट (पीएक्सई) द्वारा किया गया है।



हेल्थ क्वेस्ट



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब कमर में हो अकड़न और दर्द



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-साकेत, रायपुर**

आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं काफी देखी जाती हैं। इसका कारण लंबी सिटिंग है। अगर आपका प्रोफेशन भी ऐसा है तो जरूर आपको लाइफस्टाइल थोड़ी चेंज करनी पड़ेगी। रेगुलर तौर पर सुबह और शाम कमर की एक्सरसाइज करें। ऑफिस में काम करते वक्त थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में कुछ चहलकदमी करें। इसके अलावा विटामिन-डी और कैल्शियम की भी जांच कर लें। इसकी कमी भी दर्द की वजह बनती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मैं अकसर बीमार पड़ जाता हूं। गला खराब रहता है, लूज मोशंस और उल्टियों की समस्या बनी रहती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको पानी से इंफेक्शन हो सकता है, जिससे डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। सबसे पहले आप घर के बाहर जाते समय पीने का पानी साथ लेकर निकलें। गला खराब होने की वजह ठंडा पानी होता है। कई बार लोग गर्मी से आते हैं और तुरंत ठंडा पानी पी लेते हैं। इस मौसम में अचानक ठंडा पानी पीना भी नुकसानदेय हो सकता है। इससे बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-रमेश, कटनी**

सांस फूलने की एक वजह दिल संबंधी परेशानी हो सकती है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना ठीक नहीं है। हालांकि कई बार फेफड़े संबंधित रोग से भी ऐसा होता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। वह कुछ जांच कराएंगे, जिससे इसकी वजह पता चलेगी और उसका इलाज हो सकेगा। फिलहाल आप जल्दी डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 62वर्ष है। एक साल पहले मैंने प्रोस्टेट का ऑपरेशन करवाया था। पिछले कुछ हफ्तों से यूरिनेशन में प्रॉब्लम हो रही है। कृपया बताएं कि अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगताप, रोहतक**

जितनी जल्दी हो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जांच करने के बाद ही पता चलेगा कि इसकी वजह क्या है? इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है।

**मेरी उम्र 33 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इस समस्या का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी से भी हो सकते हैं। दूसरी बात आप बता रहे हैं कि स्किन में स्वेलिंग भी है तो यह लक्षण शुगर बढ़ने की वजह से भी होता है। ऐसे में बगैर जांच कराए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करके जांच करा लें, जिससे परेशानी का कारण पता चलेगा और प्रॉपर उपचार किया जा सकेगा। फिलहाल आप मीठा खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि यह प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-नीरज, हिसार**

आपको ईएनटी विशेषज्ञ से मिलना चाहिए, वे जांच कर बताएंगे कि इसकी वजह क्या है? कई बार नाक की हड्डी बढ़ने से भी ऐसी समस्या आती है और उसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी नहीं कहा जा सकता है, इसलिए डॉक्टर से संपर्क करें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**


डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. बी. ए. चौरसिया
कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

मानसून के दौरान पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं अन्य ऋतुओं की तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगा सकते हैं कि प्रतिवर्ष देश में लगभग तीन लाख बच्चों की मौतें डायरिया के कारण होती हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले मानसून के दौरान दर्ज होते हैं। बारिश के मौसम में किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं, इनसे बचने के लिए क्या सावधानियां बरतें, यहां एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

## बारिश के मौसम में बढ़ जाता है पाचन संबंधी संक्रमण का रिस्क








अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स अब इस तथ्य पर एकमत हैं कि अच्छे स्वास्थ्य की बुनियाद सशक्त पाचन तंत्र पर आधारित है, लेकिन यही तंत्र लापरवाही बरतने पर बारिश के मौसम में तेजी से बिगड़ जाता है। ऐसे में इस मौसम में एक्स्ट्रा केयर और प्रिकॉशन बरतने की जरूरत होती है।

### इसलिए बढ़ती हैं समस्याएं

मानसून में अत्यधिक उमस भरे वातावरण के कारण व्यक्ति की पाचन क्रिया धीमी हो जाती है। बारिश होने पर वातावरण में नमी व्याप्त हो जाती है और बारिश थमने पर धूप निकलने के बाद मौसम अत्यधिक उमस भरा, चिपचिपा हो जाता है। यह स्थिति शरीर की पाचन क्रिया को धीमा करती है। पाचन क्रिया के धीमा पड़ने से अपच (बदहजमी), गैस, एसिडिटी, पेट में दर्द, मरोड़ व ऐंठन आदि गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल (पेट और आंतों से संबंधित) समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के मौसम में नमी और उमस के अलावा गंदगी के बढ़ने के कारण जीवाणु तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु व्यक्ति को विभिन्न बीमारियों का शिकार बनाते हैं। अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से होने वाली इन जीवाणुजनित बीमारियों में प्रमुख तौर पर गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया, पेचिश, पेट और आंतों में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और हैजा शामिल हैं। इसके अलावा मानसून में हेपेटाइटिस ए और हेपिटाइटिस ई के मामले भी बढ़ जाते हैं, लेकिन हेपेटाइटिस वायरस जनित रोग है।

**गैस्ट्रोएंटेराइटिसः** पेट और आंतों में संक्रमण की स्थिति को गैस्ट्रोएंटेराइटिस कहते हैं। इस समस्या में पेट में मरोड़, ऐंठन, दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार के लक्षण प्रकट होते हैं। कुछ लोगों में सिर दर्द की समस्या भी होती है।

**डायरियाः** इसमें भी गैस्ट्रोएंटेराइटिस सरीखे लक्षण प्रकट होते हैं, लेकिन दस्त अनेक बार और जल्दी-जल्दी होते हैं। देश में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया के मामले बहुत ज्यादा होते हैं, जो मानसून में तेजी से बढ़ते हैं।

**पेचिश (डिसेंट्री):** जब दस्त के साथ खून भी आने लगे तो उस स्थिति को पेचिश या डिसेंट्री कहते हैं। इस मर्ज के अन्य लक्षण गैस्ट्रोएंटेराइटिस की तरह ही होते हैं।

**अपच (बदहजमी)-गैस-एसिडिटीः** भूख से अधिक मात्रा में गरिष्ठ और अधिक चिकनाईयुक्त पदार्थों को खाना, इन समस्याओं का एक कारण है। चूंकि मानसून में पाचन क्रिया धीमी रहती है, इसलिए गरिष्ठ खाद्य पदार्थों को पचाने में पाचन तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ता है, नतीजतन अपच, गैस और एसिडिटी के मामले मानसून में बड़े पैमाने पर सामने आते हैं।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** लिवर में सूजन और इन्फ्लेमेशन (इस स्थिति में सूजन के अलावा मरीज की लिवर कोशिकाएं भी क्षतिग्रस्त होने लगती हैं) को हेपेटाइटिस कहते हैं। मानसून के दौरान हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई के मामले काफी बढ़ जाते हैं। हेपेटाइटिस में पीड़ित व्यक्ति को पहले बुखार आता है और इसके बाद वह पीलिया (जॉन्डिस) से ग्रस्त हो जाता है। पीलिया के लक्षणों के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति की आंखों का रंग पीला हो जाता है, उन्हें यूरिन पीली होती है और वे भूख महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि पीलिया, हेपेटाइटिस का लक्षण है।

**फूड प्वॉइजनिंगः** ई.कोली और सैलमॉनेला नामक जीवाणु बरसात के मौसम में तेजी से पनपते हैं। ये जीवाणु अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में पहुंचते हैं। पेट खराब होना और उल्टी होना, इस समस्या के प्रमुख लक्षण हैं।

**हैजाः** मानसून के दौरान वाइबरियो कॉलेरी नामक जीवाणु तेजी से पनपता है, जो हैजा (कॉलरा) का कारण है। प्रदूषित खाद्य और अशुद्ध पेय पदार्थों को लेने से इसके जीवाणु शरीर में प्रवेश कर पाचन तंत्र को गड़बड़ कर देते हैं। लगातार उल्टियां और दस्त होना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

### इलाज के बारे में

- गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया और डिसेंट्री के इलाज में जरूरत पड़ने पर डॉक्टर के परामर्श से एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं।
- ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी का भी प्रयोग होता है।
- अनेक मामलों में लक्षणों के आधार पर चिकित्सा की जाती है। जैसे मरीज को उल्टी होने पर इसे दूर करने की दवा, पेट में मरोड़ और दर्द होने पर इसे दूर करने वाली दवा और सिर दर्द होने पर इससे राहत दिलाने वाली दवा पेशेंट को दी जाती है।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग नहीं किया जाता। हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों में लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। बावजूद इसके, जो महिलाएं प्रेग्नेंट हों, उन्हें डॉक्टर के परामर्श की आवश्यकता होती है।
- बदहजमी, गैस और एसिडिटी की समस्या को ज्यादातर मामलों में घर पर रहकर ही डॉक्टर के परामर्श से खानपान में संयम बरतकर और दवाओं से दूर किया जा सकता है।
- फूड प्वॉइजनिंग का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। जैसे उल्टियां होने पर इसे रोकने की दवाएं दी जाती हैं।
- हैजा के इलाज में उल्टी और दस्त को रोकने की दवाएं दी जाती हैं। यह बहुत जरूरी होता है कि मरीज के शरीर में पानी की कमी न हो पाए, इसलिए उसे हाइड्रेशन थेरेपी दी जाती है।

### तब न करें लापरवाही

पाचन तंत्र से संबंधित समस्याओं को गंभीर स्थिति में पहुंचने से पहले ही सावधान हो जाना चाहिए। जैसे मानसून में डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं, वैसे तो यह एक आम समस्या है, लेकिन लापरवाही बरतने पर डायरिया आपको गंभीर हालत में पहुंचा सकता है। रोगी अगर पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, ओआरएस लेता है तो स्थिति कंट्रोल में रहेगी। लेकिन अगर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण दिखें तो तुरंत हॉस्पिटल जाकर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-अगर मरीज को लगातार कई दिनों से बुखार जारी है। उसे यूरिन कम हो रही हो। मल (स्टूल) से खून आ रहा हो। पीड़ित व्यक्ति की उल्टियां और दस्त बंद न हो रहे हों। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

### मानसूनी संक्रमण से बचाव के उपाय



- शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अगर आपके पास वाटर फिल्टर, वॉटर प्यूरीफायर या आरओ उपलब्ध नहीं है तो फिर पानी को उबालकर और फिर ठंडा कर पिएं।
- दस्त और उल्टी होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस स्थिति की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए और ओआरएस भी लेना चाहिए।
- हल्का सुपाच्य भोजन करें। स्वाद के लालच में ओवर ईटिंग से बचें।
- जहां तक संभव हो, घर के बाहर खाने से परहेज करें।
- जंक फूड्स और फास्ट फूड्स से दूरी बनाए रखें।
- कुछ भी खाने से पहले सैनिटाइजर या एंटीबैक्टीरियल साबुन से हाथ जरूर धोएं।
- बाजार में मिलने वाले पकौड़ों, कचौड़ियों, चाट, समोसे आदि गरिष्ठ खाद्य पदार्थों की बजाए कभी-कभार घर में बनाकर खाना बेहतर है।
- बासी खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ताजी सब्जियों और ताजे फलों को ही ग्रहण करें। इन्हें अच्छी तरह से धोकर खाएं।
- इन दिनों जूस के स्थान पर सूप का सेवन स्वच्छता के लिहाज से अच्छा है। जूस, चाय और कॉफी की मात्रा घटाएं और सूप की मात्रा बढ़ाएं।
- नॉनवेज और सीफूड्स से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।
- पीने का पानी स्वच्छ और शुद्ध होना चाहिए। संक्रमित पानी पीने से हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस ई और डायरिया आदि समस्याओं का रिस्क बढ़ता है।

डाइट

राजकुमार दिनकर

## जब नाश्ते के बाद फील हो सुस्ती



बहुत से लोगों को सुबह नाश्ता करने के बाद शरीर में भारीपन महसूस होता है, आलस छाने लगता है, थकान महसूस होती है, काम करने के लिए बैठो तो काम में मन नहीं लगता। यह एक आम समस्या है। नाश्ते में आप क्या लेते हैं, आपका खान-पान कैसा है और आपका लाइफस्टाइल कैसा है, यह बहुत मायने रखता है। सुबह के नाश्ते के बाद नींद या सुस्ती आना इसे फूड कोमा भी कहा जाता है।

**हो सकती हैं कई वजहः** तमाम दूसरी वजहों के अलावा एक सबसे बड़ी समस्या होती है, नाश्ते में कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त फूड्स खाना। खाना कम मात्रा में न खाकर ज्यादा खाने से भी यह समस्या होती है, क्योंकि अत्यधिक कैलोरी, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट या वसायुक्त नाश्ता शरीर को सुस्त बनाता है। जो लोग सुबह 4 या 5 बजे सोकर जगते हैं, उन्हें भी इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ता है, क्योंकि अगर हमारी नींद पूरी न हो तो नाश्ता करने के बाद शरीर में सुस्ती आने लगती है। इसके अलावा जो भोजन हम खाते हैं, उनमें अगर विटामिन-डी, बी, बी-12 या आयरन की कमी होती है तो इससे भी नाश्ता करने के बाद नींद आने लगती है।

**सही फूड न चुननाः** सुबह के समय परांठा, सफेद ब्रेड, तली हुई चीजें खाने से रक्त में शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ज्यादा खा लिया जाए तो भोजन को पचाने में शरीर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके लिए बड़ी वजह नाश्ते में फाइबर से भरपूर चीजों का कम सेवन करना, एक्सरसाइज न करना, फिजिकल एक्टिविटी से दूर रहना, फास्ट फूड और ज्यादा नमक, मसाले और मैदे से बनी चीजें खाना और लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने से भी नींद आती है।



**डाइट में करें बदलावः** नाश्ते में कुछ बदलाव करने से आपको नींद या सुस्ती नहीं आएगी। सुबह 7 बजे फल और भीगे हुए मेवे खाने के बाद 10 बजे संतुलित नाश्ता करें। दही को नाश्ते के बजाय दोपहर के भोजन में लें। सुबह के समय मौसम के अनुसार फलों का सेवन करें। हल्का और पोषक नाश्ता जैसे ओट्स या मल्टीग्रेन रोटी, उबले अंडे, अंकुरित अनाज, फल और सलाद आदि लें। रात के समय हल्का खाएं। सुबह के समय नाश्ते में ज्यादा मीठा या तला-भुना फूड न खाएं। सुबह नाश्ता हल्का रखें। नाश्ते में ज्यादा मात्रा में प्रोटीन और ज्यादा कार्बोहाइड्रेटयुक्त फूड लेने से भी नींद और सुस्ती महसूस होती है। *

ट्रीटमेंट



डॉ. देवेंद्र कुमार
दंत चिकित्सक, एम्स-दिल्ली

आरसीटी के बाद जब प्राकृतिक दांत का बहुत ज्यादा हिस्सा ऊपर की ओर नहीं बचे या कुछ समय बाद किसी कारणवश वह टूट जाए, तब दंत चिकित्सक 'पोस्ट एंड कोर' की सलाह देते हैं। क्या है यह प्रोसेस, जानिए।

## आरसीटी के बाद दांत को सुरक्षित बनाए पोस्ट एंड कोर



दांतों में गंभीर इंफेक्शन होने पर डेंटिस्ट रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) करते हैं। 'पोस्ट एंड कोर', डेंटल रेस्टोरेशन की वह प्रक्रिया है, जिसका प्रयोग ऐसे दांत को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है, जिसमें आरसीटी के बाद दांत का प्राकृतिक ढांचा ज्यादा नहीं बच पाता। ऐसे में क्राउन, ब्रिज, इंप्लांट या रिमूवर बेंचर के लिए यह सहारा बनता है।

### क्या है पोस्ट एंड कोर

**पोस्टः** इस प्रक्रिया में धातु या फाइबर की एक पतली छड़ (रॉड) को रूट कैनाल की जड़ खाली करके उसमें डाला जाता है।

**कोरः** यह पोस्ट के चारों ओर बनाया जाने वाला आधार है, जो क्राउन रेस्टोरेशन को मजबूती और स्थिरता देता है।

### क्यों पड़ती है इसकी जरूरत

आरसीटी के बाद पोस्ट एंड कोर की जरूरत कुछ कंडीशंस में पड़ती है।

- दांत का ढांचा पर्याप्त न होने पर, क्राउन ढीले हो सकते हैं, अपनी जगह से हट सकते हैं या आरसीटी किए गए दांत को सही सुरक्षा नहीं दे पाते। ऐसे में पोस्ट एंड कोर प्रक्रिया एक मजबूत आधार बनकर इस ढांचागत कमी को दूर करती है, जो दांत के मूल आंतरिक ढांचे जैसा ही होता है।
- कई बार दांतों के ढांचे के नुकसान की सीमा ट्रीटमेंट से पहले दांत की स्थिति पर भी निर्भर करती है। जिन दांतों में बहुत ज्यादा सड़न होती है या पहले से बड़ी फिलिंग होती है, उनमें आरसीटी के बाद बहुत कम स्वस्थ ढांचा बच जाता है। ऐसे में, दांत की बची हुई दीवारें भोजन चबाने की प्रक्रिया का दबाव भी नहीं झेल पातीं।
- आरसीटी के बाद दांत में लगातार बेचैनी या सेंसिटिविटी, खासकर कुछ काटते या चबाते समय, महसूस हो या लगे कि स्ट्रक्चरल सपोर्ट सही नहीं है या टेंपररी रेस्टोरेशन में कोई दिक्कत है या टेंपररी फिलिंग या क्राउन ढीला हो जाए या निकल जाए या ट्रीटमेंट किए गए दांत के रूप-रंग में बदलाव दिखने लगे, तो डॉक्टर यह प्रोसीजर कर सकते हैं।

### क्या होता है इस प्रक्रिया में

पोस्ट एंड कोर की यह प्रक्रिया आरसीटी के कई हफ्तों बाद की जाती है, ताकि ट्रीटमेंट के बाद दांत को ठीक होने का पर्याप्त समय मिल सके। इसकी आवश्यकता किसी मरीज को है या नहीं, यह भी चिकित्सक आरसीटी के बाद तय करते हैं।

इस प्रक्रिया के दौरान रूट कैनाल फिलिंग मैटीरियल के एक हिस्से को सावधानी से हटाया जाता है ताकि पोस्ट के लिए जगह बन सके, साथ ही जड़ के सिरे पर सही सील बनी रहे। इसके बाद पोस्ट को या तो सीमेंट से अपनी जगह पर लगाया जाता है या कुछ मामलों में, कोर स्ट्रक्चर के हिस्से के तौर पर कास्ट किया जाता है। पोस्ट के चारों ओर कोर मैटीरियल लगाकर दांत के खोए हुए हिस्से को फिर से बनाया जाता है, ताकि फाइनल क्राउन को सहारा देने के लिए सही आकार और बनावट तैयार कर सकें। पोस्ट एंड कोर के लिए कई जगह कंपोजिट कोर के साथ फाइबर ग्लास पोस्ट या पारंपरिक कास्ट मेटल पोस्ट और कोर का भी प्रयोग करते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

आरसीटी के बाद जरूरी इलाज में देरी से समस्या बढ़ सकती है, क्योंकि बिना सुरक्षा वाले दांतों के टूटने या उनमें दोबारा इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में जरूरी है कि मरीज आरसीटी के बाद रेग्युलर फॉलोअप कराते रहें। *

प्रस्तुतिः सुषमाश्री



## भोपाल में 13 जुलाई को आयोजित होगी एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0

# ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर क्षेत्र में निवेश पर होगा मंथन, देश के प्रमुख निवेश गंतव्य स्थापित करना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 13 जुलाई को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 : जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर एडिशन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उच्च-विकास वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश को गति देना और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर क्षेत्र में प्रदेश को देश के प्रमुख निवेश गंतव्यों में स्थापित करना है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य सरकार के प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक विकास के विजन को साझा करेंगे। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर निवेश, परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं भावी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में तकनीकी विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। एमपी टेक ग्रोथ संबंधी पहली 2 कॉन्क्लेव ने प्रदेश में प्रौद्योगिकी निवेश को नई गति प्रदान की है।

**सीएम के नेतृत्व में प्रदेश में तकनीकी विकास के लिए हो रहे निरंतर कार्य एमपी टेक ग्रोथ संबंधी पहली 2 कॉन्क्लेव ने प्रौद्योगिकी निवेश को प्रदान की है नई गति**



**कॉन्क्लेव 2.0 में 12 हजार करोड़ से अधिक के अवसर सृजित**

कॉन्क्लेव 1.0 में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 75 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए। कॉन्क्लेव 2.0 में 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 48 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए। कॉन्क्लेव 3.0 का उद्देश्य इस निवेश यात्रा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उद्योगों की भागीदारी को और सुदृढ़ बनाना है।

## इको सिस्टम साझेदारों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल होंगे

उद्योग-अनुकूल नीतियों, विश्वस्तरीय औद्योगिक अधोसंरचना, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, कुशल मानव संसाधन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण के कारण मध्यप्रदेश देश के उभरते प्रौद्योगिकी निवेश केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर रहा है। कॉन्क्लेव में देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों, उद्योग संगठनों, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर के संचालकों, डेटा सेंटर डेवलपर्स, सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों, निवेशकों और नीति विशेषज्ञों की सहभागिता रहेगी। सीटीआरएलएस डेटासेंटर्स, केन्स टेक्नोलॉजीस, फुजियामा पॉवर और न्योबोल्ट लिमिटेड सहित अनेक अग्रणी कंपनियों एवं इको सिस्टम साझेदारों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**कार्यक्रम में विशेषज्ञों की रहेगी सहभागिता**

### रणनीतिक साझेदारियों एवं समझौतों का आदान-प्रदान

कॉन्क्लेव स्टार्ट-अप, नवाचार आधारित उद्यमों, इनक्यूबेटर्स और इको सिस्टम से जुड़े विभिन्न संगठनों को भी सहभागिता का मंच प्रदान करेगी। आईआईएसईआर और आईआईएम इंदौर सहित प्रमुख शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और उद्योग-अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने संबंधी अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न घोषणाएं, लोकार्पण और रणनीतिक साझेदारियों एवं समझौतों का आदान-प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रदेश के प्रौद्योगिकी इको सिस्टम को और अधिक मजबूती मिलेगी। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 प्रदेश में प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक विकास को नई गति देने के साथ ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर क्षेत्र में निवेश के नए अवसर सृजित करेगी। यह आयोजन प्रदेश को देश के अग्रणी प्रौद्योगिकी निवेश गंतव्यों में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

---

## राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में होंगे पदोन्नत

# सरकार ने 190 तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर किया पदोन्नत, जीएडी के आदेश जारी

### लोक सेवा आयोग एक दिन पहले ही छानबीन के बाद जीएडी को भेजी थी फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पदोन्नति पर लगी रोक हटने के बाद लगभग सभी विभागों में पदोन्नति आदेश जारी होना शुरू हो गए थे। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने मंगलवार को 190 तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति किया है। इन सभी तहसीलदारों को प्रभारी अधीक्षक, प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख तथा प्रभारी जिला कलेक्टर के पद पर पूर्व में पदस्थ किया गया था। जीएडी ने पदोन्नति आदेश जारी करते हुए सभी तहसीलदारों को राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश भर में तहसीलदारों को पदोन्नत करते हुए डिप्टी कलेक्टर या समकक्ष पदों पर पदस्थ किया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह पदोन्नति मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1961 के तहत 2 वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के लिए की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग में मप्र लोक सेवा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण अधिनियम 1994 तथा मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के उपबंध और उक्त अधिनियम तथा नियमों के उपबंधों के प्रकाश में राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश में यह भी कहा कि उपरोक्त सभी अनुमतियां सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित विशेष अनुमति याचिका तथा हाईकोर्ट की ओर से भविष्य में पारित किए जाने वाले आदेशों के अधीन होगी। यह पदोन्नति शासकीय सेवकों को वेतन निर्धारण के लिए मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के नियम 13 अनुसार आदेश प्राप्त होने की तिथि से एक माह के भीतर अपना विकल्प प्रस्तुत करना होगा।



### सोनकिया डिप्टी कलेक्टर भोपाल बने

विनोद सोनकिया को अभी तक प्रभारी डिप्टी कलेक्टर भोपाल के पद पर पदस्थ थे। अब वे डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ किए गए हैं।

मनीष श्रीवास्तव को उप राजस्व आयुक्त कार्यालय प्रमुख राजस्व आयुक्त भोपाल, लाखन सिंह चौधरी को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, श्रीमती संध्या चतुर्वेदी को उपायुक्त नगर पालिका निगम भोपाल, योगेंद्र मौर्य को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल, श्रीमती सुनीता लाल को भू प्रबंधन अधिकारी हाउसिंग बोर्ड भोपाल, रत्नेश श्रीवास्तव को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, संतोष कुमार मुद्गल को उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग भोपाल, आशुतोष शर्मा को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, श्रीमती डॉ. अर्चना रावत शर्मा को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, अजय कुमार शर्मा को डिप्टी कलेक्टर भोपाल में पदस्थ किया गया है। यह सभी अधिकारी अभी तक अपने वर्तमान पदों पर प्रभारी के रूप में पदस्थ थे।

### आलोक पारे को अधीक्षक स्टेट गैरेज बनाया

जीएडी से जारी आदेश के अनुसार प्रभारी अधीक्षक स्टेट गैरेज आलोक पारे को पदोन्नति के बाद अधीक्षक स्टेट गैरेज के पद पर पदस्थ किया गया है। इसीतरह मंत्री विश्वास सारंग के विशेष सहायक देवेंद्र चौधरी को पदोन्नति करते हुए उसी पद पर पदस्थ किया गया है। भुवन गुप्ता को उपायुक्त नगर पालिक निगम भोपाल, आशीष खरे को विशेष कर्तव्य अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव को निष्कासन अधिकारी संपदा संचालनालय भोपाल में पदस्थ किया गया है।

### मनोज श्रीवास्तव सत्कार अधिकारी के पद पर पदोन्नत

जीएडी के अनुसार मंत्रालय में पदस्थ प्रभारी सत्कार अधिकारी मनोज श्रीवास्तव को पदोन्नति के बाद सत्कार अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है। उनकी सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपी गई है। इसीतरह भोपाल में डेढ़ एक दर्जन अधिकारियों को तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर या समकक्ष पदों पर पदोन्नत करते हुए पदस्थ किया गया है। इसमें प्रकाश चंद पांडे को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, प्रकाश चंद जैन को विशेष सहायक मंत्री लखन पटेल, श्रीमती नीना गौर को ओएसडी मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली, श्रीमती ऋषि मौर्य को उपायुक्त कार्यालय प्रमुख राजस्व आयुक्त भोपाल, श्रीमती ममता पटेल को प्रशासनिक अधिकारी विमानन भोपाल में पदस्थ किया गया है।

---

## उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार

# दतिया उपचुनाव: दूसरे दिन कांग्रेस नेता अवधेश नायक ने खरीदा नामांकन फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया अब रफ्तार पकड़ने लगी है। अधिसूचना जारी होने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को कांग्रेस नेता अवधेश नायक ने नामांकन पत्र खरीदा। उनके अलावा इंदरगढ़ निवासी हरदास बघेल और रामसिंह बघेल ने भी नामांकन फॉर्म लिया। इसके साथ ही दो दिनों में कुल पांच नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संभावित उम्मीदवार दामोदर सिंह यादव और उनके छोटे भाई केशव सिंह यादव के नाम से नामांकन फॉर्म खरीदे गए थे। हालांकि, पार्टी ने अभी तक अपने अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। उपचुनाव के लिए तहसील कार्यालय को रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) कार्यालय बनाया गया है। प्रत्याशी यहीं से नामांकन फॉर्म खरीद रहे हैं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत यहीं अपने नामांकन पत्र जमा करेंगे। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पूरे दिन चुनावी तैयारियों को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां जारी रहीं।

**पांच नामांकन पत्रों की हो चुकी बिक्री**

### सुरक्षा के विशेष इंतजाम

नामांकन अवधि को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। तहसील कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मुख्य गेट आम लोगों के लिए बंद रहेगा और केवल वैध पासधारकों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, राजस्व और अन्य आवश्यक कार्यों से आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर से वैकल्पिक प्रवेश की व्यवस्था की गई है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक अपने अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, लेकिन संभावित दावेदारों की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। आने वाले दिनों में प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने के साथ चुनावी मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।

## भाजपा-कांग्रेस के नेता दोनों ही जनता के बीच कर रहे प्रचार

# हर चुनाव में कांटे की टक्कर, इस बार 10 हजार वोट का अंतर बनेगा 'किंगमेकर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से उपचुनाव की अधिसूचना जल्द जारी होने की संभावना है, जिसके बाद राजनीतिक दल पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरेंगे। हालांकि भाजपा और कांग्रेस ने अभी अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है, लेकिन दोनों दलों ने चुनावी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दतिया में करीब 10 हजार वोटों का प्रभाव रखने वाला मतदाता वर्ग इस बार जीत-हार तय करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। दतिया का चुनावी इतिहास बताता है कि यहां पिछले डेढ़ दशक में मुकाबला लगातार रोचक और कड़ा रहा है।

### लगातार घटता-बढ़ता रहा वोटों का अंतर

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दतिया में भाजपा और कांग्रेस के बीच वोटों का अंतर लगातार घटता-बढ़ता रहा है। ऐसे में करीब 10 हजार वोटों का प्रभाव रखने वाले मतदाता इस बार भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

---

# संविधान बचाओ अभियान में अंबेडकर भवन से सामाजिक हुंकार




**नई दिल्ली।** संविधान सुरक्षा समन्वय समिति के तत्वाधान में नई दिल्ली के अंबेडकर भवन में जनसभा आयोजित की गई। जिसमें देश भर के पिछड़ा, अति पिछड़ा, एससी-एसटी और अल्पसंख्यक समुदाय के संगठनों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संविधान को बचाने, माब-लिंचिंग, जातीय दुर्व्यवहार और सामाजिक घटनाओं पर चर्चा और समाधान खोजने की एक पहल थी। इस बैठक में बड़ी संख्या में देश भर की सामाजिक संगठनें एकत्रित हुईं और अपनी समस्याओं को मंच के माध्यम से साझा किया। संविधान सुरक्षा समन्वय समिति अध्यक्ष विलास कराड ने कहा कि आज के राजनीतिक और सामाजिक माहौल को देखते हुए पिछड़ा, अति पिछड़ा, एससी-एसटी और मुस्लिम समुदाय के लोगों को एक मंच पर आने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं होगा तो संविधान को बचाना मुश्किल हो जाएगा और सांप्रदायिक ताकतें संविधान को बदलकर अपना एजेंडा लागू कर करने में सफल हो जाएंगी और और बहुजनों को फिर गुलामी की जंजीर में बांध दिया जाएगा। आदिवासी संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि मौजूदा सामाजिक हालात ठीक नहीं है जाति के नाम पर हो रही घटनाएं हम सबको विचलित करती हैं। मुस्लिम स्कॉलर फजील अहमद ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के उन बेकसूर लोगों को इसलिए मार दिया जाता है कि वे सिर्फ मुस्लिम हैं।

# अखिल भारतीय जनसंघ अपने दम पर लड़ेगी यूपी चुनाव

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय जनसंघ ने आगामी सभी स्थानीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने की घोषणा की है। पार्टी ने इसके साथ ही वरिष्ठ नेता भरत गोधनिया को राष्ट्रीय चुनाव प्रबंधन एवं प्रचार समिति का संयोजक नियुक्त किया है। यह घोषणा बुधवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान की गई। पार्टी नेताओं ने बताया कि भरत गोधनिया के नेतृत्व में एक राष्ट्रीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा, जो देशभर में पार्टी की चुनावी रणनीति, संगठनात्मक विस्तार और प्रचार अभियान का संचालन करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव सहित देशभर में होने वाले सभी चुनावों में पूरी तैयारी के साथ अपने उम्मीदवार उतारेगी। राष्ट्रीय महासचिव राकेश कौल गोरखा ने कहा कि 5 जुलाई को कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 126वीं जयंती समारोह के दौरान पार्टी की संसदीय बोर्ड ने भरत गोधनिया को राष्ट्रीय चुनाव प्रबंधन एवं प्रचार समिति का संयोजक नियुक्त करने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि गोधनिया के नेतृत्व में गठित समिति आगामी सभी चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेगी और पार्टी के चुनावी अभियान का नेतृत्व करेगी। प्रमोद सोपती, अध्यक्ष, दिल्ली इकाई, ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और प्रो. बलराज मधोक के योगदान को याद करते हुए कहा कि पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुआवजे की मांग पर ग्रामीणों का चक्काजाम

# खारून नदी में 25 भैंसें बहाव में फंसीं, ग्रामीणों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर के उरला क्षेत्र स्थित पठारीडीह घाट पर कंडका गांव की लगभग 25 भैंसें खारून नदी के तेज बहाव की भेंट चढ़ गईं। चराई के लिए नदी किनारे ले जाई गईं ये भैंसें कब पानी के साथ बह गईं इसकी किसी को भनक तक न लगी। नदी का बहाव इतना उग्र था कि मवेशी अपना संतुलन खो बैठे और सीधे पठारीडीह घाट के पुल के नीचे जमा भारी जलकुंभी के जाल में फंस गए। ग्रामीणों ने जब तक मोर्चा संभाला, तब तक देर हो चुकी थी। एसडीआरएफ की टीम ने रातभर मशक्कत की। अब तक दो भैंसों के शव बरामद हुए हैं और शेष के बचने की उम्मीद खत्म हो गई।

### बेरला उरला मार्ग पर उतरे ग्रामीण

पस अनहोनी से ग्रामीणों का सब्र का बांध टूट गया। ग्रामीण बेरला-उरला मार्ग पर उतर आए। चक्काजाम के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उचित मुआवजे का आश्वासन देकर जैसे-तैसे ग्रामीणों को शांत कराया।

## एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लिया

# कार छुड़ाने के नाम पर 20 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप, थाने का आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सड़क हादसे के एक मामले में जब्त कार को छुड़ाने के लिए कोर्ट में चालान पेश करने के नाम पर 20 हजार रुपए रिश्वत मांगने के आरोप में कुम्हारी थाने में पदस्थ आरक्षक सोलोमन राजू को निलंबित कर दिया गया है। शिकायत की जांच के बाद दुर्ग एसएसपी ने आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस लाइन अटैच कर दिया है।




### अस्पताल में भर्ती कराया

शिकायतकर्ता विमलेश कुमार द्विवेदी के अनुसार 27 दिसंबर 2025 को कुम्हारी ओवरब्रिज के नीचे उनकी कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई थी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। विमलेश का कहना है कि उन्होंने घायल को रायपुर के महोबा बाजार स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।

# प्रदेश में पहली बार वनकर्मियों को पुलिस देगी 'मॉब कंट्रोल' की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने और वन अपराधों पर कार्रवाई के दौरान लगातार हो रहे हमलों के बाद वन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। अब वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भीड़ नियंत्रण (मॉब कंट्रोल), तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने और हमले की स्थिति में बचाव का प्रशिक्षण पुलिस विभाग देगा। इसके लिए वन विभाग ने पुलिस विभाग के इंटेलिजेंस विंग को औपचारिक पत्र भेजकर प्रशिक्षण और मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अमित कुमार दुबे द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वन अपराध, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और सामूहिक अवैध कटाई रोकने के दौरान वन अमले पर अक्सर संगठित समूहों द्वारा हमला किया जाता है। कई मामलों में वनकर्मी घायल हुए हैं और उन्हें गंभीर प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है। ऐसे में अपराधियों की भीड़ से संवाद स्थापित करने, कानून-व्यवस्था जैसी परिस्थितियों से निपटने और हमले की स्थिति में सुरक्षित बचाव के लिए विशेष प्रशिक्षण आवश्यक हो गया है।



### प्रथम चरण में इन जिलों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रस्तावित प्रशिक्षण के पहले चरण में मुरैना, शिवपुरी, देवास, खंडवा और बुरहानपुर जैसे संवेदनशील जिलों के वन अधिकारियों और कर्मचारियों को मॉब कंट्रोल और भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुलिस विभाग से न केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, बल्कि प्रशिक्षकों (मास्टर ट्रेनर) की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया गया है। वन विभाग का मानना है कि इस प्रशिक्षण से कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अतिक्रमण विरोधी अभियान तथा वन अपराधों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान कानून के दायरे में रहते हुए अधिक प्रभावी और सुरक्षित ढंग से काम कर सकेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश पुत्र** मदन, **निवास:** म.नं. 1380, गली नं. 8A, विजय पार्क, मौजपुर, दिल्ली ने **FIR No. 636/2022 U/s 379/511 IPC., थाना: भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 636/2022 U/s 379/511 IPC., थाना: भजनपुरा, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **आकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
किरणदीप कौर
जेएमएफसी-01, कमरा नं. 05
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8897/NE/2026
(Court Notice)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भानू ढ़ींगरा पुत्रः ओम प्रकाश ढ़ींगरा पताः फ्लैट नं. 36, डीडीए एसएफएस फ्लैट, पाकेट 1, सेक्टर–1, द्वारका, दिल्ली** ने case **CT No. 2095/2020, थानाः शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भानू ढ़ींगरा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भानू ढ़ींगरा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CT No. 2095/2020, थानाः शालीमार बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **भानू ढ़ींगरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 10.08.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव कटारिया
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
रूम नं. 208, दूसरी मंजिल, उत्तर पश्चिम जिला
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9176/NW/2026 (Court Matter)

चिंतन

# फिर अनिश्चितता के भंवर में दुनिया

मध्य-पूर्व एक बार फिर अशांत होता दिखाई दे रहा है। ईरान के अड़ियल रुख और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पलटवार के कारण दुनिया एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर में फंस गई है। खाड़ी में युद्ध के कारण कच्चा तेल, गैस और ऊर्जा सभी की महंगाई और टूटती चेन सप्लाई ने लोगों को परेशान कर रखा था। युद्ध विराम के बाद दुनिया कुछ उभरने लगी थी, लेकिन अब होर्मुज में कतर समेत तीन जहाजों पर ईरान का हमला और फिर ट्रम्प का यह कहना कि ईरान के साथ हुआ युद्धविराम (सीजफायर) अब समाप्त हो चुका है और अमेरिका ईरान से कोई नई डील नहीं करना चाहता, क्षेत्र में बढ़ते तनाव का संकेत है। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, ईरान पर 80 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हुए हमलों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता बढ़ा दी है। यह घटनाक्रम केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता से जुड़ा हुआ विषय है। इस साल एक तरफ अलनीनो के कारण कमजोर मानसून और दूसरी तरफ ईरान की बेजा हरकत ने दुनिया को परेशानी में डाल दिया है। ईरान ने शांति की सारी उम्मीदों को झटका दे दिया है। अब खाड़ी के देशों को एकजुट होकर ईरान के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। होर्मुज में जहाजों पर हमला किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। जहाजों पर लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए काम करते हैं। ऐसे में उनको निशाना बनाया जाना गलत है। खासकर जहाजों पर काम करने वालों में अधिकतर भारतीय हैं। ऐसे में दुनिया के किसी भी जहाज पर हमला भारतीय नागरिकों पर हमले जैसा है। भारत सरकार को भी ईरान को दो टूक कहना चाहिए कि भारतीयों पर हमले स्वीकार्य नहीं हैं। ईरान अपने प्रतिशोध के लिए दूसरा तरीका अपनाए। अमेरिका का तर्क है कि ईरान समर्थित गतिविधियों और उसके परमाणु कार्यक्रम से क्षेत्रीय तथा वैश्विक सुरक्षा को खतरा है। दूसरी ओर ईरान इसे अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न मानते हुए सैन्य दबाव के बीच किसी समझौते से इनकार कर रहा है। दोनों देशों के बीच अविश्वास वर्षों पुराना है, लेकिन हाल की घटनाओं ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यदि जवाबी कार्रवाई का यह सिलसिला जारी रहता है, तो संघर्ष सीमित नहीं रहेगा और पूरे पश्चिम एशिया को अपनी चपेट में ले सकता है।यदि अमेरिका अपने सहयोगियों से अपेक्षित समर्थन न मिलने की बात कह रहा है, तो यह पश्चिमी देशों की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था में मतभेदों की ओर संकेत करता है। किसी भी अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की शक्ति उसकी एकजुटता में होती है। यदि रणनीतिक मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आने लगें, तो इसका लाभ अस्थिरता फैलाने वाली शक्तियां उठा सकती हैं। भारत के लिए भी यह स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की ऊर्जा सुरक्षा, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा और वैश्विक व्यापार से जुड़े हित इस संकट से सीधे प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए भारत को अपनी पारंपरिक संतुलित विदेश नीति के अनुरूप शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान का पक्ष मजबूत करना चाहिए। कुल मिलाकर किसी भी युद्ध में अंततः जीत किसी की नहीं होती, जबकि मानवता, अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्थिरता सबसे अधिक नुकसान उठाती है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि सैन्य शक्ति भय पैदा कर सकती है, लेकिन विश्वास नहीं। स्थायी शांति केवल बातचीत, पारस्परिक सम्मान और कूटनीतिक समाधान से ही संभव है।



साझेदारी
नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'

# विश्व राजनीति के नए दौर में भारत

इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया यात्रा ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि आज की दुनिया केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं से नहीं चलती, बल्कि राष्ट्रीय हितों, आर्थिक साझेदारियों, तकनीकी सहयोग और मानव संसाधनों के साझा विकास से आगे बढ़ती है। इंडोनेशिया के साथ रक्षा और व्यापारिक सहयोग के नए आयाम हों या ऑस्ट्रेलिया के साथ शिक्षा, खनिज संसाधनों और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के प्रयास, ये घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। विश्व व्यवस्था जिस तीव्र गति से बदल रही है, उसमें भारत अपनी आकांक्षाओं को नए पंख देने के लिए दूरदर्शी कूटनीति और संतुलित विदेश नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इक्कीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल और बहुआयामी हो गई है। पहले देशों के बीच संबंध मुख्यतः सैन्य शक्ति और राजनीतिक प्रभाव तक सीमित थे, लेकिन आज आर्थिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय वैश्विक संबंधों के केंद्र में आ चुके हैं।

ऐसे समय में भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे विकास, निवेश, रोजगार और नागरिकों के भविष्य से जोड़ दिया है। यही कारण है कि भारत आज विश्व के अनेक देशों के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में उभर रहा है। इंडोनेशिया के साथ भारत के संबंध केवल दो मित्र देशों के संबंध नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समुद्री सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी भी हैं। मलक्का जलडमरूमध्य और हिंद महासागर के बीच स्थित यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा और व्यापारिक समझौते पूरे क्षेत्र की स्थिरता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम जैसे रक्षा सहयोग केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक हैं। इससे भारत की वैश्विक साख मजबूत होती है और रक्षा निर्यात के नए अवसर भी पैदा होते हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के साथ बढ़ती निकटता भारत की बदलती रणनीतिक सोच को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया आज केवल एक मित्र देश नहीं, बल्कि ऊर्जा, शिक्षा, तकनीक और खनिज संसाधनों का महत्वपूर्ण साझेदार बन चुका है। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रही दुनिया में लिथियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की मांग लगातार बढ़ रही है।

ऑस्ट्रेलिया इन संसाधनों से समृद्ध है और भारत को अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति, बैटरी निर्माण तथा हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इनकी आवश्यकता है। इसलिए दोनों देशों का सहयोग केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का भी आधार बन रहा है। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष शिक्षा और मानव संसाधन विकास भी बन चुका है। आज लाखों भारतीय छात्र विदेशों में उच्च



शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या ऑस्ट्रेलिया में अध्ययनरत है। यदि दोनों देशों के बीच वीजा प्रक्रिया सरल होती है, शोध सहयोग बढ़ता है और डिग्रियों की पारस्परिक मान्यता मजबूत होती है, तो इसका सीधा लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार, स्टार्टअप, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी नए अवसर खुलेंगे। इस प्रकार विदेश नीति अब केवल सरकारों के बीच संबंध नहीं रह गई है, बल्कि यह सीधे युवाओं के सपनों और परिवारों की आकांक्षाओं से जुड़ गई है। बदलते वैश्विक समीकरणों में व्यापार की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। दुनिया ने महामारी और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के दौरान देखा कि जब आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होती हैं, तो पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए आज हर देश विश्वसनीय साझेदारों की तलाश में है।

भारत अपनी विशाल बाजार क्षमता, कुशल मानव संसाधन, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत विनिर्माण क्षमता के कारण वैश्विक कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें केवल घरेलू योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इन्हें वैश्विक निवेश और निर्यात वृद्धि से भी जोड़ा गया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सक्रियता ने भी विश्व राजनीति को नई दिशा दी है। अनेक देश संतुलित शक्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। भारत ने भी किसी टकराव की नीति अपनाने के बजाय सहयोग, संवाद और साझेदारी को प्राथमिकता दी है। यही संतुलित दृष्टिकोण भारत को विश्व मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में स्थापित करता है। क्वाड जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी, समुद्री सुरक्षा पर सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रयास इसी सोच का परिणाम हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से शिक्षा, तकनीक, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक लाभ भारतीय युवाओं को मिलेगा। आज दुनिया कुशल मानव संसाधनों की तलाश में है और भारत के पास प्रतिभा का विशाल भंडार है। आवश्यकता केवल इस प्रतिभा को सही अवसरों से जोड़ने की है। विदेश नीति का यही नया स्वरूप भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है। आज की दुनिया में किसी भी देश की शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसकी आर्थिक मजबूती, तकनीकी प्रगति, नवाचार, कूटनीतिक प्रभाव और वैश्विक विश्वसनीयता से भी तय होती है। भारत इन सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि विकसित देशों से लेकर विकासशील राष्ट्रों तक, सभी भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी बनाने में रुचि दिखा रहे हैं।

यह परिवर्तन अचानक नहीं आया है, बल्कि वर्षों की संतुलित नीति, निरंतर संवाद और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का परिणाम है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के लिए केवल चुनौतियाँ लेकर नहीं आए हैं, बल्कि उन्होंने नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं। इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मजबूत होते संबंध इस बात के संकेत हैं कि भारत अब विश्व व्यवस्था में एक प्रभावशाली, विश्वसनीय और दूरदर्शी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यदि यही गति, संतुलन और दूरदृष्टि बनी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को और मजबूत करेगा, बल्कि करोड़ों भारतीयों, विशेषकर युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को भी नई उड़ान देगा। यही बदलते वैश्विक दौर में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि और सबसे बड़ी आशा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पंचायतीराज
डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# ग्राम सभा ग्रामीण लोकतंत्र की आत्मा

ग्राम सभा गांव की ग्राम-संसद है, दूसरे शब्दों में ग्राम सभा गांव की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था है, ग्राम सभा ग्राम पंचायत की आत्मा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (क) ग्राम सभा को पंचायतीराज व्यवस्था का नींव माना गया है, ग्राम सभा कभी भी भंग नहीं होती यह अजर और अमर है। संविधान का 73वां संशोधन ग्राम सभा को संवैधानिक संस्था के रूप में मान्यता प्रदान की है। ग्राम सभा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत विकास योजना का निर्माण, लाभार्थियों एवं हितग्राहियों का चयन, बजट तैयार करने, नीतियों का निर्धारण एवं क्रियान्वयन तथा निगरानी करने वाली शाश्वत संस्था है। ग्राम सभा के प्रभावी काम-काज से पारदर्शिता, जवाबदेही, समावेशी विकास में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होती है, जो सुशासन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में ग्राम सभा के आयोजन हेतु कोरम (गणपूर्ति) का निर्धारण कर नियम बनाये गये है। देश के 10 पेसा राज्यों (पंचायत उपबंध - अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतों के लिये विशिष्ट उपबंध) में भी ग्राम सभा के आयोजन हेतु कोरम (गणपूर्ति) का निर्धारण कर नियम बनाये गये है। देश के अधिकांश राज्यों में पंचायत प्रतिनिधियों (सरपंच एवं वार्ड पंच) को ग्राम सभा में आवश्यक गणपूर्ति हेतु सीधे जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के वार्डों से आवश्यक गणपूर्ति कराये। देश के अधिकांश राज्यों की ग्राम सभाओं में गणपूर्ति हेतु महिलाओं की न्यूनतम संख्या का भी निर्धारण किया गया है साथ ही वार्षिक कार्ययोजना, हितग्राहियों के चयन, वार्षिक बजट, लेखा संपरीक्षा प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखा तथा प्रशासनिक रिपोर्ट के संदर्भ में गणपूर्ति होने पर ही संकल्प पारित किये जाने का प्रावधान निहित किये गये है, किन्तु इसके पश्चात भी विडंबना यह है कि ग्रामीण लोकतंत्र की इस नींव में ग्राम सभा के सदस्यों की भागीदारी कम हो रही है या अल्प भागीदारी हो रही है।

पंचायतीराज मंत्रालय हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान हैदराबाद द्वारा 30 जून 2026 को 400 ग्राम पंचायतों के 7790 लोगों पर किये गये शोध रिपोर्ट में ग्राम सभा में कम या अल्प भागीदारी का सबसे बड़ा कारण सामाजिक, आर्थिक, संस्थागत एवं व्यावहारिक कारणों को माना गया है, जिसमें 55.50 प्रतिशत आजीविका और समय की कमी, 16.22 प्रतिशत जागरूकता और संचार से जुड़ी समस्या रहा है। ग्राम सभा की प्रक्रियाओं में सबसे कम भागीदारी वाले समूहों में प्रवासी परिवार, युवा, बुजुर्ग, और महिलाएँ भी शामिल है। देश की ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा दैनिक मजदूरी एवं कृषि कार्यों पर निर्भर है, जिसके कारण ग्राम सभा के सदस्य अपनी मजदूरी छोड़कर ग्राम सभा की बैठकों में नहीं आ पाते। रिपोर्ट जारी करते हुए नीति आयोग के सदस्य डॉ. आर. बालसुब्रह्मण्यम और पंचायतीराज मंत्रालय के सचिव द्वारा भी ग्राम सभा में लोगों की कम या अल्प भागीदारी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिक केन्द्रित सुशासन देने के लिए जीवंत ग्राम सभा अनिवार्य एवं महत्वपूर्ण है। जब तक गाँव का अंतिम व्यक्ति ग्राम सभा में उपस्थित होकर अपने गाँव के भविष्य के निर्णय हेतु उत्सुक नहीं होगा तब तक लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुँच संभव नहीं होगा। ग्राम सभा में कम या अल्प भागीदारी के कई कारण है, जिसमें मुख्यतः बिना किसी साफ नतीजे वाली बार-बार होने वाली बैठकें, ग्राम सभा में की गयी शिकायतों का समाधान न होना, एक ही बात पर बार-बार चर्चा होना और ग्राम सभा द्वारा लिये गये निर्णयों पर कार्यवाही न होना या सीमित कार्यवाही होने के कारण लोगों का विश्वास ग्राम सभा के प्रति कम होना भी अल्प भागीदारी का कारण है। देश की ग्राम सभाएँ अधिक समावेशी, सहभागी, और निर्णयों को क्रियान्वित करने वाली बने इसके लिए ग्राम सभा का मूल्यांकन सिर्फ बैठकों के आयोजन के आधार पर नहीं बल्कि ग्राम सभा में चर्चा के बिन्दुओं या एजेन्डा की अहमियत, निर्णय लेने में पारदर्शिता और ग्राम सभा के द्वारा लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन की तत्परता और ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्तावों के साफ तौर पर लागू होने के आधार पर करना होगा। जब तक ग्राम सभा के सदस्यों को ग्राम सभा के द्वारा लिये गये निर्णयों का धरातल पर वास्तविक असर नहीं दिखेगा तब तक ग्राम सभा सदस्यों का विश्वास जितना संभव नहीं है। पेसा राज्यों में ग्राम सभा आयोजन के पूर्व पेसा मोबिलाइजर को घर-घर जाकर ग्राम सभा के सदस्यों को ग्राम सभा के प्रति जागरूक करना होगा। चूंकि पेसा राज्यों में ग्राम सभा प्रत्येक पारा, टोला और मोहल्ला में किये जाने का प्रावधान भी निहित है। इसलिए पेसा मोबिलाइजर की भूमिका महत्वपूर्ण है, ताकि पेसा मोबिलाइजर के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सुनिश्चित हो सके। महिला जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ ग्राम सभा सदस्यों, स्व-सहायता समूहों, लाइन विभाग के जमीनी कार्यकर्ताओं, युवा समूहों हेतु जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम सभा के सदस्यों को एकजुट कर ग्राम सभा की बैठकों का समय एवं तिथि तथा स्थान तय करना होगा, ताकि ग्राम सभाओं में ग्राम सभा सदस्यों की भागीदारी अधिक सुनिश्चित हो। पारदर्शिता, जवाबदेही और ग्राम सभा सदस्यों का ग्राम सभा के प्रति विश्वास बढ़ाये जाने के लिए, ग्राम सभा के द्वारा लिए गये निर्णयों एवं फैसलों के क्रियान्वयन में हुए व्ययों को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर सामाजिक अंकेक्षण करना होगा ताकि ग्राम सभा प्रासंगिक,

गाँव की लोकतांत्रिक आत्मा ग्राम सभा में निहित है, अतः विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति तभी संभव है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति का ग्राम सभा तक पहुँच सुनिश्चित हो। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की पूर्ति में जीवंत ग्राम सभा की भूमिका महत्वपूर्ण है, ग्राम सभा की जमीनी कार्यवाही समावेशी, सहभागी और सतत विकास को और मजबूती प्रदान करेगी, जिससे आत्मनिर्भर पंचायत का निर्माण होगा।

*- लेखक संकाय सदस्य (पंचायतीराज), ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बरसा आसमान का कहर

लंबे इंतजार के बाद जब मानसून ने पूरे देश में दस्तक दी तो लोगों के चेहरों पर खुशी थी। भीषण गर्मी और पानी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को उम्मीद थी कि बारिश राहत लेकर आएगी, खेतों में हरियाली लौटेगी और जलस्रोत भर जाएंगे। लेकिन इस बार मानसून ने राहत से ज्यादा आफत का रूप दिखाया। देश के अनेक राज्यों में मूसलाधार बारिश ने बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और हादसों का ऐसा सिलसिला शुरू कर दिया कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया, सड़कें नदियों में बदल गईं और करोड़ों रुपए की संपत्ति पलभर में तबाह हो गई।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### प्रम्बानन मंदिर



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) अब इंडोनेशिया के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'प्रम्बानन मंदिर' के संरक्षण में अपनी विशेषज्ञता साझा करेगा। प्रम्बानन मंदिर में गूंजता "ॐ नमः शिवाय" सनातन की शाश्वत चेतना का दिव्य स्पंदन है।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक स्थल



उत्तर प्रदेश में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के बाद, अब उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में दान चोरी और गबन का मामला भी काफी चर्चा में है। इन दोनों मशहूर धार्मिक स्थलों के ट्रस्ट से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की भी ठीक से जांच होनी चाहिए।

**-मायावती,** पूर्व सीएम, उत्तरप्रदेश

### भूस्खलन दुखद



वायनाड में हुआ भूस्खलन बेहद दुखद है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। इस दुखद आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### फुटबॉल वर्ल्ड कप



फुटबॉल वर्ल्ड कप यह साबित करता है कि बड़े-बड़े पुरुषों को भी खुलकर रोने की इजाज़त है ताकि दुनिया देख सके... और हम भी उनके साथ रोते हैं... यहाँ तक कि सबसे मज़बूत लोग भी। खासकर वे जो सबसे ज़्यादा मज़बूत होते हैं।

**-शेखर कपूर,** फिल्मकार

## करंट अफेयर

### सुदर्शनी भारतीय समुद्री विरासत का प्रतिनिधित्व करती है

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने कहा कि भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण पोत 'आईएनएस सुदर्शनी' की अमेरिका यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा और आपसी संबंधों को प्रदर्शित करती है।




अमेरिका की आजादी की 250वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित हो रहे 'यूनाइटेड स्टेट्स इंटरनेशनल नेवल रिव्यू 250' और 'सेल फोर्थ 250' समारोहों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 'आईएनएस सुदर्शनी' गर्व के साथ तिरंगा लहराते हुए चार जुलाई को न्यूयॉर्क पोर्ट पहुंची। प्रधान ने मंगलवार को बताया, 'आईएनएस सुदर्शनी भारतीय समुद्री विरासत की शानदार परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है और भारतीय नौसेना की ताकत और कौशल को दिखाती है। यह भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत होते आपसी संबंधों का भी प्रतीक है।' आईएनएस सुदर्शनी का यह दौरा पोत के 10 महीने लंबे समुद्री अभियान 'लोकायन 2026' का हिस्सा है। भारत सरकार के एक बयान के अनुसार यह अभियान 'समुद्री सहयोग को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सद्भावना बढ़ाने और सहयोगी नौसेनाओं के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## ऑफ बीट

### मधुमक्खियों के चेहरे खोल सकते हैं उनके मन के राज

इंसान अक्सर सामने वाले के चेहरे के भाव देखकर समझ लेते हैं कि वह खुश है, परेशान है या किसी चीज को पसंद नहीं कर रहा है। स्वादिष्ट भोजन मिलने पर मुस्कान आ जाती है, पसंद न आने वाली चीज पर चेहरा सिकुड़ जाता है। लेकिन क्या ऐसा ही कुछ छोटे-से शरीर वाली मधुमक्खियों के साथ भी होता है? हम अपने आसपास के जानवरों को देखकर अक्सर समझ लेते हैं कि वे खुश हैं, डर रहे हैं या उन्हें दर्द हो रहा है। मधुमक्खियों का चेहरा इंसानों की तरह भाव दिखाने वाला नहीं होता। उनका बाहरी शरीर कठोर खोल से ढका होता है, इसलिए पहली नजर में लगता है कि उनके चेहरे पर कोई बदलाव संभव नहीं होगा।



लेकिन वैज्ञानिकों का ध्यान उनके मुंह के बेहद सक्रिय हिस्से 'ग्लोसा' पर गया। यह एक लंबी जीभ जैसी संरचना होती है, जिसकी मदद से मधुमक्खियां फूलों से रस चूसती हैं। प्रयोगों में शोधकर्ताओं ने भौंरों (बम्बलबी) को अलग-अलग स्वाद वाली छोटी-छोटी बूंदें दीं और उनकी प्रतिक्रियाओं को ध्यान से देखा। जब एक मधुमक्खी को चीनी का घोल दिया गया तो उसने तेजी से अपनी ग्लोसा बाहर निकाली और उसे पी लिया। लेकिन हैरानी तब हुई जब घोल खत्म हो गया और उसे देने वाली पाइपेट हटा ली गई। इसके बाद भी मधुमक्खी कुछ समय तक अपनी ग्लोसा को बाहर निकालती और अंदर करती रही।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

देश के कई राज्यों में बारिश ने लोगों को किया हलाकान आवागमन बाधित

# पुणे में इमारत गिरने से 16 लोग दबे, आगरा में दुकान गिरने से 5 लोग मलबे, जनजीवन ठहरा

## महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश ने सबसे ज्यादा बरपाया कहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के पुणे शहर, उसके उपनगरों और पिंपरी-चिंचवड़ क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। मूसलाधार बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव शुरू हो गया है। शहर की प्रमुख सड़कों पर लंबा जाम लग गया है। पिंपरी-चिंचवड़ के औद्योगिक और रिहायशी इलाकों में लगातार बारिश होने से लोगों और नौकरीपेशा कर्मचारियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिंपरी-चिंचवड़ में एक इमारत गिर गई है। इसमें कम से कम 16 लोगों के फंसे होने की आशंका है। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और दूसरी इमरजेंसी सर्विस वाली एजेंसियों की टीमें मोशी इलाके में घटनास्थल पर पहुंची। बचाव अभियान चल रहा है। लोगों को पास के अस्पतालों में ले जाने के लिए एंबुलेंस भेजी गई। इमारत के आस-पास के इलाके की घेराबंदी की जा रही है। अधिकारी अभी मलबे में फंसे लोगों की संख्या की पुष्टि नहीं कर पाए हैं। यह इमारत मोशी कचरा डिपो के पास स्थित थी। भारी बारिश के कारण कचरे का बड़ा ढेर इमारत पर आ गिरा, जिससे यह हादसा हुआ।



पुणे में इमारत गिरी

### मंबुई उपनगरीय रेल सेवाएं प्रभावित

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बुधवार को मूसलाधार बारिश हुई, जिसकी वजह से उपनगरीय रेल सेवाएं प्रभावित हुईं और कार्यालय जाने वालों को परेशानी हुई। सप्ताहांत में शहर में भारी बारिश हुई थी और मंगलवार को थोड़ी राहत मिली थी। पड़ोसी पालघर जिले के वसई-विरार रेल खंड और दक्षिण गुजरात में कई जगहों पर जलजमाव के कारण गुजरात जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेन सेवाएं बाधित रहीं। भोर घाट खंड पर सोमवार को भूस्खलन के बाद मुंबई-पुणे मार्ग पर भी ट्रेन सेवाएं पूरी तरह से बहाल नहीं की जा सकी हैं।

आगरा में बारिश के बीच बड़ा हादसा

## सुभाष बाजार में गिरी दुकान कई के दबे होने की आशंका

आगरा में बारिश के बीच बड़ा हादसा हो गया। थाना मंटोला क्षेत्र के सुभाष बाजार में बुधवार को एक छोले-भटूरे की दुकान अचानक धंस गई। हादसे के समय दुकान पर मौजूद 4-5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोग भी मलबा हटाने में प्रशासन की मदद में जुट गए। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने भी मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया। 1-2 लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।






## विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025: जेपीसी ने दिया अंतिम रूप, मानसून सत्र में होगा पेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 देश में उच्च शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक विकसित भारत के सपनों को पूरा करने में मददगार होगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अनुसार इस विधेयक को अंतिम रूप दे दिया गया है। संसद के आगामी मानसून सत्र में इसे पेश कर दिया जाएगा। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बतौर सदस्य विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 पर संसद की संयुक्त समिति की संसद परिसर में बुधवार को आयोजित बैठक में भाग लेने के बाद यह जानकारी दे रहे थे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बैठक में विधेयक के सभी प्रावधानों पर बिन्दुवार गहन विचार विमर्श कर विधेयक को अंतिम रूप दिया गया। सांसद अग्रवाल के अनुसार विधेयक देश की नई शिक्षा नीति को जनता के लिए और उपयोगी और सुगम बनाने में पूरी तरह सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश के उच्च शिक्षण संस्थान केवल डिग्री प्रदान करने की बजाय नवाचार, अनुसंधान और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन के लिए और कोशिश करें।

## आईआईटी मंडी ने विकसित किया सबसे बड़ा लैंडस्लाइड अर्ली वार्निंग सिस्टम

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) मंडी के वैज्ञानिकों ने भारतीय हिमालयी क्षेत्र के लिए पूरी तरह से काम करने वाला 'लैंडस्लाइड अर्ली वार्निंग सिस्टम' विकसित किया है। इसका मकसद मॉनसून के दौरान एक वेब-बेस्ड प्लेटफॉर्म के जरिए भूस्खलन के जोखिमों की रोजाना भविष्यवाणी करके आपदा की तैयारी को बेहतर बनाना है। इस रिसर्च को आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डेरिक्स प्रेज शुक्ला ने रिसर्च स्कॉलर अंकित सिंह और नितेश धीमान के साथ मिलकर लीड किया।



### रोजाना लैंडस्लाइड का पूर्वानुमान मिलेगा

यह इलाके की संवेदनशीलता की जानकारी को रियल-टाइम बारिश के डेटा के साथ मिलाकर लैंडस्लाइड की संभावना का अनुमान लगाता है और उस पर नजर रखता है। यह अधिकारियों और डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसियों को समय पर बचाव के उपाय करने में मदद करने के लिए जगह के हिसाब से चेतावनी जारी करता है। प्रोफेसर शुक्ला ने कहा कि यह सिस्टम मानसून सीजन की शुरुआत से एक वेब-बेस्ड एप्लिकेशन के जरिए रोजाना लैंडस्लाइड का अनुमान देता है।

पंजाब विवाद पर बोले बघेल

## यह गुड्डे-गुड़िया का खेल नहीं, हम नियुक्त अध्यक्ष को नहीं हटाएंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने प्रदेश में पार्टी के नेतृत्व में किसी भी बदलाव की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि ऐसे फैसले 'गुड्डे-गुड़ियों का खेल' नहीं हैं, जिन्हें बार-बार बदला जाए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व पर आलाकमान का फैसला अंतिम है। वे जल्द ही चरणजीत सिंह चन्नी से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस ने घोषणा की थी कि अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### केरलम में घर की लिफ्ट में फंसा बुजुर्ग, मौत

**पथानामथिट्टा।** केरलम के पथानामथिट्टा में 75 साल के बुजुर्ग व्यक्ति की लिफ्ट में सिर फंसने से मौत हो गई।



मृतक की पहचान कडममनिट्टा के कल्लेलिमुकु निवासी माथुकुट्टी के रूप में हुई है। कार पार्क करने के बाद वे लिफ्ट में चढ़े लेकिन लिफ्ट के लोहे के बीम के बीच उनका सिर फंस गया। इस बीच उनकी मौत हो गई।

### करंट से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले के फलटन तालुका के खामगांव में बिजली का करंट लगने से पारधी



समुदाय के एक ही परिवार के4लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक दंपती और उनके 2 बच्चे शामिल हैं। घर के सामने बिजली के केबल का तार छूने से ये पूरा हादसा हुआ। एक दूसरे को बचाने में परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई।

### एआई से बने शपथ-पत्र पर भड़के छग के सीजे

**बिलासपुर।** बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान की बदहाल व्यवस्थाओं और बुनियादी



सुविधाओं की कमी को लेकर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई। विभाग के सचिव के शपथ-पत्र को देखकर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने तीखी टिप्पणी की। यह एआई से तैयार किया गया है।

### भुवनेश्वर अदालत को बम से उड़ाने की धमकी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में भुवनेश्वर अदालत परिसर में बम धमाके की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद



पुलिस ने तलाशी शुरू किया। सहायक पुलिस आयुक्त (जोन-4) अभिमन्यु नायक ने बताया कि बम निरोधक दस्ते के कर्मी मौके पर पहुंचे और पूरी इमारत की गहन जांच की। तलाशी अभियान में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

## कोलकाता में ममता के कार्यक्रम में जमकर हंगामा और बवाल

# रैली में भिड़े टीएमसी व भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर लगे चोर-चोर के नारे,अंडे फेंके

### बारुईपुर में बच्ची के साथ दरिंदगी के विरोध में किया गया था प्रदर्शन



ममता ने अपने नेता को मारा थप्पड़

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेत्री ममता बेनर्जी की रैली के दौरान जमकर हंगामा और बवाल हुआ। बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ के बीच निकाले जा रहे इस मार्च में टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ के लोग एक-दूसरे से बुरी तरह उलझ पड़े। इस हंगामे के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव फैल गया है। दरअसल यह पूरा बवाल बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में ही शुरू हुआ था। इस वारदात के खिलाफ टीएमसी ने कलकत्ता हाई कोर्ट की मंजूरी के बाद रैली निकाली थी। मुख्य आरोपी प्रभा मंडल का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। जब यह मार्च बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रहा था, तो टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ता भिड़ गए और रैली अखाड़ा बन गई। इस दौरान नारेबाजी भी हुई। इस बीच ममता ने आपा खोया और अपने पार्टी के नेता को थप्पड़ मार दिया। वहीं ममता की इस रैली में अंडे भी फेंके गए।

**हंगामे से जुड़ीं 5 बड़ी बातें**

- पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेता ममता के नेतृत्व में निकाला जा रहा था मार्च।
- यह पूरी झड़प और धक्का-मुक्की कोलकाता के बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ के बीच हुई।
- टीएमसी और भाजपा के समर्थक बीच सड़क पर एक-दूसरे से बुरी तरह उलझ पड़े।
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को निशाना बनाते हुए जमकर की नारेबाजी।
- हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने समय और रूट बदलकर इस रैली को मंजूरी दी थी।



कोलकाता पुलिस ने बीच-बचाव की कोशिश भी की

**बीच सड़क हाई-वोल्टेज ड्रामा दिखा**

यह हाई-वोल्टेज ड्रामा उस समय शुरू हुआ जब ममताकी रैली बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ता एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए।

### हाजरा मोड़ पर धक्का मुक्की और नारेबाजी

यह हाई-वोल्टेज ड्रामा उस समय शुरू हुआ जब ममता की अगुवाई में पार्टी का जुलूस बालीगंज फाड़ी से हाजरा मोड़ की तरफ बढ़ रहा था। वहां भाजपा के समर्थक भी पहुंच गए और दोनों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। पहले दोनों तरफ से तीखी बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को धक्का देते हुए 'चोर, चोर' के नारे लगाने शुरू कर दिए।

कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय की बड़ी कार्रवाई

## टीएमसी के बैंक खातों में जमा 440 करोड़ रुपए फ्रीज

प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी से जुड़े संदिग्ध फंड मामले में पीएमएलए के तहत जांच तेज कर दी है। एजेंसी ने कोलकाता में टीएमसी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है, जिनमें लगभग 440 करोड़ रुपए जमा हैं।



यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा 3मुख्य बैंक खातों पर लगाए गए 'डेबिट फ्रीज' के बाद हुई है। पुलिस ने शिकायत के बाद इन खातों से होने वाले सभी लेन-देन और निकासी पर रोक लगा दी थी।

**एक्शन के 3 मुख्य बिंदु**

- **हवाई कंपनियों पर शक:** 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का संदिग्ध फंड एविएशन और ट्रैवल कंपनियों के जरिए भेजा गया था।
- **कोलकाता में ताबड़तोड़ छापेमारी:** सीएपीएफ के साथ ईडी की टीमों ने कोलकाता में कई ठिकानों पर छापे मारे। यह छापेमारी एक प्राइवेट चार्टर फर्म 'केयरवेल एविएशन', उसके निदेशकों और एक कथित इलेक्टोरल ट्रस्ट से जुड़े परिसरों पर की गई।
- **संदेह का घेरा:** एजेंसी तफ्तीश कर रही है कि क्या इन खातों का इस्तेमाल भ्रष्टाचार, जबरन वसूली या तस्करी से जुड़ा है।

50 करोड़ के गबन में अकाउंट्स ऑफिसर,अकाउंटेंट हिरासत में, 504 करोड़ के बैंकिंग घोटाले से जुड़े तार

## हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, दो अधिकारी गिरफ्तार



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के खाते से सरकारी धन के गबन के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बोर्ड के अकाउंट्स ऑफिसर जुगल किशोर और संविदा पर कार्यरत अकाउंटेंट अमित कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों अधिकारियों पर हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के बैंक खाते से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ीपूर्ण निकासी और सरकारी धन के दुरुपयोग में शामिल होने का आरोप है। यह मामला हरियाणा सरकार के संदर्भ पर सीबीआई को सौंपा गया था। जांच में सामने आया कि हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर-32, चंडीगढ़ शाखा में संचालित खाते से करीब 50 करोड़ रुपये फर्जी डेबिट लेन-देन के जरिए निकाले गए और उन्हें विभिन्न शेल कंपनियों में स्थानांतरित कर दिया गया। जांच के दौरान पता चला कि यह राशि कैपको फिनटेक सर्विसेज, एसआरआर प्लानिंग गुरुस प्राइवेट लिमिटेड और स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट्स जैसी कथित शेल कंपनियों के खातों में भेजी गई थी। मामले में जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर सीबीआई ने जुगल किशोर और अमित कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में भेज दिया गया है।

### 504 करोड़ रुपए के बड़े बैंकिंग घोटाले से जुड़ा मामला

हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड से जुड़ा यह घोटाला सेक्टर-32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा में हुए एक बड़े बैंकिंग घोटाले का हिस्सा है। जांच में आरोप है कि हरियाणा सरकार के आठ विभागों के लगभग 504 करोड़ रुपये फर्जी अथवा अस्तित्वहीन फिक्स्ड डिपॉजिट और धोखाधड़ीपूर्ण डेबिट लेन-देन के माध्यम से निकाल लिए गए थे। इसके बाद इस धनराशि को विभिन्न शेल कंपनियों के जरिए इधर-उधर भेजकर उसके स्रोत को छिपाने की कोशिश की गई।

### अब तक 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

यह मामला पहले हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पास था, जिसे बाद में राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई को सौंप दिया गया। अब तक इस मामले में सीबीआई 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

हर महीने होंगे प्राकृतिक खेती संवाद, प्राकृतिक उपज के लिए मंडियों में अलग स्थान और हैफेड करेगी खरीद: मुख्यमंत्री

## हरियाणा के हर जिला में प्रकृति श्री अन्न प्रेरक किसान कमेटी बनेगी: नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज एक बड़ा ऐलान किया है, उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रकृति श्री अन्न प्रेरक किसान कमेटी बनाई जाएगी, यह कमेटी हर जिला में होगी। इस कमेटी का मुख्य कार्य किसानों से संपर्क करना, उनके फार्म पर जाना और सरकार से सामंजस्य करवाकर प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ने का कार्य होगा। यह एक तरह से प्राकृतिक खेती के प्रेरक एम्बेस्डर होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को पंचकूला में हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा



आयोजित प्राकृतिक खेती संवाद को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस दौरान किसानों से संवाद भी किया, मुख्यमंत्री ने किसानों से मिले सुझावों को जल्द पूरा करवाने की दिशा में काम करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती करने वाले जिन किसानों ने गाय खरीदने के लिए सब्सिडी के लिए आवेदन किया है, उन्हें सब्सिडी जारी कर दी जाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती करने का एक तरीका नहीं, बल्कि किसान, प्रकृति और समाज के बीच टूट चुके संबंधों को फिर से मजबूत करने का अभियान है। यह धरती माता की सेवा, खेती की लागत कम करने, जल और मिट्टी के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का माध्यम है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती के ब्रांड एंबेसडर बनने का आह्वान करते हुए कहा कि अब केवल चिंतन नहीं, बल्कि अमल करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का समय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समय-समय पर किसानों से सीधा संवाद करेगी और प्राकृतिक खेती के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती पर प्रत्येक माह इसी प्रकार के संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

अल नीनो की चुनौती पर सरकार अलर्ट, चौहान कर रहे मॉनिटरिंग

## जुलाई में मानसून में सुधार से राहत, कम वर्षा वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर 178 हुई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अल नीनो के संभावित प्रभाव से उपजी मानसून की अनिश्चितता के बीच केंद्र सरकार पूरी तैयारी, स्पष्ट रणनीति और मजबूत ग्राउंड एक्शन के साथ हालात को संभालने में जुटी है। चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन उनसे निपटने सिस्टम सक्रिय है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को ये बातें कही। उन्होंने बताया कि जून में 33 प्रतिशत कम बारिश के बाद जुलाई में स्थिति में सुधार आया है और अब यह कमी घटकर 24 प्रतिशत रह गई है। देश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई है, जिससे कम वर्षा वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर 178 रह गई है।
चौहान ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब, बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 350.85 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई है, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 91.95 लाख हेक्टेयर कम है। मानसून में देरी का असर सोयाबीन और कपास पर पड़ा है, लेकिन किसानों को मक्का, बाजरा और मूंग जैसी कम अवधि और कम पानी वाली फसलों की बुवाई की सलाह दी गई है। सिंह ने कहा कि आईसीएआर के सहयोग से प्रभावित होने की संभावना वाले जिलों के लिए कंटिंजेंसी प्लान तैयार कर राज्यों के साथ साझा किए गए हैं। जून में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत 1.24 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और 80 लाख से ज्यादा किसानों तक सीधे पहुंच बनाई गई। करीब 1.75 लाख क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार रखा गया है।

# घर का खाना हुआ महंगा, पांच माह के हाई पर शाकाहारी व नॉन-वेज थाली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जून में घर पर बनने वाली शाकाहारी और नॉन-वेज थाली दोनों की लागत पिछले पांच महीनों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई।

■ वजह टमाटर, प्याज, खाद्य तेल व रसोई गैस व ब्रॉयलर चिकन की कीमतें बढ़ी

इसकी वजह टमाटर, प्याज, खाद्य तेल, रसोई गैस और ब्रॉयलर चिकन की बढ़ती कीमतें रहीं। यह जानकारी क्रिसिल इंटेलिजेंट की मासिक रोटी राइस रिपोर्ट में दी गई है।

जून में शाकाहारी थाली की कीमत 28.4 रुपए रही, जो मई में 27.4 रुपए थी। यानी एक महीने में इसमें 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं, जून 2025 के मुकाबले यह 5 प्रतिशत महंगी हो गई। दूसरी ओर, नॉन-वेज थाली की कीमत 58.2 रुपए रही, जो मई में 56.5 रुपए थी। यह मासिक आधार पर 3 प्रतिशत और पिछले साल के मुकाबले 6 प्रतिशत महंगी हुई।

## क्रिसिल इंटेलिजेंट की रोटी प्राइस रेट की रिपोर्ट जारी


### टमाटर ने सबसे ज्यादा बढ़ाया खर्च

रिपोर्ट के मुताबिक, टमाटर की कीमत एक साल में 31 प्रतिशत बढ़कर 42 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। जून 2025 में यह 32 रुपए प्रति किलो थी। फरवरी और मार्च में ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से गर्मियों की फसल की बुआई देर से हुई और उत्पादन भी कम रहा। इसी कारण टमाटर महंगा हुआ।

### टमाटर 17 प्रतिशत महंगा हुआ

मई के मुकाबले जून में टमाटर 17 प्रतिशत, आलू 5 प्रतिशत और प्याज 8 प्रतिशत महंगे हुए। इसी वजह से जून में शाकाहारी थाली की लागत और बढ़ गई। हालांकि, आलू की कीमतों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई। नई रबी फसल आने से इसकी कीमत कम हुई। इससे थाली की लागत में बढ़ोतरी कुछ हद तक सीमित रही।





### एलपीजी की कीमतें 10 प्रतिशत सालाना बढ़ी

वहीं, प्याज की कीमत सालाना आधार पर 2 प्रतिशत बढ़ी, क्योंकि बाजार में महंगे रबी स्टॉक की आवक शुरू हुई। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य तेल और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी सालाना 10-10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसकी एक वजह पश्चिम एशिया में तनाव के कारण सप्लाई प्रभावित होना भी रही।

### नॉन-वेज थाली क्यों हुई महंगी?



नॉन-वेज थाली की कीमत बढ़ने की सबसे बड़ी वजह ब्रॉयलर चिकन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉयलर की कीमत सालाना आधार पर करीब 7 प्रतिशत बढ़ी, जबकि महीनेभर में इसमें करीब 2 प्रतिशत की तेजी आई। क्रिसिल के अनुसार, नॉन-वेज थाली की कुल लागत का करीब आधा हिस्सा ब्रॉयलर पर निर्भर करता है। भीषण गर्मी की वजह से सप्लाई कम रही, जिससे चिकन की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली।

## खबर संक्षेप

### पंजाब एंड सिंध बैंक को गिफ्ट सिटी का लाइसेंस

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक को गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में आईएफएससी बैंकिंग इकाई स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण से लाइसेंस मिल गया है। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। वैश्विक स्तर की अपतटीय बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### रुपया 59 पैसे टूटकर 95.55 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 59 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.55 (अस्थायी) पर रहा। होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन वाणिज्यिक पोतों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद अमेरिकी सेना ने बुधवार तड़के ईरान के खिलाफ हमले किए। इससे दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने को लेकर हुए अंतरिम समझौते पर खतरा खड़ा हो गया है।

### नैक पैकेजिंग आठ प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** पैकेजिंग समाधान प्रदाता नैक पैकेजिंग लिमिटेड का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने 170 रुपये के निर्गम मूल्य की तुलना में करीब आठ प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। कंपनी का शेयर 186 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य की तुलना में 9.41 प्रतिशत अधिक है। 12.94 प्रतिशत चढ़कर 192 रुपये पर पहुंच गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सिबिल के एमडी जैन ने कहा, सकारात्मक कारकों के बावजूद वृद्धि नहीं

# भारत में ऋण गुणवत्ता में सुधार के बावजूद क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम

■ बकाया भुगतान में चुक के स्तर में सुधार आने के बावजूद कार्ड की पहुंच कम

■ व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का योगदान घटा है

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ट्रांसयूनियन सिबिल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी भवेश जैन ने बुधवार को कहा कि बकाया भुगतान में चूक (डिलिंक्वेंसी) के स्तर में सुधार जैसे कई सकारात्मक कारकों के बावजूद विकसित ही नहीं बल्कि विकासशील देशों की तुलना में भी भारत में क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम है। जैन ने कहा कि व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का योगदान घटा है। नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत ही ऐसे हैं जो पहली बार ऋण प्रणाली से जुड़े हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह अनुपात 26 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि भारत में 5.2 करोड़ लोगों के पास क्रेडिट कार्ड हैं, जो लगभग 25 करोड़ सक्रिय ऋण ग्राहकों की कुल संख्या का केवल 25 प्रतिशत है।

### सबसे अधिक क्रेडिट कार्ड का उपयोग हांगकांग में

एमडी ने कहा कि विकसित और विकासशील देशों में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले लोगों का अनुपात इससे अधिक है। क्रेडिट सूचना कंपनी द्वारा तैयार एक श्वेतपत्र के अनुसार, यह अनुपात कोलंबिया में 62 प्रतिशत, हांगकांग में 98 प्रतिशत, अमेरिका में 81 प्रतिशत और ब्रिटेन में 70 प्रतिशत है।

## नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत पहली बार इस प्रणाली से जुड़े




### उपभोक्ताओं की संख्या 5.2 करोड़ हुई

पिछले एक दशक में कई मानकों पर वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान बकाया राशि 8.3 गुना होकर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गई, क्रेडिट कार्ड रखने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 3.6 गुना होकर 5.2 करोड़ हो गई और कार्डों की संख्या 5.1 गुना होकर 10.7 करोड़ रही।

### ग्राहकों के लिए अब कई विकल्प उपलब्ध

श्वेतपत्र में कहा गया कि वर्षों में मुख्य रूप से उपभोग के लिए इस्तेमाल होने वाले क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए प्रमुख असुरक्षित ऋण उत्पाद नहीं रह गए हैं। इसके पीछे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), व्यक्तिगत ऋण आदि जैसे विकल्प उपलब्ध होना है जिनसे इसकी प्रतिस्पर्धा है।

**क्रेडिट कार्ड पर दो प्रतिशत का एमडीआर लगता है :** वर्तमान में प्रत्येक क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर दो प्रतिशत तक का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाया जाता है। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को लेनदेन पर 'रिवॉर्ड प्वाइंट' जैसे लाभ भी मिलते हैं। वर्तमान में उपयोगकर्ता वीजा और मास्टरकार्ड जैसे अन्य नेटवर्क के क्रेडिट कार्ड को यूपीआई ऐप से नहीं जोड़ सकते, जिससे इसका उपयोग सरकार समर्थित रुपे तक सीमित रहता है।

***महामारी के दौरान इसमें जरूर व्यवधान रहा :** भौगोलिक दृष्टि से दिलचस्प बात यह है कि अब क्रेडिट कार्ड केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अर्द्ध-शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इन्हें रखने लगे हैं। पोर्टफोलियो गुणवत्ता के दृष्टिकोण से श्वेतपत्र में कहा गया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी संकट के दौरान जरूर कुछ व्यवधान आया था, लेकिन अब वह पीछे छूट चुका है और समग्र गुणवत्ता में सुधार देखा गया है।*

**तीन या उससे अधिक क्रेडिट कार्ड रखने वाले बढ़े:** श्वेतपत्र में कहा गया कि अपने बटुए में तीन या उससे अधिक क्रेडिट कार्ड रखने वाले लोगों का अनुपात एक दशक पहले के 12 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गया है। इसी अवधि में उपभोग ऋण में सक्रिय कार्डों की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत से घटकर 38 प्रतिशत रह गई है। जैन ने कहा कि युवा आबादी के पास क्रेडिट कार्ड होने की संभावना अधिक है।

### टाटा समूह का वाहन कारोबार 100 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

**मुंबई (एजेंसी)।** टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि अगले पांच साल में समूह का वाहन कारोबार 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके लिए घरेलू कारोबार में 40,000 करोड़ रुपये और जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) में लगभग 20 अरब ब्रिटिश पाउंड के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखा गया है। यह बात चंद्रशेखरन ने बुधवार को यहां कंपनी की 81वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए शेयरधारकों के सवालों का जवाब देते हुए कही।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that **Mr. Harsh Mehta** has applied/is applying before the **Land & Development Office (L&DO), New Delhi,** for substitution/mutation of **Property No. L-33, Kalkaji, New Delhi-110019** in his favour.

If any person has any claim, objection or interest in the aforesaid property, the same may be submitted with supporting documents to **L&DO, Nirman Bhawan, New Delhi,** within **30 days** from the date of publication of this notice, failing which the application shall be processed as per law.

**Harsh Mehta**
L-33, Kalkaji, New Delhi-110019

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the **original title documents/file** relating to **Property No. L-33, Kalkaji, New Delhi-110019** have been **lost/misplaced.** An **NCR** regarding the loss has been lodged with the concerned Police Station.

If any person has found or claims any right on the basis of the said original documents, he/she may contact the undersigned within **30 days** from the publication of this notice, failing which the documents shall be treated as lost for all purposes.

**Harsh Mehta**
L-33, Kalkaji, New Delhi-110019

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्या: 22-क.वि.-नई दिल्ली-2026-27 दिनांक : 08.07.2026

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–B: रिप्लेसमेंट ऑफ ओवरएज्ड PSI एसेट्स इन DUK सेक्शन इनकनेक्शन विथ इम्प्रूवमेंट ऑफ सप्लाई अरेंजमेंट एंड ऑग्मेंटेशन ऑफ PSI एसेट्स इन DUK सेक्शन |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 4,91,49,190.78/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 9,83,000/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 20.07.2026 (10:30 बजे) से 03.08.2026 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 03.08.2026 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

2351/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. सलमान, पुत्र मो. गुड्डू निवासी जी-95, गाजीपुर गांव, गोपाल गली, पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, पूर्वी दिल्ली, भारत, दूसरा पता जी-78, गाजीपुर गांव, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 589/2023 दिनांक 23.08.2023, भा.द.सं. की धारा 380/411/34 के तहत, थाना पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मो. सलमान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मो. सलमान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 589/2023 दिनांक 23.08.2023, भा.द.सं. की धारा 380/411/34 के तहत, थाना पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. सलमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, कमरा नं.3, द्वितीय तल पूर्व जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/9207/ED/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विष्णु उर्फ भीम, पुत्र दिल बहादुर निवासी बी-ब्लॉक फुटपाथ डब्ल्यूपीआईए अशोक विहार, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 469/2024 धारा 309(4)/317(2) भारतीय न्याय संहिता, थाना शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विष्णु उर्फ भीम** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विष्णु उर्फ भीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 469/2024 धारा 309(4)/317(2) भारतीय न्याय संहिता, थाना शालीमार बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विष्णु उर्फ भीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **11.08.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री गौरव कटारिया**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-07, उत्तर-पश्चिम जिला कमरा नं.208, दूसरी मंजिल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली**

DP/9297/NW/2026

# खाड़ी में तनाव बढ़ने से सोना 800 रुपये टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सोना टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 800 रुपये टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

कमजोर वैश्विक रुख और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से निवेशकों की कारोबारी धारणा कमजोर हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 800 रुपये टूटकर 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गया। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं। बाजार सूत्रों ने कहा कि सर्राफा पर दबाव बना रहा क्योंकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी, जिससे अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर में बढ़ोतरी हुई। बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही। विदेशी व्यापार में कमजोरी, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ने कीमती धातुओं के प्रति कारोबारी धारणा को कमजोर कर दिया।''

# अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,677 अंक फिसला

**मुंबई (भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के साथ अंतरिम समझौता खत्म करने की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 517 अंक टूट गया। विश्लेषकों ने कहा कि पहली तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के अनुमान को लेकर निवेशकों में चिंता होने से भी बाजार में 'जोखिम से बचने' का रुख देखने को मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,677.12 अंक यानी 2.15 प्रतिशत गिरकर 76,503.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,921.69 अंक लुढ़ककर 76,259.03 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 516.65 अंक यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर 23,882.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल सभी 30 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), मारुति, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने की आशंका हावी होने से कच्चा तेल फिर से चढ़ गया।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# अब डॉलर नहीं रुपये में फीस भरेंगे विदेशी निवेशक


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाजार नियामक सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए पंजीकरण शुल्क ढांचे में बदलाव करते हुए डॉलर आधारित व्यवस्था को खत्म कर रुपये में शुल्क तय करने का फैसला किया है। सेबी ने तीन जुलाई को जारी अधिसूचना में कहा कि इस बदलाव को लागू करने के लिए एफपीआई से संबंधित नियमों में संशोधन किया गया है। संशोधित प्रावधान छह महीने बाद प्रभावी होंगे। सेबी ने तीन जुलाई को जारी अधिसूचना के जरिये प्रथम श्रेणी के एफपीआई के लिए पंजीकरण शुल्क को 2,500 डॉलर से संशोधित कर 2.3 लाख रुपये कर दिया। वहीं, द्वितीय श्रेणी के एफपीआई के लिए पंजीकरण शुल्क को 250 डॉलर से संशोधित कर 23,000 रुपये कर दिया गया है। बाजार नियामक ने नियमों के कड़े अनुपालन से सामान्य छूट या रियायत मांगने के लिए आवेदन शुल्क भी 1,000 डॉलर से संशोधित कर पात्र विदेशी मुद्रा के समतुल्य 90,000 रुपये कर दिया है। सेबी ने एफपीआई पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले साझा आवेदन पत्र को भी अद्यतन किया है। नियामक ने 'स्थायी खाता संख्या' (पैन) आवंटन की सुविधा के लिए साझा आवेदन पत्र में आवेदक की जन्म तिथि या कंपनी के गठन की तिथि को शामिल करना अनिवार्य किया है। नामित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीडीपी) को पंजीकरण दिए जाने के बाद एकत्रित पंजीकरण शुल्क पांच कार्य दिवस के भीतर सेबी को जमा कराना होगा।

## उरियामघाट घटना पर असम सरकार ने दी सफाई

# मंत्री पियूष बोले: यह हरकत कुछ चिन्हित शरारती तत्वों की, नागा समुदाय की नहीं

**दिसपुर।** असम के संसदीय कार्य मंत्री पियूष हजारिका ने बुधवार को असम विधानसभा में स्पष्ट किया कि उरियामघाट सीमा क्षेत्र के गांवों में प्रत्येक परिवार से कथित रूप से 110 वसूले जाने की हालिया घटना कुछ चिन्हित असामाजिक तत्वों की करतूत है और इसे नागा समुदाय अथवा नागालैंड सरकार से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। विधायक नूरुल हुदा द्वारा नियम 54 के तहत उठाए गए नोटिस का उत्तर देते हुए मंत्री ने बताया कि गोलाघाट (सीमा) के पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, 23 जून को नागालैंड के नियूलैंड जिले के हुकाई बस्ती के दो व्यक्ति उरियामघाट थाना क्षेत्र के राजापुखुरी गांवों में पहुंचे और गांव के प्रधानों को पत्र सौंपकर प्रत्येक परिवार से 110 एकत्र करने का निर्देश दिया। इन पत्रों में कथित रूप से एनएससीएन/जीपीआरएन (निक्की) के नाम पर हाउस टैक्स एवं जनगणना टैक्स वसूलने की बात कही गई थी। श्री हजारिका ने जोर देकर कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों की गैरकानूनी गतिविधियों के लिए पूरे नागा समुदाय को जिम्मेदार ठहराना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। उन्होंने सभी से संयम बरतने तथा ऐसे सामान्यीकरण से बचने की अपील की, जिससे असम और नागालैंड के लोगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सौहार्दपूर्ण संबंध प्रभावित हों। मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि दोनों आरोपियों की पहचान पहले ही कर ली गई है और वे फिलहाल फरार हैं।

## शब्द पहेली - 6281




**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

### शब्द पहेली- 6280 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |



# 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्विट्ज़रलैंड ने मारी एंट्री



■ शनिवार को चैंपियन अर्जेंटीना से भिड़ंत
■ पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया पर दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

रुबेन वर्गास ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे स्विट्ज़रलैंड खेले गए मैच के गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद कोलंबिया पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज करके 72 साल बाद विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। स्विट्ज़रलैंड का सामना अब शनिवार को मिसौरी के कनसास सिटी स्थित एरोहेड स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। अर्जेंटीना ने इससे पहले दिन में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मिस्र को 3-2 से हराया था। स्विट्ज़रलैंड 1954 में विश्व कप की मेजबानी करने के बाद से कभी भी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचा था।


## स्विस टीम मंज़ांबी के बिना उतरी मैदान में

स्विस टीम युवा मिडफील्डर जोहान मंज़ांबी के बिना मैदान में उतरी। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक तीन गोल किए थे। यह एक ऐसा मैच था, जिसमें किसी तरह का रोमांच नहीं था। अतिरिक्त समय के बाद भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं रही थी लेकिन स्विट्ज़रलैंड ने धैर्य बनाए रखा, जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ। विश्व कप में दो गोल कर चुके वर्गास ने पूरे अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था लेकिन वह मैच के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे। शूटआउट में कोलंबिया के डिफेंडर डेविंसन सांचेज का पेनल्टी शॉट क्रॉसबार से टकराया और स्विट्ज़रलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल ने कूचो हर्नांडिज के शॉट को बचा लिया।

## स्टेडियम में मौजूद थे 50 हजार से अधिक दर्शक

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी बीसी प्लेस में मौजूद लोगों में शामिल थे, जहां खचाखच भरे स्टेडियम में 52,497 दर्शकों में से अधिकांश कोलंबिया के समर्थन में पीले रंग के कपड़े पहने हुए थे। कोबेल ने कहा, ' दर्शकों का समर्थन उनके पक्ष में था, इसलिए हमारे लिए यह एक कठिन मुकाबला था। हम जानते हैं कि खेल के कुछ ऐसे क्षण थे जब हमें रक्षात्मक खेल खेलना था और मानसिक रूप से मजबूत रहना था। हमारे कुछ खिलाड़ी अनुपस्थित थे, इसलिए यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती थी।'

## 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे मेस्सी



**अटलांटा।** लियोनेल मेस्सी ने मिस्र के खिलाफ इस विश्व कप में अपना आठवां गोल दागा और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे निकलने के साथ टूर्नामेंट में लगातार गोल करने का सिलसिला 9 मैचों का कर लिया। विश्व कप के मैचों में लगातार गोल करने का मेस्सी का सिलसिला 2022 से चला आ रहा है । वह लगातार 9 मैचों में 13 गोल कर चुके हैं।'गोल्डन बूट' की दौड़ में वह फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड से एक गोल आगे निकल गए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन के छह गोल हैं। मेस्सी 2022 विश्व कप में 'गोल्डन बूट' की दौड़ में एमबाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। वहीं 2014 में उन्होंने चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया था।

# 5 घंटे 16 मिनट चला महासंग्राम सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

■ नोवाक ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को हराया
■ जोकोविच ने जीता विंबलडन का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल



एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच की उम्र 39 वर्ष है लेकिन उनका जोश, जुनून और फिटनेस में किसी तरह की कमी नहीं आई है। इसका शानदार नजारा विंबलडन के सेंटर कोर्ट में देखने को मिला, जहां उन्होंने 5 घंटे से भी अधिक समय तक चले मैराथन मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने कनाडा के 25 साल के ऑगर-एलियासिमे पर 7-6 (10), 3-6, 6-3, 6-7 (4), 7-6 (4) से जीत हासिल की और मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यह मैच 5 घंटे 16 मिनट तक चला। इस तरह से यह विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मैच बन गया।

## रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ मुकाबला

पांच घंटे से ज्यादा समय तक लगातार बेसलाइन पर चले कड़े मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ी बुरी तरह थक चुके थे। यह मुकाबला पांचवें सेट के तनावपूर्ण सुपर टाई-ब्रेक में अपने पीक पर पहुंचा। मैच का एक अहम पल 22-शॉट की लंबी और थका देने वाली रैली के दौरान आया। जोकोविच ने लगातार ऑगर-एलियासिम को कोर्ट के एक कोने से दूसरे कोने तक दौड़ाया। आखिर में मैराथन मुकाबले से बुरी तरह थक चुके कनाडाई खिलाड़ी ने फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया, जिससे सर्बियाई खिलाड़ी को टाई-ब्रेक में 9-4 की मजबूत बढ़त मिल गई। इससे बाद जोकोवचि ने जीत के लिए एक पॉइंट हासिल करने के लिए काफी थके होने के बाद भी अपनी पूरी ताकत लगा दी और अपने वबिंलडन करियर का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल जीत लिया।

## सिनर के साथ होगा हाईवोल्टेज सेमीफाइनल

जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना करेंगे। इटली के इस खिलाड़ी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस सेमीफाइनल में टेनिस की सबसे रोमांचक प्रतिद्वंद्विताओं में से एक फिर से देखने को मिलेगी। सिनर ने पिछले साल विंबलडन सेमीफ़ाइनल में जोकोविच को सीधे सेटों में हराया था, जबकि सर्बियाई खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में इटली के खिलाड़ी को पांच सेटों के कड़े मुक़ाबले में हराया था।

## युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, 'ये वो पल हैं, जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं। मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं, जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं।'

## विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे लगातार आठवीं बार

जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने विंबलडन के सेमीफाइनल में लगातार आठवीं बार पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में लगातार सबसे अधिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के मामले में रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं। जोकोविच से बाद में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से अपनी तुलना करने के लिए कहा गया, जो 39 वर्ष के हैं और अभी भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जोकोविच ने उस महान फुटबॉलर के बारे में कहा,'उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा।'

## खबर संक्षेप



### हमारे हर गेंदबाज ने किया अच्छा प्रदर्शन

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का मानना है कि भारत में आईपीएल के दौरान आसान विकेट पर खेलने के बाद इंग्लैंड की परिस्थितियों में गेंदबाजी करना सामान्य स्थिति में वापसी करना है। आर्चर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यहां सब कुछ सामान्य हो गया है।' उन्होंने कहा, 'यहां आप अच्छी लेंथ पर सीधी गेंद फेंकने की कोशिश करते हैं। जबकि वहां, विकेट आसान होने और बाउंड्री छोटी होने के कारण बहुत सावधानी बरतनी पड़ती है।' आर्चर ने कहा, 'आईपीएल में कभी-कभी 200 रन भी सुरक्षित नहीं होते। लेकिन यहां 200 रन का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं है। मुझे खुशी है कि सभी ने अच्छा योगदान दिया। हमारे प्रत्येक गेंदबाज ने अच्छा प्रदर्शन किया।' भारतीय बल्लेबाजों को ब्रिटेन की परिस्थितियां कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण लगी हैं।

### न्यूज़ीलैंड सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** न्यूज़ीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले तीन मुकाबलों के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। 19 वर्षीय युवा स्पिन गेंदबाज विटेल लॉज को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। विटेल लॉज ने मौजूदा घरेलू सीजन से पहले आयोजित तैयारी शिविर में सीनियर टीम के साथ भी अभ्यास किया था। उन्होंने इस साल हुए आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट अपने नाम किए थे। इसके साथ ही पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा डॉट गेंदें फेंकने का रिकॉर्ड भी उनके नाम रहा।

# दो हार के बाद दबाव में टीम इंडिया, हर हाल में जीतना होगा चौथा टी20

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

लगातार दो मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जब गुरुवार को श्रृंखला के निर्णायक चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसके सामने खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुश्किल चुनौतियां होगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के मुश्किल हालात में ढलने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम यह मैच हार गई तो सीरीज भी गंवा देगी।

टीम चयन को लेकर सबसे बड़ा सवाल संजू सैमसन को लेकर है। उन्हें दूसरे और तीसरे टी20 से बाहर कर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था। इस युवा खिलाड़ी का प्रदर्शन अब तक टीम के बाकी खिलाड़ियों से न तो खराब रहा है और न ही बहुत अच्छा।

**इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज**



## सैमसन की वापसी की संभावना

टीम अभी 0-2 से पीछे चल रही है इसलिए भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सैमसन की वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। संजू का करियर पिछले चार महीनों में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एक समय वह टीम से बाहर थे, फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम में लौटे, लेकिन अब फिर उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर पर नहीं है, जो अपनी वापसी करने वाली श्रृंखला में अचानक कप्तान बनाए जाने के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। बल्कि कोच गौतम गंभीर और अजीत अगरकर की चयन समिति पर भी बड़ी जिम्मेदारी है।

**टीम प्रबंधन की रणनीतियों की हो रही आलोचना**

टीम प्रबंधन की रणनीतियों की भी आलोचना हो रही है। यह देखना होगा कि क्या वे एक और सीरीज हारने की शर्मिंदगी से बच पाते हैं या नहीं। तीसरे टी20 में 125 रन की करारी हार के बाद ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों ने 'वी वांट संजू' (हमें संजू टीम में चाहिए) के नारे लगाए।

# भारतीय महिला मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 चैंपियनशिप में नौ पदक पक्के किए

**जकार्ता।** भारत की अंडर-23 महिला मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को नौ वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए। तनु (51 किग्रा) ने थाईलैंड की केवालिन नोरासिंग के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि निशा (54 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान की आलियाक्सर सिम्बैट के खिलाफ इसी अंतर से जीत हासिल की। निधि ने 48 किग्रा वर्ग में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन खंडित फैसले में कजाखस्तान की गुलनाज बुरीबायेवा से 2-3 से हार गईं। प्राची (57 किग्रा) ने कोरिया की येजिन ओह के खिलाफ पहले दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से शानदार जीत हासिल की। निकिता चंद (60 किग्रा) ने चीनी ताइपे की चेन शुआन ये के खिलाफ तीसरे राउंड में आरएससी से जीत दर्ज की जबकि काजल (65 किग्रा) ने कड़े मुकाबले में जापान की अरिंडा अकिमोतो को 4-1 से हराया। भारत ने अंडर-23 महिला प्रतियोगिता में कुल नौ पदक पक्के कर लिए हैं क्योंकि सभी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मुक्केबाजों को पदक मिलता है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मुक्केबाजों में तनु (51 किग्रा), निशा (54 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), निकिता चंद (60 किग्रा), काजल (65 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा), मुस्कान (75 किग्रा), नैना (80 किग्रा) और प्रियंका (80 किग्रा से अधिक) शामिल हैं।

# कंपाउंड महिला टीम तीरंदाजी विश्व कप चरण चार के फाइनल में

भाषा ▶▶| मैड्रिड

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने बुधवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में नए कोच डेव कजिन्स के मार्गदर्शन में पदक जीतने की राह पर वापसी की जब महिला टीम ने फाइनल में जगह बनाई लेकिन पुरुष टीम मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गई।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में महिला वर्ग में परनीत कौर को छोड़कर सभी सात भारतीय कंपाउंड तीरंदाज राउंड ऑफ 32 में पहुंचने के बाद पदक की दौड़ में बने हुए हैं। मैड्रिड में चरण चार के साथ ही अमेरिका के दिग्गज कजिन्स का भारत के कंपाउंड कोच के तौर पर कार्यकाल शुरू हुआ।

मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद अमेरिकी कोच के मार्गदर्शन में भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने क्वालीफिकेशन दौर में प्रभावित किया। पुरुष टीम ने शीर्ष वरीयता हासिल की और महिला टीम सातवीं वरीय के रूप में नॉकआउट में पहुंची। ज्योति सुरेखा वेन्नम, चिकिता तनिपार्थी और पृथिका प्रदीप की महिला तिकड़ी फाइनल मुकाबले तक पहुंची।

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ 23 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

तीन साल 5 महीने में जीती पहली टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| एंटीगुआ




वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच विवियन रिचर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ। श्रीलंका से मिले 302 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 109 रन बनाए, जिसके बाद दोनों कप्तानों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। दूसरा टेस्ट ड्रॉ होने के साथ ही वेस्टइंडीज ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया। वेस्टइंडीज ने 23 साल बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। इसके साथ ही पिछले 3 साल और 5 महीने में यह कैरेबियाई टीम की पहली टेस्ट सीरीज जीत है।

दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ही बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेली। कैंपबेल 113 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि किंग 5 चौके और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव पुत्र कुलदीप निवासी वी.पी.ओ-उजवा, नई दिल्ली** ने **FIR No. 128/2025 U/S 209 भारतीय न्याय संहिता, अन्तर्गत थाना जाफरपुर कलां, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 128/2025 U/S 209 भारतीय न्याय संहिता, अन्तर्गत थाना जाफरपुर कलां, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री पंकज राय
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09
दक्षिण–पश्चिम जिला, न्यायालय नंबर 314
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/9110/DW/2026(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **आलोक सिंह राघव,** मालिकः श्री गणेश एजेंसी, **पुत्रः** वीरेंद्र पाल सिंह, **पताः** फ्लैट नंबर 04 मेस्ट्रो अपार्टमेंट, वैद्य जी फार्म, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, यूपी दुकान नंबर क्यू–5, वैद्य जी फार्म, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, 201306 यूपी, ने **CC NI Act/4440/2022 U/s 138/141/142 थानाः रांगम विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आलोक सिंह राघव** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आलोक सिंह राघव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI Act/4440/2022 U/s 138/141/142 थानाः संगम विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **आलोक सिंह राघव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती पूजा कुमारी
जेएमएफसी–10, कमरा नंबर 25
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9308/SD/2026
(Court Matter)

**हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य जीतकर ओलंपिक के लिए कोटा हासिल की थीं**

# 22 साल की स्वैग वाली मुक्केबाज, राष्ट्रमंडल खेलों में 'गोल्ड' पर नजरें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार ने अपने करियर की शुरुआत में ही यह सबक सीख लिया था कि जीवन में कुछ भी निश्चित नहीं होता और उम्मीद के अनुरुप योजनाएं काम नहीं करती इसलिए वह शानदार नतीजों के भरोसे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर नजरें लगाए हैं। वह किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रही हैं।

22 साल की बैंथमवेट (54 किग्रा) मुक्केबाज प्रीति पिछले तीन साल में भारत की सबसे होनहार मुक्केबाजों में से एक बनकर उभरी हैं। उन्होंने मुश्किलों का सामना करते हुए लगातार पदक जीते हैं। प्रीति ने 2023 में सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बावजूद प्रभावित किया। उसी साल बाद में उन्होंने हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करके वापसी की।



## लंबे ब्रेक के बाद प्रीति ने की जबरदस्त वापसी

प्रीति ने कहा, 'मैं राष्ट्रमंडल खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं और भारत के लिए पदक पदक जीतना चाहती हूं। देखते हैं क्या होता है क्योंकि कभी-कभी हम कुछ योजना बनाते हैं लेकिन चीजें वैसी नहीं होतीं जैसी हम चाहते हैं।' ओलंपिक के बाद लंबे ब्रेक के बाद प्रीति ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीता और फिर स्पेन में बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने कड़े मुकाबले के बीच एशियाई चैंपियनशिप का खिताब जीता।

## सुधार की काफी गुंजाइश : प्रीति

एशियाई चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक भी महत्वपूर्ण हो गया क्योंकि इस साल के आखिर में एशियाई खेलों में भी कई वही प्रतिद्वंद्वी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छा मुकाबला था और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए बहुत अच्छा था क्योंकि वहां भी मुझे वही प्रतिद्वंद्वी मिलेंगे। इससे मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने का काम किया है। वहां मेरा प्रदर्शन एक अच्छा संकेत था।' हालिया सफलता के बावजूद प्रीति का मानना है कि सुधार की काफी गुंजाइश है क्योंकि वह 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं।



"अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।"
मोर्निंग होगी मस्त क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त
Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores
NO.1 BRAND
Dr. Juneja's पेट सफा ®
Natural Laxative Granules & Tablets

## मामले के तीन साल बाद कनाडा की पुलिस का बड़ा महत्वपूर्ण कबूलनामा, नहीं मिला कोई सबूत

# भारत के सरकारी अधिकारियों का आतंकी निज्जर की हत्या से कोई लेना-देना नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के अधिकारियों का खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह की हत्या से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है। इस तथ्य की पुष्टि किसी और ने नहीं, बल्कि खुद कनाडा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की डिप्टी कमिश्नर लिसा मोरलैंड ने सीबीसी न्यूज (कनाडा का न्यूज चैनल) से बातचीत में की है। उन्होंने बताया कि निज्जर की हत्या के मामले में की गई जांच-पड़ताल के दौरान उन्हें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है। जिसके आधार पर वो कह सकें कि उसकी हत्या में भारत के किसी सरकारी अधिकारी की कोई भूमिका रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका हरदीप निज्जर की हत्या के मामले में भारत से उसकी जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार के प्रत्यर्पण की मांग करेगा। अभी फिलहाल वह इस संबंध में तैयारी कर रहा है। पूर्व में अमेरिका के न्याय विभाग ने सार्वजनिक किए अपने दस्तावेजों में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को निज्जर की हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया था। 2023 में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर आतंकी निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### अमेरिका करेगा लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बरार के प्रत्यर्पण की मांग



### चर्चा में छाया 'ऑपरेशन हार्ड बॉल'

वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक ध्यान देने वाली बात 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' नामक वह अभियान है। जिसकी मीडिया के लगभग सभी माध्यमों पर जोरशोर से चर्चा हो रही है। अभियान के तहत दुनिया के तीन देशों अमेरिका, यूरोप और कनाडा की एजेंसियों ने अभियान चलाकर दो दर्जन लोगों की गिरफ्तारियां की हैं। सभी ने गिरफ्तार किए गए 24 लोगों पर भारत के संगठित अपराधी गिरोह से संबंध होने का आरोप लगाया है। जबकि बिश्नोई और गोल्डी बरार को वह निज्जर की हत्या के मामले में आरोपी (साजिश रचने, जान से मारने का आदेश देने वाले) मानते हैं। जबकि नई दिल्ली से दोनों के प्रत्यर्पण की मांग किए जाने की तैयारी है।

### एफबीआई देगी 50 हजार डॉलर का इनाम

अमेरिका की शीर्ष जांच एजेंसी एफबीआई ने गोल्डी बरार (सतिंदरजीत सिंह) को लेकर हेल्पलाइन नंबर -1-800-CALL-FBI पर संपर्क करने की अपील की है। इसके अलावा एजेंसी ने मामले को लेकर एक वेबसाइट के माध्यम से जानकारी देने वाले व्यक्ति को 50 हजार डॉलर का इनाम देने की भी घोषणा की है।

### ट्रूडो ने लगाए थे गंभीर आरोप

गौरतलब है कि कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा मामले में निज्जर की हत्या और भारत के एजेंटों की भूमिका के संभावित लिंक से जुड़े विश्वसनीय आरोपों की जांच करने की बात कही थी। जिसके करीब तीन साल बाद कनाडा की पुलिस ने ही इस मामले में 'दूध का दूध और पानी का पानी' कर दिया है यानी पूरी सच्चाई को सबके सामने ला दिया है। पूर्व पीएम के उक्त बयानों के बाद दोनों देशों के द्विपक्षीय और राजनयिक संबंधों में काफी तल्खी देखने को मिली थी। भारत और कनाडा ने अपने-अपने राजनयिकों व दूतावास कर्मियों को वापस बुला लिया था। लेकिन बीते वक्त में कनाडा में गठित की गई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली नई सरकार के गठन के बाद हालात काफी बदल गए हैं और अब भारत-कनाडा के संबंध पहले की तरह ही सामान्य हो रहे हैं।

## 2027 तक सभी राज्य मुख्यालयों में खुलेंगे एफआरआरओ कार्यालय
## जेवर और अगरतला एयरपोर्ट पर जल्द शुरू होगी इमिग्रेशन सुविधा

# प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, अमित शाह ने दिए कई बड़े निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और आप्रवासन (इमिग्रेशन) प्रणाली को और अधिक आधुनिक एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से बुधवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में गृह मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, आसूचना ब्यूरो तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में देश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने, सुरक्षा जांच को अधिक प्रभावी बनाने तथा आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई।



### दो वर्षों में 62 एयरपोर्टों के विकास का लक्ष्य

अमित शाह ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के सुरक्षा मानकों के अनुरूप यात्री सुविधाओं का विस्तार करने और वाणिज्यिक क्षेत्रों को निर्धारित सीमा में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रक्रियाधीन 21 एयरपोर्ट और शेष 41 एयरपोर्ट सहित कुल 62 हवाई अड्डों के विकास कार्यों को यात्री यातायात के आधार पर प्राथमिकता देते हुए अगले दो वर्षों में पूरा किया जाए।

### यात्रियों की आवाजाही के लिए बनेगी समन्वित योजना

गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिया कि एयरपोर्ट के प्रत्येक चरण-प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर, सुरक्षा जांच लेन और इमिग्रेशन काउंटर-को एक-दूसरे से जोड़कर ऐसी समन्वित व्यवस्था तैयार की जाए जिससे किसी भी बिंदु पर यात्रियों का प्रवाह बाधित न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एयरपोर्ट के सभी टचपॉइंट पर वैज्ञानिक योजना तैयार की जाए ताकि यात्रियों को लंबी कतारों और अनावश्यक प्रतीक्षा से राहत मिल सके।

### सभी एयरपोर्ट पर लगेगा ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम

बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि मानव संसाधन पर निर्भरता कम करने और सुरक्षा जांच प्रक्रिया को तेज बनाने के लिए देश के सभी हवाई अड्डों पर चरणबद्ध तरीके से ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में बनने वाले नए एयरपोर्टों में इसी प्रणाली को अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए मानक तय किए जाएं।

### एरोब्रिज और बैगेज ड्रॉप सुविधा का होगा विस्तार

गृह मंत्री ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को निर्देश दिया कि विभिन्न एयरपोर्टों पर यात्री और विमान यातायात के आधार पर एरोब्रिज की संख्या निर्धारित करने के लिए स्पष्ट मानदंड बनाए जाएं। इसके साथ ही प्रमुख 16 एयरपोर्टों के अलावा अन्य अधिक यात्री आवागमन वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर भी बैगेज ड्रॉप सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### एक्स-रे स्क्रीनिंग में योग्य कर्मियों की तैनाती

अमित शाह ने कहा कि एक्स-रे स्क्रीनिंग के लिए तैनात सीआईएसएफ कर्मियों की शैक्षणिक योग्यता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उपलब्ध योग्य अधिकारियों और कर्मचारियों को ही इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में लगाया जाए ताकि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न हो।

### 2027 तक सभी राज्यों में कार्यालय

बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि वर्ष 2027 तक देश के सभी राज्य मुख्यालयों में विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) स्थापित किए जाएं। साथ ही अगरतला और जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अधिकृत इमिग्रेशन जांच चौकियां शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए।

### एफटीआई टीटीपी को मिलेगा बढ़ावा

गृह मंत्री ने फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन–ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम को अधिक लोकप्रिय बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि एयरलाइंस के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय टिकट बुक करने वाले यात्रियों को व्हाट्सएप संदेश भेजकर इस योजना में पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

## पश्चिम-एशिया तनाव के बीच व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने पर भारत ने जताई चिंता

### बयान में बोला विदेश मंत्रालय, हमलों की ये घटनाएं क्षेत्रीय शांति, स्थिरता के लिए खतरा हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हाल ही में महत्वपूर्ण वैश्विक जलमार्गों में एक बार फिर से व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने को लेकर गंभीर चिंता प्रकट की है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को जारी किए अपने एक बयान में बताया कि जहाजों पर हमले से जुड़े यह तमाम घटनाक्रम क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता के संबंध में जारी प्रयासों के लिए खतरा पैदा करते हैं। भारत सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव को घटाने और नागरिकों की सुरक्षा के साथ ही ऊर्जा सप्लाई, व्यापार की निबार्ध रूप से आवाजाही को बनाए रखने की अपील की है।

### बातचीत-कूटनीति से निकलेगा रास्ता

बयान के मुताबिक, भारत ने मामले से जुड़े तमाम भागीदारों से बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आग्रह किया है। जिससे इस संघर्ष का शांतिपूर्ण और दीर्घकालिक समाधान ढूंढा जा सकेगा। यहां बता दें कि भारत का यह बयान क्षेत्र में अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर से भड़के युद्ध के मद्देनजर दिया गया है।

## गगनयान मिशन के लिए मुख्य पैराशूट का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मध्य प्रदेश के श्योपुर में गगनयान मिशन के लिए एकीकृत मुख्य पैराशूट एयरड्रॉप परीक्षण-आईएमएटी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट के ड्रॉप ज़ोन में आयोजित किया गया था। इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी पहले मानवरहित गगनयान जी-1 मिशन के लिए पैराशूट प्रणाली को परखना था। परीक्षण के दौरान मुख्य पैराशूट पर अधिकतम संभावित भार डाला गया, ताकि उसकी संरचनात्मक अखंडता और डिज़ाइन क्षमता की सटीकता को जांचा जा सके। अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है।

### हवाईअड्डे पर हुआ रेड कार्पेट वेलकम, होटल में भारतीयों में दिखा गजब का उत्साह

# अपनी विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव ऑस्ट्रेलिया पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंच गए हैं। जहां हवाईअड्डे पर उन्हें ऑस्ट्रेलियाई सैन्य बलों की मौजूदगी में रेड कार्पेट वेलकम किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर वहां पहले से ही बड़ी तादाद में पीएम के इंतजार में खड़े भारतीयों ने उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया। सभी अपने हाथों में तिरंगा लिए हुए थे और बस प्रधानमंत्री की एक झलक पाने और उनसे किसी भी तरह से मिलने के लिए उत्सुक नजर आए। पीएम ने भी सभी के साथ हाथ मिलाकर गर्मजोशी से भरे इस अभिवादन को स्वीकार किया। यह जानकारी पीएम ने एक्स पर अपनी कुछ पोस्ट के जरिए दी है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की यह ऑस्ट्रेलिया यात्रा 8 से 10 जुलाई तक चलेगी और इसके बाद वह न्यूजीलैंड रवाना हो जाएंगे।



### गर्मजोशी भरा स्वागत, अविस्मरणीय

एक पोस्ट में पीएम मोदी ने बताया कि मेलबर्न का मौसम ठंडा हो सकता है। लेकिन यहां रहने वाले भारतीय समुदाय के स्वागत की गर्मजोशी अविस्मरणीय थी। सभी का स्नेह और देश के साथ उनका अटूट बंधन वर्तमान में भी अपार आनंद और गर्व का स्रोत बना हुआ है।

### साझेदारी में होगा नई ऊर्जा का संचार

उन्होंने मेलबर्न पहुंचने के साथ आस्ट्रेलिया यात्रा की शुरुआत होने का ऐलान किया और कहा कि मेरी यह यात्रा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूद व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी। मैं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ वार्ता की प्रतीक्षा कर रहा हूं। साथ ही मुझे प्रवासी भारतीय समुदाय से मुलाकात करने का भी मौका मिलेगा। भारत के यह सभी लोग हमारी साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

### देखा डिडजिरीदू-तबला का शानदार प्रदर्शन

भारतीयों से होटल में हुई मुलाकात से इतर प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया के प्राचीन डिडजिरीदू का भारत के तबला के साथ दी गई एक शानदार संगीतमय प्रस्तुति के साक्षी बने। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि इन दोनों कालातीत वाद्य यंत्रों के बीच सामंजस्य ने हमारे दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव को खूबसूरती के साथ प्रतिबिंबित किया है। दोनों देशों की संगीत परंपराओं को संरक्षित करने और एकजुटता से उनका प्रदर्शन करने के लिए प्रदर्शित किए गए समर्पण भाव को लेकर पीएम ने रॉन मरे और डॉ.सैम इवांस को बधाई दी।

## दिल्ली समेत 9 राज्यों में एनआईए की छापेमारी, कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने ऑनलाइन टेरर रेडिकलाइजेशन (आतंकवादी विचारधारा की ओर झुकाव) के एक मामले के सिलसिले में बुधवार को नौ राज्यों की 20 जगहों पर छापेमारी की। इसका मकसद आईएसआईएस और अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टीनेंट (एक्यूआईएस) जैसे आतंकवादी संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देकर और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ हिंसक 'जिहाद' छेड़कर भारत में इस्लामिक स्टेट बनाना था। एजेंसी ने इस मामले की जांच के तहत जिन 20 जगहों पर तलाशी ली, उनमें यूपी में 5, आंध्र प्रदेश में 4, महाराष्ट्र में 3, दिल्ली में 2 और बिहार, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में एक-एक जगह शामिल है।

जब घुटना, कंधा या कमर दर्द सताए तो आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट ही अपनाएं
'डा. ऑर्थो' आज ही ले आएं
घुटना दर्द | कंधा दर्द | कमर दर्द | कलाई दर्द


Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
अब दर्द भी घुटने टेकेगा... 8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109